

- डॉलर की मजबूती से पस्त हुए चांदी सोना, 4 प्रतिशत तक गिरे दाम - 12



- एलपीजी संकट के कारण केरल में 40 प्रतिशत रेस्टोरेंट बंद - 12



- पूर्वोत्तर में स्थायी शांति ले आई भाजपा कांग्रेस ने स्वार्थी हितों को ऊपर रखा - 13



- मसूरी में क्रिकेटर कुलदीप यादव की हल्दी की रस्म पूरी - 14


आज का मौसम
$36.0^0$ अधिकतम तापमान
$21.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.19
सूर्यास्त 06.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

- लखनऊ - बरेली - कानपुर - मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी उपरांत 08:11 एकादशी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 14 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 202, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये




लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का लोकार्पण करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

## ग्रीन कॉरिडोर के बाद अब मेट्रो ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर : योगी

- राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने 1,519 करोड़ की ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का किया लोकार्पण
- फेज-2 का उद्घाटन, फेज-3 व 4 का शिलान्यास, योगी ने कहा- मजबूत होगी कनेक्टिविटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी लखनऊ को आधुनिक कनेक्टिविटी और तेज यातायात व्यवस्था की बड़ी सौगात देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को 1,519 करोड़ रुपये की लागत से बने ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का लोकार्पण किया। साथ ही परियोजना के तीसरे और चौथे चरण का शिलान्यास भी किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि ग्रीन कॉरिडोर के बाद अब लखनऊ में मेट्रो ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को भी मंजूरी मिल गई है, जिससे शहर की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी।

झूलेलाल वाटिका में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ तेजी से आधुनिक राजधानी के रूप में विकसित हो रहा है और अब यह वास्तव में मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं की पहचान को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की राजधानी ऐसी होनी चाहिए जहां नागरिकों का जीवन सुगम हो और लोग कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना करीब 28 किमी लंबी है। इस परियोजना के पूरा होने से जिन मार्गों पर पहले 45 मिनट से एक घंटे तक का समय लगता था, अब वही दूरी मात्र 10 से 15 मिनट में तय की जा सकेगी। इससे शहर में जाम की समस्या भी काफी हद तक कम होगी। योगी ने बताया कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने अलग से बजट नहीं दिया। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर की सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कर उसका उपयोग करते हुए करीब 1,519 करोड़ रुपये की लागत से यह परियोजना तैयार की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ केवल इंफ्रास्ट्रक्चर में ही नहीं, बल्कि रक्षा उत्पादन, टेक्नोलॉजी और निवेश के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना सहित कई रक्षा परियोजनाओं से प्रदेश के युवाओं को नए रोजगार अवसर मिल रहे हैं। कहा कि राज्य सरकार लखनऊ को स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य कर रही है।

### विकास के लिए जमीन तैयार करता है बुलडोजर : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लोग योगी को बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं, लेकिन बुलडोजर केवल तोड़ने का काम नहीं करता बल्कि विकास के लिए जमीन भी तैयार करता है। माफियाओं से मुक्त कराई गई जमीन पर विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिससे नई परियोजनाओं को गति मिली है। लखनऊ अब केवल इंफ्रास्ट्रक्चर में ही नहीं, बल्कि रक्षा उत्पादन और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर की खास बातें

- चारबाग से वसंतकुंज तक 11.165 किमी लंबा प्रस्तावित कॉरिडोर
- कुल परियोजना लागत 5,801.05 करोड़ रुपये
- 2,883 .93 करोड़ का बाह्य ऋण न्यू डेवलपमेंट बैंक से मंजूर
- पहली बार मेट्रो परियोजना के लिए एनडीबी से ऋण लेगा यूपीएमआरसी
- कॉरिडोर में 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन बनेंगे
- चारबाग पर मौजूदा नार्थ–साउथ मेट्रो लाइन से इंटरचेंज सुविधा

## ब्रीफ न्यूज

### इंडिगो 14 मार्च से घरेलू अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क वसूलेगी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण विमान ईंधन की कीमतों में आए तेज उछाल के बीच इंडिगो ने शुक्रवार को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 14 मार्च से 425–2,300 रुपये तक ईंधन शुल्क वसूलने की घोषणा की। इंडिगो के इस कदम से हवाई किराये में बढ़ोतरी हो जाएगी। एयरलाइन ने कहा कि घरेलू उड़ानों और भारतीय उपमहाद्वीप के भीतर ईंधन शुल्क 425 रुपये होगा, जबकि पश्चिम एशिया की तरफ जाने वाली उड़ानों के लिए यह शुल्क 900 रुपये होगा। दक्षिण–पूर्व एशिया और चीन, अफ्रीका और प. एशिया की उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क 1,800 होगा जबकि यूरोप की उड़ानों के लिए ईंधन शुल्क 2,300 रुपये होगा।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी के बेटे से पूछताछ की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को 228 करोड़ रुपये के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से पूछताछ की। जय अनमोल अंबानी को शनिवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में उनसे पूछताछ की, जिसमें उन पर रिलायंस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व सीईओ तथा पूर्व पूर्णकालिक निदेशक रवींद्र सुधाकर समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# भारत को मिली बड़ी राहत, ईरान होर्मुज में जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने को तैयार

## फंसे भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों में से एक रवाना, ओमान में दो भारतीयों की मौत

- विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष से बात की
- ईरान के हमले से अमेरिकी विमान क्रैश, छह सदस्यों की मौत

नई दिल्ली/दुबई, एजेंसी

भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान फतहाली ने कहा, आप जल्द ऐसा होते देखेंगे। इसी बीच होर्मुज में फंसे भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों में से एक जहाज सुरक्षित रूप से रवाना हो गया।

जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ओमान से अफ्रीका के लिए गैसोलीन ले जा रहा भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर 'जग प्रकाश' होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व से रवाना हो गया है। वहीं, ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ। शुक्रवार को ईरान की राजधानी तेहरान में एक चौक पर शुक्रवार को भीषण विस्फोट हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग फिलिस्तीनियों के समर्थन में तथा इजराइल के खात्मे के आह्वान पर सरकार द्वारा आयोजित वार्षिक कुद्स दिवस पर इकट्ठा हुए थे। इससे पहले इजराइल ने चेतावनी दी थी कि वह मध्य तेहरान के इस इलाके को निशाना बनाएगा।

वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार रात टेलीफोन पर अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की। दोनों नेताओं के बीच यह चौथी बातचीत है, जो ऐसे समय हुई है जब भारत होर्मुज के दोनों ओर खड़े 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने के प्रयासों को तेज कर रहा है। वहीं ईरान के हमले में अमेरिकी सेना का ईंधन भरने वाला विमान क्रैश हो गया। जिसमें सभी छह वायुसैनिकों की मौत हो गई है। सेना ने कहा कि घटना की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। ईरान ने खाड़ी देशों पर शुक्रवार तड़के कई हमले किए, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे बड़े जवाबी हमले की चेतावनी दी।



तेहरान में हुए हमले के बाद मलबे में फंसे जीवित लोगों की तलाश करते बचावकर्मी।

### अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- मोजतबा खामेनेई घायल, उनका शरीर विकृत

**दुबई।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई घायल हैं और संभवत: उनका शरीर विकृत हो गया है। हेगसेथ का यह बयान ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के उस बयान के एक दिन बाद शुक्रवार को आया, जिसमें उन्होंने एक लिखित बयान जारी करके युद्ध जारी रखने का संकल्प लिया था।

### मोजतबा को नहीं बख्शेंगे : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के नव निर्वाचित सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा, मैं किसी भी आतंकी संगठन के नेता को नहीं बख्शूंगा। ईरान में सत्ता को उखाड़ फेंकने के विषय पर इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ईरान के लोगों के लिए ऐसी परिस्थितियां बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं जिससे कि वे अत्याचारी शासन को उखाड़ फेंक सकें।

### अन्य देशों को रूसी तेल खरीद की छूट

**वॉशिंगटन।** तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन ने अन्य देशों को इस समय समुद्र में फंसे रूसी तेल की खरीद की अस्थायी अनुमति दिए जाने की घोषणा की है। ईरान के खिलाफ अमेरिका एवं इजराइल के युद्ध के जल्द समाप्त होने के तत्काल कोई संकेत नहीं मिलने के बीच यह घोषणा की गई है। अमेरिका ने इससे पहले भारत को इसी तरह की छूट दी थी ताकि वह रूसी तेल खरीद सके।

## रसोई गैस पर हंगामा, कार्यवाही 3 बार स्थगित, सीईसी के खिलाफ नोटिस



- सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष से आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द करने का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पक्षपात व भेदभाव करने सहित अन्य आरोपों को लेकर पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस संसद के दोनों सदनों में सौंप दिए। सूत्रों ने कहा, हस्ताक्षरकर्ताओं में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के सदस्य शामिल हैं।

वहीं, रसोई गैस की किल्लत को लेकर हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को तीन बार स्थगित करनी पड़ी। ईरान युद्ध के कारण देश में रसोई गैस की हो रही किल्लत को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही पहली बार पूर्वाह्न 11 बजे स्थगित की गई। सदन के दोपहर 12 बजे समवेत होते ही विपक्षी सदस्य फिर हंगामा करने लगे जिस पर कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। अपराह्न दो बजे कार्यवाही फिर शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने इसी मुद्दे पर फिर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 की अतिरिक्त अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब दिया। इसके बाद अतिरिक्त अनुदान मांगे पारित की गयीं और इससे जुड़ा विनियोग विधेयक 2026 भी पारित किया। इसके बाद भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा, जिस पर पीठासीन कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्रवाई के दौरान विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष से आग्रह किया है कि आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द किया जाए।

### आर्थिक स्थिरीकरण कोष की मदद से वैश्विक चुनौतियों से निपटेगी सरकार : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक स्थिरीकरण कोष (इकोनॉमिक स्टेबिलाइजेशन फंड) सरकारी योजनाओं को पटरी से उतारे बिना पश्चिम एशिया संकट जैसी स्थिति में देश को आर्थिक झटकों को सहन करने में मदद करेगा। वित्त वर्ष 2025–26 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे बैच पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह कोष पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट जैसी आकस्मिक वैश्विक चुनौतियों से लगने वाले झटकों को झेलने के लिए एक 'बफर' के तौर पर काम करेगा। वित्त मंत्री ने देश में एलपीजी की कथित कमी को लेकर सदन में शोरगुल कर रहे विपक्षी सदस्यों पर प्रहार करते हुए कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब मैं अप्रत्याशित वैश्विक स्थिति, आपूर्ति श्रृंखला और एलपीजी (संकट) पर बात कर रही हूं तो वे जवाब सुनने को तैयार नहीं हैं। इसके बजाय वे अपना एजेंडा चला रहे हैं। विपक्ष आसन के करीब आकर हंगामा कर रहा है, यह देश का दुर्भाग्य है।

## फर्जी कॉल सेंटर बनाकर अमेरिकियों से ठगी करने वाले 6 लोग गिरफ्तार

- नोएडा पुलिस ने की कार्रवाई, ओटीटी प्लेटफार्म बेचने के नाम पर करोड़ों ठगे

**नोएडा।** अमेरिकियों समेत कई विदेशी नागरिकों को ओटीटी प्लेटफॉर्म बेचने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नोएडा पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त शैव्या गोयल ने बताया कि पुलिस की एक टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात को सेक्टर-2 में छापा मारा और मौके से मोहसिन खान, नौशाद, सुनील, मोहम्मद शमी, सेफ राजा और इरफान को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये लोग सी-66 सेक्टर-2 में एक अवैध रूप से कॉल सेंटर चला रहे थे तथा उसके माध्यम से अमेरिका एवं अन्य देशों के नागरिकों को अमेजन प्राइम, हॉटस्टार, नेटफ्लिक्स जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म बेचने के नाम पर उनसे करोड़ों ठगते थे। गोयल ने बताया कि इस गिरोह का सरगना मोहसिन खान है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनके पास से पांच सीपीयू, एक लैपटॉप बरामद किया है।

## सरकार की एलपीजी जमाखोरों को चेतावनी, 60 लाख परिवारों से पीएनजी अपनाने का आग्रह



- पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता ने कहा एलपीजी उत्पादन 30% बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरों के लिए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और गैस सिलेंडर के लिए घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है। इसके साथ ही सरकार ने पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) नेटवर्क के करीब रहने वाले लगभग 60 लाख परिवारों से इस सुविधा को अपनाने का अनुरोध किया है।

सरकार ने जमाखोरों व कालाबाजारी करने वालों को चेतावनी दी है कि अगर वे पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण पैदा हुए संकट का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पांच मार्च से अब तक घरेलू एलपीजी उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है।

## अब वेतन पर आधारित होगा एच-1बी वीजा, सैलरी के आधार पर होगा चयन

- अमेरिका ने 1 अप्रैल से नया फार्म आई-129 लागू किया

**न्यूयार्क।** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब लाभार्थियों का चयन रैंडम के बजाय वेतन के आधार पर होगा। इसके लिए अमेरिका ने फॉर्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा।

कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी। इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। जिस पद का वेतन स्तर जितना ऊंचा होगा, चयन प्रक्रिया में उसे उतने अधिक मौके मिलेंगे। मसलन, लेवल-4 के उम्मीदवार को चार मौके मिलेंगे, जबकि लेवल-1 को सिर्फ एक मौका मिलेगा। फॉर्म आई-129 का उपयोग अस्थायी कामगारों को अमेरिका बुलाने के लिए किया जाता है। अमेरिका का श्रम विभाग हर पेशे और शहर के लिए एक मानक वेतन तय करता है। उसी के आधार पर नौकरी को लेवल-1 से लेवल-4 में रखा जाता है।




## सेंसेक्स 1470, निफ्टी 488 अंक टूटा दो सप्ताह में 33.68 लाख करोड़ डूबे

- लगातार बिकवाली से 27 फरवरी से अब तक कुल 6,723.27 अंक टूट चुका सेंसेक्स

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,470 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी को 488 अंकों का नुकसान हुआ। पिछले दो हफ्तों में निवेशकों की संपत्ति 33.68 लाख करोड़ रुपये घट गई।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली, विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और रुपये की कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,470.50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,563.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,579.82 अंक यानी दो प्रतिशत गिरकर 74,454.60 अंक पर आ गया था। इसी तरह, निफ्टी 488.05 अंक यानी 2.06 प्रतिशत फिसलकर 23,151.10 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,348 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि 941 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए और 132 अन्य शेयरों के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

साप्ताहिक आधार पर देखें तो बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते कुल 4,354.98 अंक यानी 5.51 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि निफ्टी 1,299.35 अंक यानी 5.31 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सेंसेक्स 27 फरवरी से अब तक कुल 6,723.27 अंक यानी 8.27 प्रतिशत टूट चुका है।




सुप्रीम टिप्पणी

शीर्ष कोर्ट ने देश में मासिक धर्म अवकाश नीति लागू करने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

## पीरियड लीव दी तो महिलाओं को कोई नौकरी नहीं देगा

- अगर ऐसा किया तो महिलाओं का करियर खत्म हो जाएगा : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने कामकाजी महिलाओं को सवेतन मासिक धर्म अवकाश देने संबंधी राष्ट्रव्यापी नीति निर्माण का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। कहा कि ऐसी स्थिति में कोई महिलाओं को नौकरी नहीं देगा। ऐसा प्रावधान लैंगिक रूढ़ियों को अनजाने में और मजबूत करेगा।

शीर्ष अदालत ने हालांकि कहा कि सक्षम प्राधिकारी इस संबंध में दिए गए अभ्यावेदन पर विचार कर सकते हैं और सभी संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद मासिक धर्म अवकाश पर नीति बनाने की संभावना की समीक्षा कर सकते हैं। कोर्ट ने जनहित याचिका का निपटारा करते हुए प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अभ्यावेदन पर उचित निर्णय लें। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, ऐसी याचिकाएं डर पैदा करने के लिए दायर की जाती हैं, ये महिलाओं को हीन बताने के लिए, यह कहने के लिए दायर की जाती हैं कि मासिक धर्म उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे सवेतन अवकाश देना होगा। पीठ ने शैलेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। सीजेआई ने मासिक धर्म अवकाश को कानून के जरिए अनिवार्य किए जाने के संभावित सामाजिक परिणामों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी याचिकाएं महिलाओं के बारे में रूढ़ीवादी धारणाओं को अनजाने में और मजबूत कर सकती हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने कहा कि कुछ राज्यों और संस्थानों ने मासिक धर्म अवकाश के अनुरूप पहले ही कदम उठाए हैं।

उन्होंने केरल का उदाहरण दिया, जहां विद्यालयों में इस संबंध में छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि कई निजी कंपनियों ने भी कर्मचारियों को स्वेच्छा से इस प्रकार का अवकाश दिया है। सीजआई ने कहा कि स्वैच्छिक नीतियां स्वागतयोग्य हैं लेकिन उन्होंने ऐसे प्रावधानों को कानून के जरिये अनिवार्य बनाए जाने के प्रति आगाह किया।



### स्वेच्छा से अवकाश दिया जाना बहुत अच्छी बात

उन्होंने कहा, स्वेच्छा से अवकाश दिया जाना बहुत अच्छी बात है लेकिन जैसे ही आप कहेंगे कि यह कानून के तहत अनिवार्य है तो कोई उन्हें नौकरी नहीं देगा। उन्हें न्यायपालिका या सरकारी नौकरियों में कोई नहीं लेगा<bha>;</bha> उनका करियर खत्म हो जाएगा। पीठ ने ऐसी व्यवस्थाओं के कार्यस्थल पर प्रभाव और महिलाओं की पेशेवर प्रगति पर पड़ने वाले संभावित असर को भी रेखांकित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता की दलीलों पर गौर करते हुए कहा कि याचिका दायर करने वाला व्यक्ति संबंधित प्राधिकारियों को पहले ही अभ्यावेदन दे चुका है।

न्यूज ब्रीफ

### किसान सम्मान निधि जारी, मुख्यमंत्री योगी ने जताया आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी से शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4335.11 करोड़ रुपये सीधे ट्रांसफर किए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में यूपी देश का सबसे बड़ा लाभार्थी राज्य बना हुआ है। 22वीं किस्त से पहले तक प्रदेश के किसानों को 21 किस्तों में 94,668.58 करोड़ रुपये की सहायता मिल चुकी है। नई किस्त जुड़ने के बाद यह राशि बढ़कर 99,003.69 करोड़ रुपये हो गई है। देश के कुल लाभार्थियों में करीब 23 प्रतिशत किसान उत्तर प्रदेश से हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने इसे किसानों की आय बढ़ाने और खेती को नई शक्ति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### मोदी की जनसभा का यूपी के तीन शहरों में होगा सीधा प्रसारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोलकाता में होने वाली विशाल जनसभा का शनिवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ, वाराणसी और नोएडा में भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। इन शहरों में बंगाली समाज के प्रतिनिधियों के साथ भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी लखनऊ स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में बंगाली समाज के प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री की जनसभा के लाइव प्रसारण में शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा के महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि लखनऊ में प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### बायर-सेलर मीट से आलू किसानों को मिलेगा बाजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि आलू किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न राज्यों में बायर-सेलर मीट आयोजित कर रही है। उद्यान मंत्री शुक्रवार को मुरादाबाद के सर्किट हाउस में एक दिवसीय आलू क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आलू उत्पादन के मुकाबले शीतगृहों में पर्याप्त भंडारण क्षमता उपलब्ध है और किसी भी किसान को भंडारण की समस्या नहीं होगी। कार्यक्रम के अंत में 20 प्रगतिशील किसानों, शीतगृह स्वामियों और व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### आवासीय सौर ऊर्जा में गाजियाबाद बना मॉडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** औरैया के बाद गाजियाबाद जिला ने भी महत्वपूर्ण पहल करते हुए नए आवासीय भवनों के नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस पहल का उद्देश्य बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करना है। प्रस्ताव के अनुसार नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतें अपने-अपने बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकती हैं। नक्शा स्वीकृति के बाद भवन निर्माण में सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली लगाना अनिवार्य होगा।

# नरेंद्र मोदी अब भारत के प्रधानमंत्री नहीं, अमेरिका के गुलाम : राहुल गांधी

## भाजपा पर साधा निशाना, बसपा और सपा का नहीं लिया नाम, बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने का प्रस्ताव किया गया पास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचार:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा और प्रधानमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि मोदी अडानी और एपस्टीन फाइल के कारण अब नरेन्द्र मोदी हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं रहे। वह अब अमेरिका के गुलाम हो गए हैं। मैं अब उन्हें छोड़ने वाला नहीं हूं। कंप्रोमाइज के चलते साइक्लोजीकल तौर पर मोदी खत्म हो गए हैं। इस दौरान बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न देने का भी प्रस्ताव पास किया गया।

राहुल गांधी शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा पहली बार इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बसपा संस्थापक

- **कांग्रेस पार्टी ने कांशीराम की जयंती को सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाया**

कांशीराम की जयंती के मौके पर आयोजित सामाजिक परिवर्तन दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने 33 मिनट के धाराप्रवाह भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर अमेरिका के साथ कंप्रोमाइज किया है। इसके कारण देश गैस और पेट्रोल के संकट से जूझ रहा है। कृषि डील भी किसानों के हितों पर प्रहार है। मोदी मंत्रिमंडल में मंत्री हरिदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में है। उनकी बेटी के खाते में अमेरिका के जार्ज सोरोस का धन आया है।

उन्होंने संविधान की किताब हाथ में लेकर कहा कि इसमें देश के गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आवाज है। सावरकर और नाथूराम गोडसे की आवाज इस संविधान में नहीं है। इसलिए देश की सभी संस्थाओं में 85 फीसदी दलित और पिछड़े की बजाय महज 15 फीसदी लोग उच्च पदों पर बैठे हैं। खास बात यह रही कि राहुल गांधी ने जहां भाजपा पर जमकर हमला बोला, वहीं बसपा और सपा का एक भी बार नाम नहीं लिया।



कांशीराम जयंती को लेकर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रति दिखाकर लोगों को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी। अमृत विचार

### कांग्रेस पार्टी अपना काम सही से करती तो कांशीराम सफल नहीं होते

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अपनी ही पार्टी की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने बसपा संस्थापक कांशीराम जयंती समारोह में कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी ने अपना काम सही से किया होता तो कांशीराम सफल नहीं होते। वहीं दूसरी ओर यदि पंडित जवाहर लाल नेहरू जिंदा होते तो कांशीराम कांग्रेस के चीफ मिनिस्टर होते। राहुल गांधी जिंदाबाद करने से कुछ नहीं होगा। उन्हें 100 समर्पित लोग चाहिए, जोकि हर संघर्ष में उनका साथ दे सकें। उन्होंने जयंती समारोह में कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब है, इसलिए खाते सीज होने के बाद भी चुनाव लड़ा गया। जबकि भाजपा अमीर पार्टी है, इसलिए उनका पूरा धन अडानी के यहां लगा हुआ है। अमेरिका ने जो अडानी पर केस किया है, वह अडानी पर नहीं, देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ है। कोलंबिया में पढ़ाई करने के बाद भारत आए डॉ. बीआर आम्बेडकर और कांशीराम ने जीवन में कोई समझौता नहीं किया। यदि वह समझौता कर लेते तो आज मंच पर उनके फोटो नहीं लगे होते।

### पार्टी गरीब हो गई, नेता अरबपति हो गए : गौतम

कांशीराम जयंती समारोह में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि पिछले दिनों पूरे देश में घूमा तो चौंकाने वाली बात सामने आई। कांग्रेस पार्टी जहां गरीब हो गई, वहीं पार्टी के कई नेता अरबपति हो गए। नेताओं को जमीन पर काम करना होगा, कुबार्नी देनी होगी। इस दौरान कांशीराम के संघर्ष के दिनों के साथी रहे केके गौतम, लालमणि प्रसाद के अलावा पूर्व जस्टिस वीरेन्द्र यादव, पूर्व आईपीएस वीपी अशोक, नसीम अंसारी व सांसद राकेश राठौर ने भी संबोधित करते हुए दलित व पिछड़ों के लिए कांशीराम को योगदान को याद किया।

# योगी सरकार ने लखनऊ को बनाया विश्वस्तरीय शहर : राजनाथ सिंह

## कहा, बुलडोजर केवल तोड़ता नहीं, विकास के लिए जमीन भी तैयार करता है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लखनऊ तेजी से विश्वस्तरीय शहर के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास अब केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों के जीवन में दिखाई दे रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आईआईएम रोड से आउटर रिंग रोड तक लगभग 28 किलोमीटर लंबे ग्रीन कॉरिडोर से करीब 15 लाख लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और शहर में जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के निर्माण के दौरान पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया और रास्ते में आने वाले 150 से अधिक पेड़ों को काटने के बजाय दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस परियोजना में सेना की जमीन का भी उपयोग हुआ है और सिविल व रक्षा संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय से इसे पूरा किया गया।



लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण के लोकार्पण के अवसर पर मंच से लोगों का अभिवादन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य। अमृत विचार

### निर्माण कार्य में लगे कर्मियों पर पुष्प वर्षा कर किया पुरस्कृत

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माण कार्य में लगे कर्मियों पर पुष्प वर्षा की और उन्हें पुरस्कृत भी किया। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने इन कर्मियों के साथ ग्रुप फोटो भी कराया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, संजय सेठ, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### तीसरे और चौथे चरण की 1,220 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

लखनऊ के नागरिकों के लिए यातायात को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। डालीगंज पक्का पुल से समतामूलक चौराहे तक लगभग 7 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 299 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जो ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का हिस्सा है। इसके साथ ही ग्रीन कॉरिडोर के तीसरे और चौथे चरण की लगभग 1,220 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया है। आने वाले समय में आईआईएम रोड से पक्का पुल (डालीगंज) व समतामूलक चौराहा होते हुए पिपराघाट, शहीद पथ और आगे किसान पथ तक करीब 28 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर तैयार होगा।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बनेगा अत्याधुनिक एमआरओ हब

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश को देश के प्रमुख एविएशन और इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और देश की तेजी से उभरती एयरलाइन आकासा एयर के बीच रणनीतिक साझेदारी हुई है। इसके तहत एयरपोर्ट परिसर में मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (एमआरओ) की अत्याधुनिक सुविधा स्थापित की जाएगी। यह एमआरओ केंद्र विमान रखरखाव, मरम्मत और तकनीकी सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा।

# बरेली को सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में पहला स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **फरवरी की रैंकिंग में शाहजहांपुर दूसरे, मैनपुरी तीसरे स्थान पर**

**अमृत विचार:** प्रदेश में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत करने के लिए लागू मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की फरवरी रैंकिंग में बरेली जिले ने पहला स्थान हासिल किया है। जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और बेहतर फीडबैक के आधार पर बरेली ने 10 में से 9.65 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान पाया।

फरवरी रैंकिंग में शाहजहांपुर ने 9.53 अंक के साथ दूसरा और मैनपुरी ने 9.50 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। रैंकिंग में अन्य जिलों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। लखीमपुर खीरी ने 9.46 अंक के साथ चौथा, जालौन ने 9.45 अंक के साथ पांचवां और रामपुर ने 9.39 अंक के साथ छठा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा हमीरपुर सातवें, बाराबंकी आठवें, पीलीभीत नौवें और श्रावस्ती दसवें स्थान पर रहे।

# सभी ग्राम पंचायतों और जिला मुख्यालयों के बीच चलेंगी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश की सभी 59,163 ग्राम पंचायतों को परिवहन सेवाओं से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीण जनता को विकास खंड, तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी और सुरक्षित पहुंच मिल सके। निजी क्षेत्र के बस संचालकों के माध्यम से उन मार्गों पर भी सेवाएं शुरू की जाएंगी, जहां परिवहन निगम की बसें कम संचालित होती हैं।

योजना भवन स्थित एनआईसी सेंटर में परिवहन मंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम से अधिकारियों

- **मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 लागू करने का निर्णय : दयाशंकर सिंह**



के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 लागू करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना के तहत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए।

मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि परिवहन विभाग कि मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 66(1) के तहत इस योजना के अंतर्गत संचालित होने वाले वाहनों को अधिसूचना के अनुसार परमिट की अनिवार्यता से छूट दी गई है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवाओं को तेजी से शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 15 से 28 सीट क्षमता वाले डीजल, सीएनजी या इलेक्ट्रिक वाहन संचालित किए जाएंगे। बैठक में अपर मुख्य सचिव परिवहन अर्चना अग्रवाल, परिवहन निगम के एमडी प्रभु एन सिंह, परिवहन आयुक्त किंजल सिंह, विशेष सचिव परिवहन केपी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ, झांसी और वाराणसी में लगेंगे वृहद रोजगार मेले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें कौशल के आधार पर आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उप्र. कौशल विकास मिशन द्वारा मार्च माह में प्रदेश के तीन प्रमुख शहर लखनऊ, झांसी और वाराणसी में वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। इन मेलों के माध्यम से युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

कौशल विकास मिशन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, 18 मार्च को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रोजगार मेला आयोजित होगा। इस मेले में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या और बरेली मंडल के अभ्यर्थियों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके बाद 24 मार्च को झांसी के बुंदेलखंड महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें झांसी, चित्रकूट और आगरा मंडल के युवा शामिल होंगे। वहीं 25 मार्च को वाराणसी स्थित राजकीय आईटीआई करौंदी परिसर में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें वाराणसी, मिर्जापुर और प्रयागराज मंडल के अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# सात आईएएस अफसरों के तबादले, नीना शर्मा बनीं प्रमुख सचिव सार्वजनिक उद्यम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने सात आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। नीना शर्मा को प्रमुख सचिव/महानिदेशक, सार्वजनिक उद्यम विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजय कुमार को निदेशक, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी बनाया गया है।

प्रकाश बिंदु को लोक निर्माण विभाग से हटाकर सचिव, गृह विभाग बनाया गया है, जबकि प्रतिक्षारत डॉ. लोकेश एम. को सचिव, लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। महेंद्र प्रसाद को विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय विभाग बनाया गया है। रघुबीर को विशेष सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में तैनाती दी गई है। वहीं अखिलेश कुमार को वर्तमान पद के साथ विशेष सचिव, धार्मिक कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### चार पीसीएस अधिकारी इधर से उधर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने चार पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। जारी आदेश के अनुसार झांसी में तैनात उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह-2 को गोंडा का उप जिलाधिकारी बनाया गया है।

मथुरा के अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुरेंद्र कुमार को अपर आयुक्त, कानपुर मंडल पद पर भेजा गया है। जालौन के उप जिलाधिकारी वेद प्रिय आर्य को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), मथुरा बनाया गया है। वहीं बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण, झांसी में विशेष कार्याधिकारी गुलाब सिंह को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), कुशीनगर के पद पर तैनाती दी गई है।

# खाद्य प्रसंस्करण की 14 नई इकाइयों के प्रस्ताव मंजूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत दी जा रही सुविधाओं और अनुदानों के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि प्रदेश में नए उद्योग स्थापित हो सकें।

खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, में अप्रेजल समिति की बैठक में अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा की। बैठक में कुल 19 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 14 प्रस्तावों को स्वीकृति के लिए राज्य स्तरीय समिति (एसएलईसी) के समक्ष भेजने की संस्तुति की गई। ये प्रस्ताव वाराणसी, मेरठ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, कौशांबी, अयोध्या और रामपुर समेत विभिन्न जिलों से प्राप्त हुए हैं।

बैठक में यह भी तय किया गया कि इन इकाइयों को कच्चा माल स्थानीय किसानों और पशुपालकों से उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

शिकंजा

**विशेष अभियान में गोकशी के 14,182 मुकदमे दर्ज, संगठित नेटवर्क पर कड़ा प्रहार**

# गोहत्या-तस्करी के 35,924 आरोपी गए जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में गोहत्या और गोतस्करी के खिलाफ यूपी सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक गोकशी के 14,182 मामले दर्ज किए गए हैं और 35,924 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

सरकार ने इस अपराध को रोकने के लिए वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अध्यादेश-2020 लागू कर कानून को और कड़ा बनाया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर

- **13,793 पर गुंडा एक्ट, 178 पर एनएसए व 14,305 मामलों में गैंगस्टर की कार्रवाई**

गोकशी से जुड़े संगठित नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई की है। सरकार का मानना है कि गोवंश की सुरक्षा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा मुद्दा है। इसी कारण गोकशी और गोतस्करी से जुड़े मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

गोकशी के मामलों में गिरफ्तार 35,924 आरोपियों में से 13,793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, जबकि 178 आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया। इसके अलावा 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर संगठित गिरोहों की कमर तोड़ने की कोशिश की गई है। गोकशी और गोतस्करी पर नियंत्रण के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गई हैं। इन टीमों द्वारा खुफिया निगरानी, जिलास्तरीय टास्क फोर्स और सीमावर्ती जिलों में विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्रवाई की जा रही है। कई संवेदनशील जिलों में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई गई है और पशु परिवहन से जुड़े मामलों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा अवैध बूचड़खानों के खिलाफ भी लगातार अभियान चलाया गया है, जिससे प्रदेश में अवैध पशु वध से जुड़े मामलों में कमी आने का दावा किया जा रहा है।

### 83 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

सरकार ने अपराधियों के आर्थिक नेटवर्क को भी निशाने पर लिया है। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक करीब 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। इसमें अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियां भी शामिल हैं।

### गैस किल्लत पर सपा ने सरकार को घेरा

**अमृत विचार,लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर भाजपा वाले कह रहे हैं कि 'गैस' की कोई कमी नहीं है तो उनके मंत्री, सांसद, विधायक, पार्षद और करोड़ों कार्यकर्ता और उनके संगी-साथी अंडरग्राउंड क्यों हो गये हैं। वो भूमिगत ठिकानों से निकलें और जनता के बीच जाकर गैस एजेंसियों से गैस दिलवाएं। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि पब्लिक की भीड़ से बचने के लिए भाजपा नेताओं ने गाड़ी से झंडे उतार दिए हैं। जनता भाजपाइयों के घरों का घेराव करे या उनके कार्यालयों, प्रतिष्ठानों या फिर उनकी गाड़ियों का। उन्होंने कहा कि सच तो ये है कि किल्लत जितनी बढ़ती है, भाजपा उतना ही उसे नकारने का झूठ बढ़ा देती है।

# मेरठ व बागपत में कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिमी उप्र. में धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मेरठ और बागपत में 56 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के माध्यम से महाभारत सर्किट, जैन सर्किट और ग्रामीण पर्यटन से जुड़े प्रमुख स्थलों का विकास किया जाएगा।


मेरठ में पर्यटन मंत्री ने औघड़नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के

- **महाभारत सर्किट, जैन सर्किट और ग्रामीण पर्यटन से जुड़े प्रमुख स्थलों का होगा विकास**

बाद शहीद स्मारक पहुंचकर पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। यहां लगभग 18.45 करोड़ रुपये की लागत से हस्तिनापुर, परीक्षितगढ़ स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम, मेझा के गोरखधाम सेवा आश्रम, मां ललिता देवी मंदिर और प्राचीन सती देवी मंदिर के विकास से जुड़ी पांच परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

इसके अलावा मेरठ में करीब 11.76 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया गया। इनमें धनसिंह कोतवाल आर्ट गैलरी, नौचंदी मंदिर, सरधना चर्च, 1857 क्रांति से जुड़े स्थलों और शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण के साथ पांडेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य शामिल हैं।

इसके बाद पर्यटन मंत्री बागपत पहुंचे, जहां 26 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया। इनमें पुरा महादेव मंदिर, त्रिलोक तीर्थ धाम और अमर शहीद बाबा शाहमल सिंह के समाधि स्थल के पर्यटन विकास कार्य शामिल हैं।




# मित्रसेनपुर के राजकीय विद्यालय में होगी इंटर तक की पढ़ाई

- उच्चीकरण के लिए 2.88 करोड़ रुपये स्वीकृत, अभी हो रही कक्षा 09 से 10 की पढ़ाई
- कक्षा 11 व 12 में विज्ञान वर्ग के लिए मिली मंजूरी, उपलब्ध जमीन पर बनेगा नया भवन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय से करीब आठ किमी दूर स्थित राजकीय हाईस्कूल मित्रसेनपुर में जल्द ही इंटरमीडिएट की कक्षाएं लगेंगी। कक्षा 11 व 12 के लिए विज्ञान वर्ग के लिए मंजूरी मिल गई है। पहले से उपलब्ध जमीन पर भवन व अन्य सुविधाओं के लिए 2.88 करोड़ रुपये स्वीकृत हो गए हैं।

विकास खंड सदर कन्नौज क्षेत्र के मित्रसेनपुर स्थित राजकीय हाईस्कूल में वर्तमान में कक्षा 09 व 10 की पढ़ाई होती है। अब इसका विस्तार होगा। ग्रामीण इलाकों के बच्चों को इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए अब दूर नहीं जाना होगा। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि शासन ने विद्यालय के उच्चीकरण को 2.88 करोड़ की धनराशि मंजूर की गई है। कहा कि इस धनराशि से विद्यालय के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा जिससे विद्यार्थियों को बेहतर एवं आधुनिक शैक्षिक वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि शासन के निर्देश पर राजकीय हाईस्कूल मित्रसेनपुर के उच्चीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। विद्यालय में भवन निर्माण, कक्षाओं का विस्तार एवं अन्य शैक्षिक सुविधाओं का विकास कराया जाएगा।

प्रधानाध्यापक अशफाक अहमद खान ने बताया कि कक्षाओं के लिए 06 कमरे बनेंगे। रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व जीव विज्ञान विषय के लिए लैब बनेंगी। बालक व बालिका का अलग-अलग शौचालय होगा। साथ ही कंप्यूटर रूम व अन्य गतिविधियों के लिए कक्ष बनाने का प्रस्ताव है।



विकास खंड कन्नौज क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल मित्रसेनपुर का भवन।

# 2.20 लाख किसानों के खातों में भेजी सम्मान निधि

- 22वीं किस्त जारी, विकास भवन सभागार में हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त कुल 02 लाख 20 हजार 68 कृषकों के खातों में भेज दी गई है।

शुक्रवार को विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। अब तक जनपद के किसानों को कुल 44.0136 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से दिया जा चुका है। इस अवसर पर विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस धनराशि से किसान खाद, बीज एवं दवाइयों की व्यवस्था कर अपनी खेती को और अधिक सशक्त बना रहे हैं। डीडी कृषि संतोष कुमार ने बताया कि सम्मान निधि योजना कार्यक्रम में कृषि विभाग ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। 12 लाभार्थी कृषकों को मूंगफली की निःशुल्क किट तथा 09 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### पति-पत्नी को पीट कर किया घायल

**सौरिख।** पुरानी रंजिश के चलते परिवार के लोगों ने ही दंपति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करा जांच शुरू की है।

खदानी क्षेत्र के गांव नगला मुडियन निवासी सुभाष चंद्र दिवाकर पुत्र शिवकुमार ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, 5 मार्च को समय शाम 4 :30 बजे परिवार के अजय कुमार पुत्र अशर्फीलाल व शशि देवी पत्नी अजय कुमार व हिमांशु पुत्र अजय कुमार ने पुरानी रंजिश को मानते हुए गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बचाने आई पत्नी रीना देवी के साथ भी जमकर मारपीट की।

### महिला और उसके परिजनों को पीटा

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुर में दबंगों ने घर के बाहर खड़ी एक महिला और उसे बचाने आए परिजनों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसमें महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। ग्राम प्रेमपुर निवासी किरण देवी पत्नी राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 5 :00 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर अकेली खड़ी थी। तभी पड़ोस के ही कुछ दबंग किस्म के लोग वहां आए और अभद्र व्यवहार करते हुए गंदी-गंदी गालियां देने लगे। जब उसने इसका विरोध किया, तो दबंगों ने उन पर हमला कर दिया और लात-घूंसों व डंडों से जमकर मारपीट की। चीखपुकार सुनकर जब देवर सोनू पुत्र रामचंद्र शर्मा और उसका पुत्र लकी शर्मा बीचबचाव करने पहुंचे, तो दबंगों ने उन्हें भी घेर लिया। हमलावरों ने सोनू और लकी के साथ भी बेरहमी से मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

### महिला आयोग की सदस्य पहुंचीं सौ शैय्या अस्पताल

**छिबरामऊ।** छिबरामऊ के नगला दिलू स्थित सौ शैय्या अस्पताल में महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उन्हें मिल रहे इलाज व भोजन की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने संतोष व्यक्त किया और बताया कि यह उनकी अस्पताल की दूसरी विजिट है। उन्होंने कहा पिछली बार की तुलना में इस बार व्यवस्थाएं काफी बेहतर मिली हैं।

### दुकान तोड़ कर दो लाख का माल चोरी

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के मोहल्ला सफदरगंज निवासी फरहान वारसी पुत्र नसीर अहमद की सुल्तानपीर रोड पर बेल्डिंग की दुकान है। 12 मार्च की रात चोरों ने दुकान तोड़ कर 1.5 क्विंटल लोहा चोरी कर लिया। यही नहीं चोर दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी खोल ले गये। करीब दो लाख का माल चोरी हो गया।

## नहीं लग रहा कस्टमर केयर बुकिंग नंबर, उपभोक्ता हो रहे बेहद परेशान

# सिलेंडर का स्टॉक पूरा होने के दावों के बीच गैस बुकिंग बंद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भले ही जिम्मेदार कह रहे हों कि रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की जनपद में कमी नहीं है और नियमों के तहत वितरण कराया जाएगा, लेकिन हकीकत यह भी है कि कस्टमर केयर के नंबर पर सिलेंडर (रीफिल) बुकिंग के लिए कॉल ही नहीं जा रही है। इससे उपभोक्ता खासे परेशान हैं। मिस कॉल व कॉल कर स्वयं से बुकिंग करने के दोनों ही नंबर काम नहीं कर रहे हैं। इसको लेकर आपके अपने लोकप्रिय अमृत विचार समाचार पत्र ने कई लोगों से बात की, सभी ने यह समस्या बताई।


शहर के चौधरी सराय निवासी सोना मिश्रा ने बताया कि उन्होंने अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से कई बार इंडेन गैस बुकिंग नंबर 7718955555 पर कॉल की लेकिन घंटी नहीं गई। टूं टूं करके नंबर डिस्कनेक्ट हो गया। इससे रसोई गैस सिलेंडर बुक नहीं हो सका। उनको इस समय सिलेंडर की जरूरत है। तिर्वा निवासी विजय कुमार ने बताया कि वह तीन दिन से सिलेंडर बुक कर रहे हैं लेकिन मोबाइल से एक भी नंबर नहीं लग रहा है। जब बुकिंग ही नहीं हो रही है तो तय समय पर भी सिलेंडर नहीं मिलेगा। इसी तरह विकास भवन के एक जिला स्तरीय अधिकारी ने भी बताया कि वह भी रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए जारी नंबर पर पिछले कुछ दिनों से कॉल कर रहे हैं लेकिन सफलता नहीं मिल रही है।

जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने बताया कि 25 दिन में एलपीजी सिलेंडर बुक होगा। लखनऊ से हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया गया है कि पहले 08 से 10 हजार कॉल आते थे। संख्या बढ़कर करीब 70 हजार पहुंच गई है इससे सर्वर डाउन हुआ है।


शहर की एक एजेंसी पर गैस सिलेंडर की जानकारी के लिए खड़े उपभोक्ता।

### एलपीजी को लेकर जरूरी तथ्य

- 1,53,358 घरेलू कनेक्शन सामान्य
- 1,78,214 पीएम उज्जवला कनेक्शन
- 3,31,572 कुल गैस कनेक्शन
- 28 एजेंसियां सभी गैस कंपनी की
- मिस कॉल नंबर व स्वयं से रीफिल बुक करने के नंबर पर नहीं जाती कॉल



कस्टमर केयर नंबर पर सिलेंडर बुकिंग के लिए की गई कॉल की डिटेल। अमृत विचार

# रसोई गैस एजेंसियों पर पुलिस के पहरे में बांटे जाएंगे गैस सिलेंडर

- डीएम व एसपी ने एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक
- सर्वर डाउन होने की वजह से बुकिंग न होने की समस्या उठी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों की बैठक की। बताया गया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी गैस उपलब्ध है। घरेलू गैस सिलेंडर की कमी के झूठे प्रचार पर नजर रखी जाए। बैठक में गैस प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि इंडियन ऑयल का सर्वर डाउन होने के कारण बुकिंग की समस्या आ रही है। वर्तमान में अधिक बुकिंग होने के कारण सर्वर डाउन हुआ है।

डीएम ने कहा कि जो लोग गैस की कालाबाजारी या स्टोर कर रहे हैं, इसको रोकना है। सभी प्रतिष्ठानों के बाहर बोर्ड पर दैनिक गैस स्टॉक की सूचना प्रदर्शित की जाए। गैस एजेंसी कर्मी किसी भी उपभोक्ता से दुर्व्यवहार नहीं करेगा। गैस एजेंसी स्थल पर पेयजल इत्यादि की व्यवस्था होनी चाहिए। जनता के साथ खड़े होकर कार्य करें। बताया गया है कि अनावश्यक स्टोर करने की चाहत से एजेंसियों पर लाइन की समस्या आ रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रीफिलिंग 45 एवं शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों का प्रावधान है। डिलीवरी और बढ़ती मांग के कारण लोग सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन और गैस एजेंसी मिलकर कार्य करेंगे। किसी को गैस की समस्या नहीं होने दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि गैस एजेंसी स्थल पर भीड़ को देखते हुए फोर्स की व्यवस्था करा दी जाएगी, ताकि गैस सिलेंडर वितरण के समय कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में एसडीएम (वित्त/ राजस्व) देवेंद्र सिंह, एसडीएम सदर वैशाली व डीएसओ राजीव मिश्र उपस्थित रहे।



बैठक करते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार व अन्य लोग।

# 739 विद्यार्थियों के लिए भेजे गए 37 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1) ग के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश पाए 739 विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में पांच- पांच हजार रुपये भेज दिए गए हैं।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि दुर्बल वर्ग और अलाभित समूह के 03 वर्ष से अधिक और 07 साल से कम आयु वर्ग के छात्र- छात्राओं का निःशुल्क दाखिला निजी स्कूलों में कराया जाता है। इसके लिए 25 फीसदें सीटें आरक्षित होती हैं। ऑनलाइन आवेदन से पिछले शैक्षिक सत्र 2025- 26 में 85 निजी विद्यालयों करीब 450 बच्चों का एडमीशन कराया गया था। बीते सालों में कक्षा आठ तक के कुल 742 छात्र- छात्राओं का प्रवेश कराया गया था। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता शैलेंद्र प्रताप ने बताया कि आरटीई के तहत गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में प्रवेश पाए बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति के लिए प्रति बच्चा 12 माह के लिए 5400 रुपये स्कूलों को भुगतान किया गया। 40 लाख 06 हजार 800 रुपये हस्तांतरित की गई है। 03 विद्यार्थियों का खाता नंबर व नाम आदि का मिलान न होने की वजह से 739 छात्र-छात्राओं के माता-पिता के खातों में पाठ्यपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका, स्टेशनरी किट एवं दो सेट यूनिफॉर्म के लिए 5,000 रुपये की दर से कुल 36 लाख 95 हजार रुपये भेजे गए हैं।




# सपा छात्र सभा का होगा विस्तार

**कन्नौज।** समाजवादी छात्र सभा कार्यसमिति की समीक्षा बैठक पार्टी कार्यालय में हुई।

मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा एवं कानपुर मण्डल प्रभारी स्वदेश यादव ने कहा कि जिले में छात्र सभा के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष अपनी अपनी कार्यकारिणी बनाकर ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि समाजवादी छात्र सभा की टीम में मजबूत लोगों को समाजवादी विचारधारा से जोड़ने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि सभी का एक मात्र लक्ष्य 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने एसआईआर की प्रक्रिया पर भी चर्चा की और कार्यकर्ताओं को सलाह दी की लोगों को जागरूक करें। विधानसभा चुनाव जीतने के लिए पूरी ईमानदारी से एक जुट होकर पार्टी के लिए डोर टू डोर, हर गांव, हर क्षेत्र में जाकर समाजवादी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचाना है।




## माह-ए-रमजान

### डीएम व एसपी ने शहर में भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा

# कड़ी सुरक्षा में हुई अलविदा की नमाज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** अलविदा जुमा की नमाज को लेकर पुलिस व प्रशासन ने कड़ी व्यवस्था की थी। सुरक्षा को लेकर डीएम व एसपी लगातार भ्रमण करते रहे। ड्रोन कैमरे से सभी मस्जिदों की निगरानी की गई।

शुक्रवार को अलविदा जुमा के अवसर पर जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिये जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने नगर क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नगर के प्रमुख मस्जिदों, संवेदनशील स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

साथ ही नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। एसपी ने बताया कि अलविदा जुमा पर जनपद में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रहे, जिससे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराया गया।


जुमा की नमाज के दौरान मस्जिद से निकल रहे संभ्रांत लोगों से बात करते डीएम व एसपी।

### जुमातुल विदा की नमाज में उमड़ा नमाजियों का सैलाब

**छिबरामऊ।** रमजान उल मुबारक के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। ज्यादातर लोग नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करने के लिए पहुंचे और नमाज के बाद एक दूसरे को मुबारकबाद दी। मालूम हो कि माह-ए-रमजान में पड़ने वाले आखिरी जुमा को अलविदा या जमातुल विदा कहा जाता हैं। मुस्लिम मान्यताओं के अनुसार रमजान के तीसरे और आखिरी अशरे में की गई इबादत रोजेदारों को जहन्नुम यानी (नर्क) की आग से बचाती है। इस अशरे में जो आखिरी जुमा आता है उसे अलविदा जुमा कहते हैं। इस्लाम में इस दिन खासकर रमजान में नमाज पढ़ना जरूरी माना जाता है ।

# सावधान ! निपुण भारत सेल के नाम से आ रहीं फर्जी कॉल

## बैंक खातों से रुपये पार करने के लिए हो रहा साइबर अटैक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**इन नंबरों से आ रही कॉल**

- 7971341498, 7971684005, 7971684004, 7971974713, 7971395302, 7971395303, 7971341497, 7971088540, 7971834920, 7971088539, 7971805651

- प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने दी जानकारी
- अध्यापकों के व्हाट्सएप ग्रुप पर भी इसको लेकर चर्चाएं हो रहीं हैं जांच की मांग

**अमृत विचार।** कुछ दिनों से शिक्षकों के पास निपुण भारत सेल के नाम से फर्जी कॉल जा रहीं हैं। कहा जा रहा है कि यह साइबर अटैक की तरह है। अगर कॉल पर जो भी विकल्प बताए और आपने उसका पालन कर दिया तो खातों से रुपये पार होना तय है। अध्यापकों के व्हाट्सएप ग्रुप पर भी इसको लेकर चर्चाएं हो रहीं हैं।

प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रजत परिहार ने बताया कि जनपद के कई परिषदीय विद्यालयों के अध्यापक- अध्यापिकाओं के पास फर्जी कॉल जा रहीं हैं। इससे उनका निजी डेटा लीक होने व खातों से रुपये निकलने की घटनाएं होंगी। लखीमपुर में एक शिक्षक के साथ ऐसा मामला हो गया है और उसके खाते से 20 हजार रुपये पार हो गए हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इससे लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। सभी नंबरों पर आंख बंद करके भरोसा नहीं किया जा सकता है।

एक प्राथमिक स्कूल की प्रधानाध्यापक ने बताया कि उनके नंबर पर भी मोबाइल नंबर 7971805651 से गुरुवार की रात में कॉल आई थी, लेकिन वह रिसीव नहीं कर सकीं। शिक्षक शुभम पोरवाल व राजेश ने भी कॉल आने की जानकारी व्हाट्सएप ग्रुप पर दी है। पूर्णिमा ने बताया कि नगला दिलु में भी फर्जी नंबरों से कॉल पहुंची है। इसी तरह अन्य अध्यापकों ने भी इस तरह की बात कही है।

इस बारे में डीसी प्रशिक्षण गौरव दीक्षित का कहना है कि परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को कॉल करने के लिए कोई आदेश नहीं आया है। उनके पास भी एक जगह से मैसेज आया है। परियोजना से जानकारी की जाएगी कि यह नंबर कितने सही हैं या फर्जी। फिलहाल जिम्मेदारों ने शिक्षकों को सतर्क रहने को कहा है।

## आज से तीन दिन तक होगा इत्रोत्सव

**कन्नौज।** बोर्डिंग ग्राउंड में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की ओर से इत्रोत्सव 2026 का आयोजन आज से तीन दिन तक होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि 16 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले "इत्रोत्सव" की समस्त तैयारी समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों के लगने वाले स्टालों के अलावा गाड़ियों के पार्किंग स्थान को लेकर भी जानकारी ली। इसके लिए किसी व्यक्ति की ड्यूटी लगाने को कहा। सूचना विभाग द्वारा लगाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। फूड स्टॉल स्थान को देखा। दो स्थानों पर लगने वाले सेल्फी प्वाइंट का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की गतिविधियों को जाना और निर्देश दिए कि कलाकारों के मंचन का स्थान सुव्यवस्थित एवं सुसज्जित हो। जिलाधिकारी ने कहा है कि यह कार्यक्रम कन्नौज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक इत्र उद्योग और स्थानीय कारीगरों की कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# धरातल पर सुधरीं परिषदीय स्कूलों की व्यवस्थाएं: अर्चना पांडे

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज


कार्यक्रम में सम्मान प्राप्त करने के बाद विधायक के साथ मौजूद ग्राम प्रधान।

- छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल रहा है
- ब्लॉक संसाधन केंद्र तालग्राम द्वारा ग्राम तेराजाकेट स्थित गेस्ट हाउस में कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार।** ब्लॉक संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार में ग्रामीणांचलों में शिक्षा का स्तर मजबूत हुआ है। जबकि परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्थाएं धरातल पर सुधरी है। पहले कागजों पर ही विद्यालयों और शिक्षा का कायाकल्प हो जाता है। छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र तालग्राम के द्वारा ग्राम तेराजाकेट स्थित गेस्ट हाउस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह पुच्ची ठाकुर ने मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने यूपीएस चचियापुर में एक कक्ष का निर्माण कराने की भी घोषणा की। जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेहतर प्रस्तुती देने वाली छात्राओं को नगद धनराशि देकर पुरस्कृत भी किया। एआरपी ऋषि अग्निहोत्री ने ब्लाक की शैक्षिक प्रगति प्रस्तुत की। प्रधानों प्रबंध समिति अध्यक्षों समस्त एआरपी को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान बीईओ रमेश चंद्र चौधरी, अबरार मोहम्मद, आशुतोष दुबे, नवीन मिश्रा, रजनीश तिवारी, अंकित, प्रिया, अंजली, शशांक, ऐश्वर्या, घुंघरू, आदित्य, आलोक शर्मा, मीनू सिंह, नीलम त्रिपाठी सहित शिक्षक, प्रधान व एसएमसी अध्यक्ष मौजूद रहे।

# एसडीएम का छापा, 12 गैस सिलेंडर पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/ गुरसहायगंज

- गुरसहायगंज के बगिया मोहल्ले में चल रहा था अवैध कारोबार
- मौके से पुलिस ने बरामद कीं 113 गैस बुकिंग की किताबें

**अमृत विचार।** गुरसहायगंज कस्बे के एक मोहल्ले में मकान में चल रहे रसोई गैस के अवैध कारोबार की सूचना पर प्रशासन व पुलिस की टीम ने छापा मारा। इस दौरान मौके से 12 गैस सिलेंडर और 113 गैस बुकिंग किताबें बरामद की गईं।

छिबरामऊ एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी और कोतवाली प्रभारी अजय अवस्थी के नेतृत्व में टीम ने बगिया मोहल्ले में जगदीश गुप्ता के मकान पर छापा मारा। बताया गया कि सूचना मिली थी, मकान में 150 से 200 सिलेंडर हैं। हालांकि, टीम के पहुंचने से पहले ही अधिकांश सिलेंडर हटा दिए गए थे। टीम को मकान से 11 खाली और 1 भरा सिलेंडर मिला। एक बाइक पर भी भरा हुआ सिलेंडर बंधा था, जिसे जब्त करने की बात कही गई है। एसडीएम ने बताया कि मालूम होता है कि गैस एजेंसी संचालक और उसके कर्मियों की मिलीभगत से सिलेंडर कालाबाजारी हो रही है।

इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चेतावनी दी कि आगे कहीं भी ऐसी गड़बड़ी की शिकायत मिलती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इस अवैध कारोबार शामिल लोगों के नाम पता लगाने की कोशिश कर रही है। मामले की जांच की जा रही है।

# 'तकनीकी दक्षता संग नवाचार की सोच सफलता की कुंजी'

संवाददाता तिर्वा


बीईआईटी के निदेशक प्रो . जितेन्द्र कुमार शर्मा को सम्मानित करते डॉ . बीडी पात्रो। अमृत विचार

- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच चेप्टर का विशेष सत्र हुआ

**अमृत विचार।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज में तकनीकी नवाचार और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच चैप्टरके विशेष सत्र का सफल आयोजन किया गया। निदेशक प्रो. मनोज कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. जितेन्द्र कुमार शर्मा निदेशक, बी ई आई टी झांसी ने कहा कि वर्तमान में तकनीकी दक्षता के साथ नवाचार की सोच सफलता की कुंजी है।

मुख्य अतिथि ने इंट्रोडक्शन टू आई ट्रिपल ई विषय पर बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी पेशेवर संस्था है, जो वैश्विक स्तर पर शोध, नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देती है। उन्होंने छात्रों को आई ट्रिपल ई से जुड़ने के फायदों पर की जानकारी दी। कहा कि यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सीखने, शोध पत्र प्रकाशन, प्रतियोगिताओं, तकनीकी सहयोग और कैरियर विकास के कई अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत मोटिवेशनल टाक रिकीक गॉट टैलेंट, ई स्पोर्ट्स जैसे आकर्षक सत्रों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रांच काउंसलर डॉ. अरुण कुमार सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. बी.डी.के. पात्रो, एसपीएस एडवाइजर राजीव कुमार डब्लू आई ई एडवाइजर अर्चना वर्मा तथा छात्र शाखा प्रमुख प्रिंस कुमार सहित कॉलेज के सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में निदेशक ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को वैश्विक तकनीकी से जोड़ते हैं ।

# शहर के आठ केंद्रों पर आज से होगी दरोगा भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**यहां होगी परीक्षा**

- शहर के गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज, जेपी बालिका इंटर कॉलेज, केकेसीएन इंटर कॉलेज, केके इंटर कॉलेज, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, पीएसएम पीजी कॉलेज, एसबीएस इंटर कॉलेज और सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज में एसआई भर्ती परीक्षा होगी।

**अमृत विचार।** यूपी पुलिस उप निरीक्षक यानि दरोगा (एसआई) भर्ती की परीक्षा आज व कल शहर के आठ केंद्रों पर होगी। इसमें 1920 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। दो दिनों तक परीक्षा केंद्रों पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को ड्यूटी करने के तौर- तरीके बताए गए।

सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा कराने को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन ने शिक्षा विभाग के साथ मिलकर तैयारियां पूरी कर लीं हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। बताया गया है कि पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी पाली का समय दोपहर 03 से शाम 05 बजे तक रहेगा। सभी परीक्षा केंद्र तहसील सदर इलाके में बनाए गए हैं। दूसरी ओर जिन अध्यापकों की ड्यूटी परीक्षा में लगी है उनको 12 मार्च को ही कार्य मुक्त कर दिया गया था। उसके बाद केंद्रों पर दो दिनों तक प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ ही पुलिस के भी जिम्मेदार पहुंचे।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** घर के काम के दौरान नल में उतरे करंट की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजन उसे आनन-फानन में लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र के गांव पंथरा निवासी लक्ष्मी देवी (पत्नी संजय) शनिवार को अपने घर पर घरेलू कामकाज कर रही थीं। बताया गया है कि इसी दौरान घर में लगे नल में अचानक करंट उतर आया। जैसे ही लक्ष्मी देवी ने नल को छुआ, वह तेज करंट की चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से झुलसकर जमीन पर गिर पड़ीं।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हडकंप मच गया। आनन-फानन में परिजन और आसपास के लोग लक्ष्मी देवी को लेकर फर्रुखाबाद के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में तैनात डॉक्टर अभय ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित किए जाने के बाद परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों का कहना था कि महिला का शरीर अभी गर्म है और वह जीवित हो सकती है, लेकिन डॉक्टरों ने जल्दबाजी में उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बात को लेकर अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति बन गई। हंगामे की सूचना मिलते ही अस्पताल के सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंच गए और परिजनों को समझाकर मामला शांत कराया।

**गड्ढे में बाइक गिरने से युवक की मौत**

- **फर्रुखाबाद।** शाहजहांपुर में शादी समारोह से लौट रहे एक युवक की गुरुवार देर रात्रि मिर्जापुर थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव के पास बाइक फिसलने से गड्ढे में गिरने के कारण मौत हो गई। हादसे में उसकी पत्नी और डेढ़ वर्षीय बेटा भी घायल हो गए। मिर्जापुर थाना क्षेत्र के बहरिया गांव निवासी 25 वर्षीय सौरभ कुशवाहा अपनी पत्नी नीलम और डेढ़ वर्षीय बेटे कृष्ण के साथ हेतमपुर में अपने साढू मदनपाल के यहां शादी में गए थे। देर रात वे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। हेतमपुर गांव से करीब एक किलोमीटर आगे एक मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। इस दुर्घटना में सौरभ कुशवाहा के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पत्नी और बेटे को भी हल्की चोटें आईं। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सुबह करीब 4 बजे सौरभ व उनके बच्चे को लोहिया अस्पताल ले गए। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप लगाया

**फर्रुखाबाद।** खेत पर काम कर रहे अपने बाबा को खाना देने जा रही नाबालिग बालिका को पहले फुसला कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कार्रवाई करने की गुहार पीड़िता के चाचा ने लगाई है।

पीड़िता के चाचा ने कहा कि उसकी की नाबालिग भतीजी 12 मार्च को दोपहर खेत पर काम कर रहे अपने बाबा को खाना देने जा रही थी रास्ते में ही गांव के अर्जुन पुत्र भूरे सिंह निवासी रानीपुर गौर और उसके अन्य तीन साथी सुरजीत पुत्र नरेश सिंह व अनिल कुमार पुत्र नरेश सिंह व लालजी पुत्र जीतू उर्फ टिंकू निवासी आजमपुर थाना कम्पिल भतीजी को बहला फुसलाकर भगा ले गये। आरोपियों ने पीड़िता को रातभर गायब रखा तथा उसके साथ दुष्कर्म किया, परन्तु स्थानीय पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी है। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

# माइक्रो आर्टिस्ट अतुल कश्यप का शव पहुंचते ही मचा कोहराम

संवाददाता फर्रुखाबाद

- सरसों के दाने पर 'आई लव माई इण्डिया' लिखकर पाई थी प्रसिद्धि
- दिल्ली में रहते थे अतुल कश्यप अचानक हुआ निधन


अतुल कश्यप।

**अमृत विचार।** जिले के मूल निवासी और देश-विदेश में अपनी अनोखी कला के लिए प्रसिद्ध माइक्रो आर्टिस्ट अतुल कश्यप का शव गुरुवार देर रात्रि जब सेनापति स्ट्रीट आवास पहुंचा तो कोहराम मच गया।

शहर के सेनापति स्ट्रीट निवासी अतुल कश्यप अपनी माइक्रो आर्ट के लिए देशभर में जाने जाते थे। उन्होंने छोटी वस्तुओं पर शब्द और चित्र उकेरकर लोगों को आश्चर्यचकित किया। बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के उन्होंने यह कला सीखी और अपनी मेहनत से इसे पहचान दिलाई। वर्ष 2005 में उन्होंने सरसों के दाने पर 'आई लव माई इण्डिया' अंग्रेजी में लिखकर अपनी कला की शुरुआत की थी। अतुल कश्यप ने पतंग के धागे पर 'वंदे मातरम' लिखकर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। उन्होंने अत्यंत छोटी जगहों पर राष्ट्रीय गीत भी लिखे। वह पतली रस्सी और धागों जैसी सूक्ष्म वस्तुओं पर शब्द उकेरने में भी माहिर थे। उनकी कई कलाकृतियों ने लोगों को चकित किया। उनकी कला के कारण उनका नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड और लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ था, जिसके लिए उन्हें दिल्ली में सम्मानित किया गया था।

इतनी बड़ी उपलब्धियों के बावजूद उन्हें अपनी कला को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी स्तर पर विशेष सहयोग नहीं मिल पाया। इसके बावजूद, वह अपनी कला के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करते रहे और चाहते थे कि अधिक से अधिक युवा इस अनोखी कला को सीखें।

अतुल कश्यप दिल्ली में रहते थे, लेकिन उनका मूल निवास शहर के सेनापति क्षेत्र में था। उनकी कला ने जिले का नाम देश-विदेश में रोशन किया। उनके आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही कलाकारों, प्रशंसकों और समाज के विभिन्न वर्गों में शोक की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं और उनकी अद्भुत कला को याद कर रहे हैं।। शुक्रवार को पांचालघाट स्थित श्मशान घाट पर उनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया।

माह-ए-रमजान

**मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की और देश व क्षेत्र में अमन-चैन, भाईचारे तथा खुशहाली की दुआ मांगी**

# कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गयी चौथे जुमे की नमाज

संवाददाता अमृतपुर


मस्जिद पर मौजूद पुलिस बल की थाना प्रभारी रक्षा सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमृतपुर व राजेपुर थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों थाना क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई और लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर रखी गई।

कस्बा अमृतपुर की मुख्य मस्जिद सहित गलारपुर, रोशन नगला, पर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह को रोकने के लिए मस्जिदों के आसपास तथा प्रमुख मार्गों और चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा की और देश व क्षेत्र में अमन-चैन, भाईचारे तथा खुशहाली की दुआ मांगी।

वहीं थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम अलीगढ़ और ग्राम दौलतपुर चकई की मस्जिदों में भी जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। नमाज के दौरान बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में पहुंचे। थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार अपने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में लगातार गश्त करते नजर आए और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। पुलिस कर्मियों ने मस्जिदों के आसपास तैनात रहकर पूरे समय स्थिति पर निगरानी बनाए रखी। नमाज समाप्त होने के बाद सभी लोग शांतिपूर्वक अपने-अपने घरों को लौट गए। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों थाना क्षेत्रों में जुमे की नमाज पूरी तरह शांति और सौहार्द के माहौल में संपन्न हुई।

इस संबंध में थाना अमृतपुर प्रभारी रक्षा सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनैतिक या कानून-विरुद्ध गतिविधियों को अंजाम देने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस सक्रियता से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बना रहा और लोगों ने भी पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की सराहना की।

# विधायक नागेन्द्र सिंह ने पानी की टंकी का किया उद्घाटन

संवाददाता फर्रुखाबाद

- जल जीवन मिशन के तहत नव निर्मित पानी की टंकी का उद्घाटन


टंकी का उद्घाटन करते विधायक।

**अमृत विचार।** विकास खंड कमालगंज की ग्राम पंचायत अहिमलापुर में जल जीवन मिशन के तहत भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर ने आज नवनिर्मित पानी की टंकी का उद्घाटन किया।

अधिशाषी अभियंता साजन कुमार, जेई अंकुर सक्सेना,ग्राम प्रधान विमल सिंह, नहरैया प्रधान सुनील सिंह उर्फ श्यामू भईया,कमालपुर प्रधान योगेंद्र सिंह उर्फ पप्पू ,डूंगरपुर प्रधान राजीव कुमार, ताजपुर प्रधान विकास,करमचंदपुर प्रधान दफेदार आदि मौजूद रहे।विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर ने उद्घाटन के बाद कहा कि प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री का सपना था कि घर - घर जल हो, आज उनका सपना पूरा हो गया। ग्राम सभा अहिमलापुर में कई सैकड़ा ग्रामीण लोग एकत्र हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### मार्ग दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत

**गुरसहायगंज।** तेज गति से आ रहे डंपर के चालक ने हाईवे पर बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उसका पुत्र घायल हो गया। औरैया के थाना वेला, ग्राम हीरापुर निवासी चंदावती (63) पत्नी चेतराम शुक्रवार की शाम लगभग 04 :30 बजे अपने पुत्र शीलू के साथ बाइक पर सवार होकर दवा लेने के लिए गुरसहायगंज आ रही थी। ग्राम रलजामऊ स्थित कोल्ड स्टोरेज के सामने हाईवे पर तेज गति से आ रहे डंपर के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गईजबकि पुत्र घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी रामकृपाल सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना वाले डंपर को हाईवे से हटा कर कोतवाली पहुंचाया।

### आज से पांच-पांच घंटे सौरिख-सकरावा की गुल रहेगी बिजली

**सौरिख।** सौरिख व सकरावां की बिजली लाइन में मरम्मत का कार्य किया जायेगा। इस लिये 14 मार्च से 16 मार्च तक नियमित पांच- पांच घंटे बिजली कटौती की जायेगी। एसडीओ विद्युत उपकेंद्र सौरिख अनिल कुमार ने बताया कि 220 केवी ट्रांसमिशन सेंटर छिबरामऊ से सौरिख एवं सकरावां बिजली लाइन में मरम्मत का कार्य किया जायेगा। इस दशा में सुवह 10 बजे से 03 बजे तक बिजली की आपूर्ति नहीं होगी। उपभोक्ता बिजली कटौती के निर्धारित समय 10 बजे से पहले पानी समेत बिजली से संबंधित जरुरतों को पूर्ण कर लें।

### गिरवी रखे जेवरात मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**कन्नौज।** रुपये की जरूरत होने पर गिरवी रखे जेबरात वापस मागने पर पीड़ित को जेवरात नहीं लौटाये गये। जान से मारने की धमकी दी गई।सदर कोतवाली के मोहल्ला काजीटोला निवासी सुरेंद्र कुशवाहा पुत्र राजाराम ने सदर कोतवाली में न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसने अपने मोहल्ले के दो मित्रों के साथ शहर के मोहल्ला चौहट्टा निवासी गिरो-गांठ का काम करने वाले पिंकू वर्मा पुत्र रतन वर्मा के पास 14 अक्टूबर 2021 को उनके घर पहुंच कर अपने ब्याज समेत रुपये ले और उसके जेवरात वापस कर दो। यह सुनकर पिंकू व दो अज्ञात लोगों ने उसे गालियां दी। मना करने पर कोई जेवरात गिरवी नहीं होने की बात कही। इसके बाद उक्त लोगों ने मारपीट की। दोबारा जेबरात मांगने पर जान से मारदेने की धमकी दी। पुलिस ने पिंकू वर्मा समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### वाटरशेड महोत्सव का किया शुभारंभ

**जलालाबाद।** वाटरशेड विकास कटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2 .0 के तहत वाटरशेड महोत्सव का शुभारंभ प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। शुक्रवार को कृषि विभाग कन्नौज के द्वारा भूमि संरक्षण इकाई के वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2 .0 का वाटरशेड महोत्सव का जिला समिति सियरमऊ में प्रभातफेरी जल कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अवनीश दोहरे व भाजपा नेत्री गीता पाठक ने फीता काट कर किया। जल संरक्षण की शपथ दिला कर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा, कृषि वैज्ञानिक डॉ . अरविंद ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सोनू सिंह कठेरिया, नंदकुमार, ललित कुमार, भूमि संरक्षण निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

### खाद एवं बीज दुकानें बंद मिलने पर नोटिस

**कन्नौज।** जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीमों ने विशुनगढ़ क्षेत्र में 07 कृषि खाद एवं बीज की दुकानों पर छापेमारी की। 04 दुकानें बंद मिलने पर नोटिस जारी किया गया है। साथ ही 02 दिन के अंदर जवाब मांगा गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई दुकानदार अपने प्रतिष्ठान बंद कर भाग गए। दीपू ट्रेडर्स, मोहन खाद भंडार, प्रशांत खाद भंडार व दुबे फर्टिलाइजर एवं बीज भंडार की दुकानें बंद मिलने पर उन्होंने कारण बताओ नोटिस थमाया है। जवाब न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। चार अन्य दुकानों पर स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रसीद और रेट बोर्ड का मिलान किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

**जसवंतनगर।** एक युवक ने खंभा नंबर 1170/14 के पास जियारत एक्सप्रेस के सामने कूद कर जान दे दी। मृतक की पहचान राजेंद्र कंजर (45) के रूप में हुई है। बताया गया है कि वह पिछले चार वर्षों से अपनी ससुराल पक्ष के साथ डूडा कॉलोनी में रहकर मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा था। बताया गया है कि बीती रात किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद वह मानसिक रूप से परेशान था। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे वह घर से निकला था। उसके बाद उसने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी।

### मंदिर के चबूतरे पर पड़ा मिला अधेड़ का शव

**भरथना।** कस्बा क्षेत्र में मंदिर दान सहाय के चबूतरे पर शुक्रवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। बाद में उसकी शिनाख्त हरभान सिह के रूप में की गई। बताया गया कि सुबह आसपास लोगों ने चबूतरे पर एक व्यक्ति को मृत अवस्था में पड़ा देखा। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह कबाड़ एकत्र कर बेचकर अपना भरण-पोषण करता था और संभवत: किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त था।

### ट्रक अनियंत्रित होकर पोल से टकराया

**भरथना।** कन्नौज हाइवे पर अनियंत्रित ट्रक बिजली पोल से टकरा गया, गनीमत यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ और चालक भी सकुशल बच गया। बताया गया कि शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र अंतर्गत बिधूना की तरफ जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर किनारे बने नाला समेत बिजली पोल से टकरा गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक को झपकी आने से ट्रक अनियंत्रित हो गया हादसे को देखकर आसपास के लोग एकत्र हो गए और चालक के सकुशल बचने पर राहत की सांस ली। चालक आलोक ने बताया कि वह बुरहान पुर मध्य प्रदेश से केला लादकर सीतापुर जा रहा था, सामने से आ रहे वाहन को साइड देने के दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर नाला से टकरा गया। हादसे में वह बाल बाल बच गया।

### एक्सप्रेसवे पर कार डिवाइडर से टकराई एक मरा पांच घायल

**इटावा।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत चौपला कट के पास चैनल नंबर 115 पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार चला रहे आजमगढ़ निवासी इंजीनियर की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि कार में सवार पत्नी, बच्चों सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार श्यामधारी पासवान पुत्र सोनई निवासी अकबरपुर थाना बिलरियागंज जिला आजमगढ़ अर्टिका कार से अपने घर से राजस्थान के जिला नीमराना जा रहे थे। हादसे के समय कार आगरा की ओर जा रही थी। कार में उनकी पत्नी अनीता सरोज, पुत्र यश सरोज, पुत्री बानी तथा दो मित्र सुदर्शन पुत्र चंद्रदेव निवासी तुलसीपुर थाना जहानगंज जिला आजमगढ़ और सुभाष पुत्र रविंद्र कुमार निवासी सुल्तानपुर थाना तरवा जिला आजमगढ़ भी सवार थे। चौपला कट के पास एक्सप्रेसवे पर चालक को अचानक नींद आ जाने से कार अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर यूपीडा के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से सभी को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। जहां उपचार के दौरान श्यामधारी पासवान की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### डीसीएम की टक्कर से युवक की गई जान

**इटावा।** थाना फ्रेंडस कॉलोनी क्षेत्र के सुंदरपुर निवासी प्रतीक (28) का पक्के बाग में ढाबा था। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे वह पैदल आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे होते हुए घर जा रहा था। इस दौरान अनियंत्रित डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत ही घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से डीसीएम चालक की खोजबीन की जा रही है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा।

# मारपीट व लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

## ढाबा संचालक के साथ 10 मार्च की रात की थी मारपीट और लूटपाट, जोनई के पास से दबोचे गये

संवाददाता जसवंतनगर इटावा


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मलाजनी स्थित एक ढाबे पर तीन दिन पूर्व हुई लूट और मारपीट की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 12 तारीख की देर रात जोनई के पास से स्कॉर्पियो सवार चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 16 हजार रुपये नकद, एक क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन, एक कुल्हाड़ी, व 315 बोर के सात जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार बरामद की गई है लूटी गई राइफल अभी तक बरामद नहीं हो पाई है।

थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि 10 मार्च की रात करीब नौ बजे फौजी ढाबा संचालक राजीव कुमार निवासी नगला भिखन अपने ढाबे पर मौजूद थे। उसी दौरान स्कॉर्पियो से चार व्यक्ति वहां पहुंचे और खाना पैक करने को कहा। जब उनसे खाने के पैसे मांगे गए तो आरोपियों ने तलवार, फरसा और लोहे की रॉड निकालकर उन पर हमला कर दिया। उन्होंने ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और गल्ले से करीब 16 हजार रुपये निकाल लिए। इसके अलावा एक व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाए जाने पर उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। आरोप है कि हमलावर ढाबा मालिक की लाइसेंसी 315 बोर राइफल और कारतूस भी छीनकर ले गए और भागते समय जान से मारने की नीयत से फायर करते हुए फरार हो गए। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान 12 मार्च की देर रात सूचना मिली कि जोनई के पास पंजाब नंबर की एक स्कॉर्पियो में चार संदिग्ध व्यक्ति खड़े हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष कमल भाटी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी, मनीष कुमार, शुभम वर्मा व पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और चारों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हरप्रीत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह, प्रीत सिंह पुत्र सुखवेंद्र सिंह, जगदीप सिंह पुत्र सरदार सेवक सिंह और हरजिंदर सिंह पुत्र संतराम निवासी लुधियाना (पंजाब) बताए। उन्होंने बताया कि वे पटना साहिब गुरुद्वारा से दर्शन कर लुधियाना लौट रहे थे और ढाबे पर रुकने के दौरान विवाद होने पर घटना को अंजाम दिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उक्त लोगों ने लूटी गई राइफल को कहीं सड़क के किनारे फेंक दिया था। पुलिस उसे बरामद नहीं कर सकी। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और स्कॉर्पियो कार को भी सीज कर दिया है।

**पुलिस ने लोगों से की अपील**

■ **इटावा।** थानाध्यक्ष कमल भाटी ने क्षेत्रवासियों और राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को ढाबा लूटकांड में छीनी गई लाइसेंसी राइफल कहीं भी पड़ी हुई या संदिग्ध स्थिति में मिले तो तुरंत पुलिस को सूचना दें या उसे नजदीकी थाने में जमा करा दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि राइफल की सूचना देने या पुलिस तक पहुंचाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

- पकड़े गए लोगों के पास से कुल्हाड़ी नकदी व अन्य सामान बरामद
- लूटी गई राइफल नहीं मिली तलाश जारी

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में पच्चीस साल की सजा

कार्यालय संवाददताता इटावा

- कोर्ट ने पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विनीता विमल ने तीन साल पुराने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को पच्चीस साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पचास हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी ने बताया कि ऊसराहार थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी पंद्रह साल की बेटी एक जून 2022 की रात को अपने घर पर सो रही थी। घर पर उसकी पत्नी व बेटा भी सो रहे थे जबकि वह घर से थोड़ी दूर पर पशु बाड़े में लेटा था। तभी पड़ोस में रहने वाला गौरव यादव पुत्र कमलेश घर में घुस आया और उसकी पुत्री को पड़ोस में बंद पड़े मकान में ले गया जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने धमकी दी किसी को कुछ बताया तो जान से मार देंगे। बाद में उसकी पुत्री किसी तरह से उसके चंगुल से छूटकर आई और पूरी जानकारी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने गौरव को गिरफ्तार कर जेलभेज दिया। पुलिस ने गौरव के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सों की धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता दशरथ सिंह चौहान व आशीष तिवारी ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने गौरव को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे दोषी पाते हुए 25 साल की सजा व पचास हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# योगी सरकार की प्राथमिकता खेलों के लिए है : स्वतंत्र देव सिंह

कार्यालय संवाददताता इटावा


खिलाड़ियों को सम्मानित करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

- हरियाणा की टीम ने अलीगढ़ को हराकर जीती कबड्डी की शील्ड

**अमृत विचार।** कबड्डी भारत की माटी से जुड़ा हुआ खेल है पुरातन संस्कृति में भी मल्ल गदा जैसे खेल मानव शरीर को स्वस्थ्य बनाए रखने के लिए अहम थे। उक्त विचार प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अखिल भारतीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा योगी सरकार की प्राथमिकता खेलों के लिए है।

अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश राजस्थान से आई महिलाओं के जौहर को देखकर मन्त्री ने सराहना की। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ राम शंकर कठेरिया ने गोपाल मोहन शर्मा के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट किए गए, बजरंगबली का गदा तथा तलवार जैसे प्रतीक चिह्न अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में अतिथियों को भेंट किए गए। अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में हसनगढ़ हरियाणा ने बालियान एकेडमी अलीगढ़ को 22 अंकों से पराजित कर विजेता बना।

प्रतियोगिता में गाजियाबाद, प्रयागराज, हापुड़ नोएडा, सीसी अकादमी आगरा, बजरंगी अकादमी दिल्ली, बनारस एसबी के मथुरा, बसंतगांव पंजाब की टीमों ने भाग लेकर अपने जौहर दिखाए। प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, सौरभ भूषण, रजनीश पांडेय, विनोद सिंह चौहान के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे। थानाध्यक्ष विपिन कुमार मलिक द्वारा सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान कर खिलाड़ियों को विदा किया।

### बस से घर आ रहे मजदूर की मौत

**इटावा।** निजी बस से घर लौट रहे मजदूर की रास्ते में तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। निजी बस चालक शव को बसरेहर थाने में उतारकर चला गया। पुलिस ने युवक की जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचना दी।

थाना बसरेहर के रजपुरा तोताराम निवासी कोमल सिंह (40) राजस्थान में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। कोमल सिंह होली पर घर आया था और दोबारा राजस्थान चला गया था। शुक्रवार सुबह वह निजी बस से घर आ रहा था। सुबह छह बजे फिरोजाबाद के पास उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। बस चालक व परिचालक जब तक कुछ समझते तब तक उसकी मौत हो गई। बस चालक-परिचालक कोमल सिंह के शव को उतार कर चले गए। मृतक के भाई भारत सिंह ने बताया कि उसके भाई को सांस की बीमारी थी। इसकी उसकी दवा चल रही थी। मृतक की शादी हो चुकी है।

# पुलिस दरोगा परीक्षा आज से होटल, लॉज व रैन बसेरा फुल

कार्यालय संवाददाता इटावा

- प्रमुख स्थानों पर बनाए गए हेल्प डेस्क, कर्मचारी भी किए गए तैनात

**अमृत विचार।** पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा शनिवार से शुरू होगी। यह परीक्षा दो दिनों तक दो पालियों में कराई जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा कड़ी निगरानी में सीसीटीवी कैमरा की देखरेख में कराई जाएगी। इसके साथ ही अभ्यर्थियों और उनके साथ आने वाले अभिभावकों के ठहरने की व्यवस्था भी प्रशासन की ओर से की गई है, हालांकि शुक्रवार की शाम को ही शहर के सभी प्रमुख होटल और सुंदरपुर में बना नगर पालिका का रैन बसेरा फुल हो गया है।

परीक्षा के लिए दूसरे जिलों से परीक्षा देने के लिए इटावा आने वाले अभ्यर्थी और उनके अभिभावक इन्हीं स्थानों पर रुके हुए हैं। बहुत से लोगों ने होटल बुक कराए हैं तो कुछ व्यक्ति रैन बसेरे में भी रुक गए हैं। इसके साथ ही कुछ अन्य स्थानों पर भी अभ्यर्थियों के रोकने की व्यवस्था जिला प्रशासन की ओर से की गई है। शनिवार को सुबह 10:00 बजे से पहली पाली की परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए काफी अभ्यर्थी एक दिन पहले ही पहुंच गए हैं ताकि वे परीक्षा देने में लेट ना हो जाएं। इन्होंने यहां शहर में अपने रुकने की व्यवस्था की है। अपनी गाड़ियों से भी लोग पहुंचे हैं और उन्होंने होटल में रुकने को वरीयता दी है। इसके साथ ही रैन बसेरा साईं उत्सव गार्डन और मधुवन वाटिका में भी कुछ अभ्यर्थी और उनके अभिभावक रुके हुए हैं।

जि ला प्रशासन ने परीक्षाएं कराने की पूरी तैयारी कर ली है सभी अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। जिला मुख्यालय पर इस परीक्षा को कराने के लिए 11 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसके लिए 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 11 स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए है। पूरी परीक्षा के दौरान सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर ही रहेंगे। सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है, जिससे परीक्षा की निगरानी की जाएगी।

इसके अतिरिक्त परीक्षा देने के दिन परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर अभ्यर्थी की तलाशी ली जाएगी और कार्यदाई संस्था की ओर से भी अभ्यर्थी की तलाशी ली जाएगी। इसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में जाने की इजाजत दी जाएगी। साथ ही प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि परीक्षा में कोई भी अनुचित साधन का प्रयोग न करें।

### गेस्टहाउस संचालक सड़क पर फेंक रहे बचा हुआ खाना

**जालौन।** नगर के प्रमुख मार्गों बाबई चुर्खी रोड, उरई मार्ग, बंगरा मार्ग, औरइया मार्ग के साथ बालाजी मार्ग पर बड़ी संख्या में गेस्ट हाउस संचालित हो रहे हैं।विवाह समारोह में बड़ी संख्या में लोगों को खाना बनता है। समारोह के बाद बचे खाने व प्रतिबंधित प्लास्टिक के ग्लास कटोरी आदि सामग्री को गेस्ट हाउस के आसपास ही सड़क किनारे फेंक दिया जाता है। यही हाल कमोवेश रेस्टोरेंट का है। रेस्टोरेंट व गेस्ट हाउस संचालकों के पास बचे हुए खाने के उचित प्रबंधन की व्यवस्था नहीं है। इससे यह लोग उसे सड़क किनारे फेंक देते हैं इससे जहां छुट्टा जानवरों रोड किनारे मंडराते हैं वहीं बदबू से राहगीर और आम लोग परेशान हैं। ईओ सुशील कुमार दोहरे ने बताया कि वह शीघ्र होटल व रेस्टोरेंट के साथ गेस्ट हाउस के संचालकों को नोटिस जारी कराएंगे।

# मोबाइल लूट के मामले में दोषी को चार साल की सजा

कार्यालय संवाददताता इटावा

- कोर्ट ने साढ़े तीन हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम अशोक कुमार दुबे ने करीब चार साल पुराने मोबाइल लूट के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर उसे चार साल की सजा व साढ़े तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जर्माना अदा न करने पर उसे 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

बताया गया है कि सुरभि नाम की छात्रा 14 जुलाई 2021 को चौगुर्जी से कोचिंग पढ़कर अपने घर जा रही थी। जैसे ही वह मुलायम सिंह की कोठी के सामने पहुंची तभी बाइक पर सवार दो युवक ने झपट्टा मारकर उसके पास से मोबाइल लूट लिया और भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। छानबीन के बाद इस घटना में पुष्कर तोमर उर्फ बेटू पुत्र ज्ञान सिंह निवासी यासी नगर थाना बसरेहर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया। छानबीन के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्रकोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद सिंह तोमर ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने पुष्कर को दोषी पाया और उसे चार साल की सजा व साढ़े तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### विवाहिता जेवर और नकदी के साथ लापता

**भरथना।** थाना क्षेत्र के नगला सवल मौजा लहरोई निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 22 वर्षीय विवाहिता पुत्री के घर से जेवरात व नकदी लेकर लापता होने की सूचना पुलिस को दी है। गांव निवासी एक पिता ने थाना भरथना पर गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि मेरी पुत्री की शादी वर्ष 2023 में हो चुकी है। होली के अवसर पर पुत्री अपनी दो वर्ष की बेटी के साथ मायके आई हुई थी। बताया गया कि 12 मार्च 2026 की रात परिवार के सभी लोग घर में सो रहे थे। इसी दौरान मेरी पुत्री बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई और अपनी दो वर्ष की बेटी को मेरे घर पर ही छोड़ गई। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो मेरी पुत्री कमरे में नहीं थी तथा अलमारी खुली हुई मिली। परिजनों के अनुसार अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी भी गायब थे। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

# सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग न होने से लोग परेशान

कार्यालय संवाददताता जालौन

**अमृत विचार।** नगर में एलपीजी गैस को लेकर गैस सिलेंडर की आनलाइन बुकिंग सुविधा बंद होने से जनता परेशान हैं। सिलेंडर न मिलने के कारण लोगों का सहारा इंडेक्शन बन गया है। तमाम लोग नया इंडेक्शन लेकर आते हुए देखे गये।

नगर में 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत है, बुकिंग समय 25 दिन होने के बाद भी घरेलू सिलेंडरों की 4 दिन से सर्वर में खराबी के चलते आनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है। बगैर बुकिंग के सिलेंडर मिल नहीं रहे हैं। ऐसे में घरेलू उपभोक्ता सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे है। कामर्शियल सिलेंडर न मिलने के कारण होटल, रेस्टोरेंट प्रभावित हो रहे हैं। नगर में संचालित चैनू इंडियन गैस एजेंसी, जालौन गैस सर्विस पर घरेलू सिलेंडर उपलब्ध है तथा गुरुवार को वितरित किये गये हैं। सर्वर डाउन होने के कारण आनलाइन सिलेंडर बुकिंग न होने के कारण उपभोक्ता गैस न मिलने की संभावना को लेकर परेशान है तथा एजेंसी पहुंच कर जानकारी ले रहे हैं। बुकिंग न होने के कारण परेशान लोगों के पहुंचने के कारण एजेंसी पर भीड़ लगी रही।

अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शाक्य ने बताया कि सर्वर में आयी खराबी होने के कारण गैस सिलेंडर बुक न हो पाने के कारण सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में लोगों को इंडेक्सन चूल्हा का सहारा लेना पड़ रहा है। पवन याज्ञिक कहते है कि बड़े व्यापारिक सिलेंडर न मिलने के कारण होटल, रेस्टोरेन्ट, चाय सेंटर, मिष्ठान भंडार के काम प्रभावित हो रहे हैं।

### एक साल में ही बर्बाद हुई गोकुलपुरा कुठौंदा सड़क

**जालौन।** गोकुलपुरा से कुठौंदा बुजुर्ग के बीच लगभग एक वर्ष पूर्व बनाई गई सड़क उखड़ गई है।

ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करते हुए लिखा कि लगभग एक वर्ष पूर्व ही गोकुलपुरा से कुठौंदा बुजुर्ग के बीच सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन सड़क का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं हुआ। ग्रामीण ने आरोप लगाया कि इस संबंध में उन्होंने सड़क निर्माण के समय ही शिकायत की थी लेकिन उनकी शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जिसका नतीजा यह हुआ कि यह सडक एक वर्ष में ही उखड़ चुकी है। सड़क पर डामर की जगह धूल ही धूल नजर आ रही है। सड़क के बीच बीच में गड्ढे भी हो चुके हैं। इससे इस मार्ग से होकर निकलने में राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कत होती है।

**दिये निर्देश** | **राज्यमंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह ने की बैठक**

# पशुपालन से किसान की आय होगी दो गुनी

कार्यालय संवाददताता इटावा



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते राज्यमंत्री धर्मपाल सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राज्यमंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने के संबंध में बैठक ली। पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अच्छे एनजीओ को गोवंश दिए जाएं, सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा संचालित किए जाएं एवं कंट्रोल रूम बनाया जाए।

गौशालाओं में कम से कम 10 दूध देने वाली गाये पाली जाएं। उन्होंने कहा कि गाय सुखी रहेगी तो आप भी सुखी रहेंगे। भदावरी भैंस का रख-रखाव सही ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि खेती है तो पशु है, पशु है तो किसान है साथ ही उन्होंने कहा कि किसान की दो गुनी आय पशुपालन से होगी। उन्होंने कहा कि बकरी पालन सही ढंग से किया जाए एवं गौशालाओं में निर्माण कार्य कराया जाए साथ ही पशु मेला अवश्य लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि पशु विज्ञान का भी अध्ययन करें एवं पशुओं की सेवा करना हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण के तहत वैक्सीन समय से लगवाई जाएं। वर्ष 2019 की 20वीं पशु गणना के अनुसार प्रदेश में 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 9.85 लाख भेड़, 144.80 लाख बकरी एवं 4.09 लाख सूकर है। वर्ष 2025 की 21वीं पशुगणना प्रदेश स्तर पर पूर्ण कर ली गयी है जिसका अन्तिमकरण भारत सरकार के स्तर पर किया जायेगा। वर्ष 2023-24 में 387.79 लाख मीटर टन दुग्ध उत्पादन, 589.48 करोड़ अण्डा उत्पादन, 1259.00 हजार टन मांस उत्पादन तथा 8.29 लाख किग्रा. ऊन उत्पादन हुआ। बैठक में सीडीओ अजय गौतम के अलावा जिलाध्यक्ष बीजेपी अन्नू गुप्ता, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज, डिप्टी सीवीओ सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### अलविदा जुमा की नवाज में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

**कालपी- जालौन।** शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई।

इस्लाम धर्म में शुक्रवार को जुमा कहा जाता है इसदिन ज्यादातर लोग मस्जिद में पहुंचकर नमाज अता करते हैं लेकिन रमजान माह में इसका महत्व और वढ जाता है खासकर अलविदा जुमा जो ईद के पहले आता है और इसी के चलते शुक्रवार को नगर की मस्जिदों मे अलविदा जुमा की नमाज का आयोजन हुआ इस दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसको लेकर प्रशासन बेहद सतर्क रहा। इस मौके पर उपजिला अधिकारी मनोज कुमार, सी ओ अवधेश कुमार सिंह नगर मे भ्रमण करते रहे साथ ही सभी मस्जिदों के बाहर तथा रास्तो पर स्थानीय पुलिस बल के साथ अतिरिक्त पुलिस बल को भी तैनात रहा।

# कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन भक्त हुए हर्षित

कार्यालय संवाददताता जालौन

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा के पांचवें दिन भगवताचार्य बजरंगी महाराज ने बाल लीलाओं का वर्णन किया। कहा कि जीवन का असली व स्थायी मजा प्रभू के चरणों में होता हैं।

श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवताचार्य नैमिषारण्य धाम से पधारे बजरंगी महाराज ने श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा है। भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्य महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बड़ा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है। यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है।


बजरंगी महाराज।

भागवत कथा को पांचवां वेद कहा गया है जिसे पढ़ सकते हैं और सुन सकते हैं। कथा में परीक्षित पुष्पा देवी नरेश चंद्र, पुष्पा बाबूराम, बबली, किशुन कुमार, नीलम, देवेन्द्र कुमार, शशि, अरुण, शालिनी, सतेन्द्र, नोज़ शिवम्, माया, शिवाजी, मनोज, मुस्कान, अजू, वर्षा, उत्तम शिवहरे, पायल, दीपक शिवहरे, निकेता, प्रदर्शन शिवहरे समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**औरैया।** जोरन पूर्वा निवासी 27 वर्षीय राम कुमार उर्फ बड़े पुत्र दिवारी लाल ने बुधवार रात अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर दिबियापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए चिचौली स्थित मोर्चरी भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक की पत्नी पिछले करीब डेढ़ साल से मायके में रह रही थी। उनका डेढ़ साल का बच्चा राम कुमार के पास ही रहता था। बताया गया है कि पत्नी ने पति और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और बच्चे को न देने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले को लेकर राम कुमार काफी समय से तनाव में रहने लगा था। ग्रामीणों के अनुसार वह हाल के दिनों में शराब का भी सेवन करने लगा था और घटना से पहले भी वह नशे में बताया जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मामले में पुलिस आवश्यक जांच कर रही है। इस दौरान मृतक की पत्नी भी थाने पहुंची थी।

### होटलों में छापेमारी से मचा हड़कंप

**शिवली।** गैस संकट के बीच शुक्रवार को उपजिलाधिकारी मैथा राजकुमार पांडेय व पूर्ति निरीक्षक सत्येंद्र यादव ने गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। इसके बाद शिवली बस अड्डे पर होटल में घरेलू गैस सिलेंडर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान चलने पर हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने होटल संचालकों को बताया कि घरेलू सिलेंडर की जगह व्यवसायिक सिलेंडर का उपयोग करे। साथ ही कहा कि घरेलू गैस की होटल में उपयोग की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद अधिकारियों ने गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### नहर में कूदे अधेड़ को एसडीआरएफ ने बचाया

**रसूलाबाद :** गुरुवार को लाला भगत के निकट निचली रामगंगा नहर में डूबे युवक की तलाश में लगी एसडीआरएफ टीम ने उस समय एक युवक की जान बचा ली जब वह नहर पुल के पास खड़ा था और अचानक नहर में कूद गया। जिससे वह डूबने लगा। एसडीआरएफ टीम में त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पानी से बाहर निकाल लिया। जिससे उसकी जान बच गई। अपनी ससुराल गड़रियन पुरवा मजरा हीकेपुर में जवारे कार्यक्रम में सम्मिलित होने अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ दिनकर पुर थाना शिवराजपुर निवासी सतीश पाल पुत्र किशन लाल आया था। गुरुवार को वह ससुराली जनों और अपनी पत्नी अलका वह पुत्र आर्यन के साथ जवारे चढ़ाने लाला भगत स्थित कौमारी देवी मंदिर गया था। लौटते समय वह नहर में डूब गया। इसकी सूचना पाकर तहसील एवं पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह जाल डलवाया और ग्रामीण गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की किंतु वह नहीं मिला।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# गैस सिलेंडर के लिए अफरा-तफरी पुलिस की निगरानी में किया वितरण

## बिना एलपीजी गैस बुकिंग लाइन में लगे उपभोक्ताओं को पुलिस ने समझाया

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** रसोई गैस वितरण को लेकर शुक्रवार को कस्बे के हरीगंज बाजार स्थित अन्नपूर्णा इंडेन गैस एजेंसी पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गैस के लिए लोग आपस में झगड़ने लगे। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस लोगों को शांत करवाकर लाइन लगवाई, इसके बाद गैस का वितरण किया गया।

शुक्रवार सुबह एजेंसी में गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 7 बजे से ही दर्जनों उपभोक्ता लाइन में लग गए। बताया कि कई लोग ऑनलाइन बुकिंग और डीएसी नंबर के बावजूद सिलेंडर न मिलने की शिकायत कर रहे थे, जबकि कुछ उपभोक्ता जानकारी के अभाव में बिना बुकिंग के ही लाइन में लग गए। गैस एजेंसी संचालक शिशुपाल सिंह ने बताया कि गोदाम में करीब 400 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं। ओटीपी न आने की समस्या भी अधिकारियों को बताई गई, जिसका समाधान कर दिया गया है। बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था की सूचना पर थाना प्रभारी पंकज मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं को कतार में लगवाकर वितरण व्यवस्था सुचारु कराई।

गोदाम पर कांस्टेबल धीरज कुमार, मोहन तोमर और कोमेश की निगरानी में सिलेंडर वितरण कराया गया। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।



गैस एजेंसी में मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**07** बजे सुबह से सिलेंडर के लिए लगी लाइन

### बाजार में इंडक्शन चूल्हों की मांग बढ़ी

**अछल्दा (औरैया)।** एलपीजी गैस को लेकर बनी अनिश्चितता और बढ़ती कीमतों के बीच कस्बे के बाजार में इंडक्शन और इंफ्रारेड चूल्हों की मांग तेज हो गई है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ-साथ स्थानीय दुकानों पर भी ग्राहक बड़ी संख्या में इंडक्शन चूल्हे खरीदने पहुंच रहे हैं। इंफ्रारेड चूल्हों के बारे में दुकानदारों बताते हैं कि इस तकनीक की खासियत यह है कि इसमें किसी विशेष प्रकार के बर्तन खरीदने की आवश्यकता नहीं होती। नहर बाजार स्थित गोविंद इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक व कस्बा व्यापारी आलोक शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग में अचानक उछाल आया है। पहले जितनी बिक्री एक महीने में थी अब उतनी रोजाना हो रही है। और कीमतें भी बढ़ गई हैं।

# ओटीपी नहीं आने से गैस उपभोक्ता परेशान, एजेंसियों पर लगीं लाइनें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले में गैस सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं को इन दिनों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ओटीपी न आने की समस्या के चलते कई गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

शहर की विभिन्न गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं। उपभोक्ता सुबह से लेकर शाम तक ओटीपी आने का इंतजार करते रहते हैं, लेकिन ओटीपी न मिलने के कारण उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी भी देखने को मिल रही है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस एजेंसी पहुंचने के बाद उनसे ओटीपी मांगा जाता है लेकिन मोबाइल पर ओटीपी ही नहीं आ रहा है। कई बार कोशिश करने के बाद भी जब ओटीपी नहीं आता तो एजेंसी कर्मचारी उन्हें इंतजार करने को कह देते हैं। शहर की मोहन गैस एजेंसी, दर्शन गैस एजेंसी और राधिका गैस एजेंसी पर भी यही स्थिति बनी हुई है। यहां आए उपभोक्ताओं ने बताया कि कई-कई घंटे लाइन में लगने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। एजेंसी संचालकों का कहना है कि तकनीकी समस्या और सर्वर डाउन होने की वजह से ओटीपी आने में दिक्कत हो रही है। वहीं कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय हालात और तकनीकी समस्या का हवाला देकर एजेंसी संचालक अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। गैस सिलेंडर जैसी आवश्यक सेवा में आ रही इस समस्या से आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से इस समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम सदर अजय आनंद वर्मा ने बताया की अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया जाए। जनपद में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस उपलब्ध है।



गैस एजेंसी पर लगी भीड़। अमृत विचार

- घंटों लाइन में लगने के बाद उपभोक्ताओं को मिली गैस



कार की टक्कर से टूटा बूम। अमृत विचार

# बंद क्रासिंग में कार की टक्कर से बूम टूटा, चालक हिरासत में

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** कस्बे के रेलवे क्रासिंग 13-बी पर शुक्रवार भोर करीब 3 बजकर 25 मिनट पर एक सफेद रंग की आई-टेन कार ने बंद रेलवे क्रासिंग में टक्कर मार दी, जिससे क्रासिंग का बूम क्षतिग्रस्त हो गया। क्रासिंग पर तैनात गेटमैन नितेश गिरी ने घटना की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। इस पर आरपीएफ कांस्टेबल हरेंद्र कुमार और कांस्टेबल देवेंद्र गुर्जर मौके पर पहुंच गए और सुरक्षा के मद्देनजर यातायात रोक दिया। वहीं एसएनटी टीम के प्रशांत परिहार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों सिलेंडर बूम लगाकर क्षतिग्रस्त बूम को ठीक कराया। घटना की सूचना आरपीएफ प्रभारी एनके यादव को भी दी गई। बाद में मौके पर पहुंची एएसआई मनोज कुमार ने कार और चालक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बनाई रणनीतिः टेट के विरोध में शिक्षक 17 मार्च को निकालेंगे मशाल जुलूस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सेवारत शिक्षकों को टेट अनिवार्यता के विरोध में यूनाइटेड टीचर्स एसो (यूटा) ने मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को दिबियापुर स्थित पोरवाल बिल्डिंग में यूटा मंडल अध्यक्ष नीरज राजपूत के निर्देश पर यूटा की बैठक में संगठन के विस्तार व शिक्षक समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई।

बैठक में जिला महामंत्री विनय कुमार ने वर्तमान परिपेक्ष्य में शिक्षक समस्याओं और उनके निराकरण के लिए शीघ्र बीएसए से मिलने हेतु कहा। उन्होंने संगठन के पुनर्गठन व संचालन व विभिन्न आंदोलनों की रूप रेखा पर चर्चा की। जिला पदाधिकारियों के साथ निर्णय लिया कि पुनर्गठन तक संगठन की सभी ब्लॉक इकाइयां पूर्ववत कार्य करेंगी। जिलाध्यक्ष ओमजी पोरवाल ने बताया कि संगठन के कुशल संचालन के लिए फिलहाल चार ब्लॉकों में ब्लॉक प्रभारियों की घोषणा की गई जो ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने व संगठन के संचालन में पूर्व में कार्यरत ब्लॉक टीमों का सहयोग करेंगे। मुर्शीद सिद्दीकी को भाग्यनगर, अवनीश शाक्य को विधूना, अवनीश राजपूत को अछल्दा व शशिकांत गौतम को अजीतमल यूटा प्रभारी बनाया गया है। 17 मार्च को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर टेट अनिवार्यता के खिलाफ मशाल जुलूस कार्यक्रम होगा। जिसके लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान जिला संयुक्त मंत्री धर्मेंद्र अम्बेडकर, मुहित सिद्दीकी नेत्रपाल सेंगर, शशिकांत गौतम, प्रवीण त्रिपाठी, राहुल यादव, नरेंद्र कुशवाहा, हेमंत प्रजापति आदि रहे।



बैठक कर रणनीति बनाते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

# अयाना–लछमनपुर मार्ग की मरम्मत को मंजूरी, 28 लाख रुपये होंगे खर्च

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिले के अयाना–लछमनपुर मार्ग की खराब स्थिति को देखते हुए इसकी मरम्मत के लिए 28.60 लाख रुपये की स्वीकृति दे दी गई है। परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्य ठेकेदार को आवंटित कर दिया जाएगा। ठेकेदार को लगभग दो माह के भीतर सड़क की मरम्मत कर उसे सुचारु रूप से चालू करने के निर्देश दिए जाएंगे।

वर्तमान में अयाना– लछमनपुर मार्ग की स्थिति काफी खराब है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं और कई स्थानों पर सड़क की सतह उखड़ चुकी है। इससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ-साथ पैदल चलने वाले लोगों का भी इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से समस्या और बढ़ जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। अयाना–लछमनपुर मार्ग क्षेत्र के कई गांवों के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इस सड़क से अयाना, लालपुर, लछमनपुर, नगला बंजारा सहित आसपास के कई छोटे गांव जुड़े हुए हैं। इन गांवों के लगभग 12 हजार लोग बाजार, स्कूल, अस्पताल और तहसील मुख्यालय तक पहुंचने के लिए रोजाना इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अमर सिंह ने बताया कि प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है और टेंडर प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया पूरी होते ही सड़क मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को जल्द राहत मिल सकेगी।

# सांसद ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर अछल्दा में कट की मांग केंद्रीय परिवहन मंत्री से की

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** इटावा सांसद जितेंद्र कुमार दोहरे ने नई दिल्ली स्थित आवास पर नितिन गड़करी केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से मुलाकात की। उन्होंने अछल्दा से निकलने वाले एक्सप्रेसवे में अछल्दा में कट देने का मांग पत्र उन्हे सौंपा। कहा कि संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अछल्दा नगर पंचायत और उसके आसपास के अनेक गांव है कट बनने से लोगों को सुविधा मिलेगी।

कहा कि इसमें सर्विस रोड का निर्माण तो किया गया है, किंतु वाहनों के चढ़ने-उतरने हेतु आवश्यक प्रवेश एवं निकास कट उपलब्ध नहीं है। अछल्दा नगर पंचायत तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों, किसानों एवं व्यापारियों को आवागमन के लिए करीब 30 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इससे किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने तथा कृषि उत्पाद के परिवहन में कठिनाई होती है। स्थानीय जनता को भी दैनिक आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है। मांग की है कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वें के किमी 242 से किमी 245 के मध्य (अछल्दा क्षेत्र के निकट) सर्विस रोड पर आवश्यक प्रवेश एवं निकास कट प्रदान कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की कृपा करें, जिससे नगर पंचायत सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सके।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करते सांसद। अमृत विचार

# नोडल शिक्षक, सुगमकर्ता मिशन शक्ति की महत्वपूर्ण कड़ी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नोडल शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र अछल्दा में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तथा महिला थाना से हेमलता, नेहा एवं एसएसआई उमेश चंद्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से विद्यालयों में बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास, सुरक्षा और स्वावलंबन की भावना से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। नोडल शिक्षक और सुगमकर्ता इस अभियान की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो विद्यालय और समुदाय स्तर पर बालिकाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान सुगमकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयों में बालिकाओं के परिवेश में आए सकारात्मक बदलाव तथा मिशन शक्ति से जुड़ी गतिविधियों को चार्ट-पोस्टर और पीपीटी के माध्यम से साझा किया।

महिला थाना की हेमलता ने बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक रहने का संदेश दिया। वहीं जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रक्षा चौहान ने पावर एंजेल और मीना मंच को मिशन शक्ति से जोड़ते हुए सभी ब्लॉक नोडल एवं सुगमकर्ताओं से विद्यालय और गांव स्तर पर 'सशक्त नारी-समृद्ध प्रदेश' की अवधारणा को साकार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर महेश कुमार शर्मा ने कहा कि मीना मंच कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को टूल-10 भरवाना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इस अवसर पर एसआरजी अलका यादव, मास्टर ट्रेनर अरुण कुमार, सत्यम दुबे, अतुल मिश्रा सहित जनपद के सभी मीना मंच नोडल शिक्षक और सुगमकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

- ब्लॉक संसाधन केंद्र अछल्दा में हुआ नोडल शिक्षक सम्मान

रमजान

नमाज के दौरान क्षेत्र में अमन-चैन और भाईचारे का माहौल देखने को मिला

# अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** रमजान के पवित्र महीने के आखिरी जुमा यानि अलविदा जुमा के मौके पर शुक्रवार को कुदरकोट और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में अकीदतमंदों ने नमाज अदा की। नमाज के दौरान पूरे क्षेत्र में अमन-चैन और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। रोजेदारों और नमाजियों ने अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाकर मुल्क में शांति, तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगीं।

अलविदा जुमा के मौके पर सुबह से ही मस्जिदों में नमाजियों का आना शुरू हो गया था। जुमे की नमाज के समय तक मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं और कई जगह लोगों को मस्जिदों के बाहर भी नमाज अदा करनी पड़ी। नमाज के दौरान लोगों ने पूरे मन से इबादत की और रमजान के पाक महीने की बरकतों के लिए अल्लाह का शुक्र अदा किया।

कस्बा कुदरकोट की जामा मस्जिद के शाही इमाम मुहम्मद तौसीफ रजा ने अलविदा जुमा की नमाज अमन और अकीदत के साथ अदा कराई। नमाज से पहले अपने बयान में उन्होंने रोजेदारों को रमजान के महत्व और इस महीने की फजीलत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रमजान रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है, जिसमें इंसान को नेक कामों की ओर बढ़ना चाहिए। इमाम मुहम्मद तौसीफ रजा ने अपने बयान में कहा कि कुरआन शरीफ में बार-बार जकात का जिक्र आता है और इस्लाम में जरूरतमंदों की मदद को बहुत बड़ा दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि असली नेकी सिर्फ यह नहीं कि इंसान अपना रुख मशरिक और मगरिब की ओर कर ले, बल्कि असल नेकी यह है कि इंसान अल्लाह, कयामत के दिन, फरिश्तों, अल्लाह की किताब और नबियों पर ईमान लाए और अल्लाह की मोहब्बत में अपना माल रिश्तेदारों, यतीमों, मिस्कीनों और जरूरतमंदों पर खर्च करे। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को चाहिए कि वह पाबंदी के साथ नमाज अदा करे, जकात दे और जरूरतमंदों की मदद करे। साथ ही जब कोई वादा करे तो उसे निभाए और तंगी, मुसीबत तथा कठिन परिस्थितियों में सब्र से काम ले। उन्होंने कहा कि यही लोग अल्लाह के करीब और सच्चे परहेजगार होते हैं।

नमाज के बाद मस्जिद में मौजूद हजारों नमाजियों ने हाथ उठाकर मुल्क में अमन-चैन कायम रहने, समाज में भाईचारा बढ़ने और देश की तरक्की के लिए दुआ मांगी। लोगों ने यह भी दुआ की कि अल्लाह सभी की इबादतों को कबूल फरमाए और दुनिया को हर तरह की परेशानी से महफूज रखे। अलविदा जुमा के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कस्बा कुदरकोट की जामा मस्जिद के साथ आसपास गांव की मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी की जाती रही। पुलिस की मौजूदगी के चलते नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।



नमाज के दौरान बैठे नमाजी। अमृत विचार

# अलविदा जुमा की नमाज, मांगी अमन-चैन की दुआ

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** शुक्रवार को रमजान का 24वां रोजा रहा। अगर 29 रमजान को ईद का चांद नजर नहीं आया तो आने वाले 20 मार्च शुक्रवार को एक और अलविदा जुमा पड़ सकता है। रमजान में पड़ने वाले अंतिम जुमा (शुक्रवार) को अलविदा जुमा कहा जाता है। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने वालों की संख्या ईद की नमाज जैसी होती है और मस्जिदें खचाखच भरी होती हैं। जहां क्षेत्र के दूर दराज के मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में पहुंचकर अलविदा जुमा की नमाज अदा करते हैं।

शुक्रवार को पवित्र माह रमजान का चौथा जुमा को अलविदा जुमा के रूप में मनाया गया। नगर के आस्ताना आलिया स्थित जामा मस्जिद में कारी अय्यूब चिश्ती, दरगाह पीर बुखारी शाह मस्जिद में सैयद गुलाम अब्दुस्समद मियां चिश्ती तथा मुहल्ला तरीन स्थित मदीना मस्जिद में हाफिज़ अदील ने अलविदा जुमा की नमाज अमन व अकीदत के साथ अदा कराई, और नमाज के बाद मुल्क में अमनचैन क़ायम रहने की दुआएं मांगी गयीं। नमाज से पहले मस्जिदों में उलमाए इकराम ने रमजान की फजीलत व और उसका एहतिराम करना तथा ईद की नमाज से पहले सदक -ए-फितर अदा करने तथा अपने माल की ठीक ठीक जकात अदा करने की जानकारी दी। जामा मस्जिद आस्ताना आलिया में मौलाना सैयद मजहर मियां चिश्ती ने जानकारी देते हुए बताया माल की जकात निकलने से माल महफूज हो जाता है और माल में कोई कमी नहीं आती बल्कि अल्लाह की राह में माल खर्च करने से माल बढ़ता है, जो लोग अपने माल की जकात नहीं निकालते हैं उनका माल कयामत के दिन सांप की शक्ल में उनके गलों में लटका दिया जाएगा। वहीं उन्होंने सदक-ए फ़ित्र और ईद की नमाज के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस साल सदक-ए-फित्र की कीमत 60 रुपये रखी गयी है जो ईद की नमाज़ से पहले अदा करना बेहतर है। उन्होंने बताया कि ईदगाह में ईद की नमाज़ आठ बजे और जामा मस्जिद आस्ताना आलिया समदिया में नौ बजे ईद की नमाज़ अदा की जाएगी।

सूचना

मैं, मीना देवी पत्नी स्व. संतोष कुमार हबलदार (गनर आर्मी नंबर 15157367A पुत्र स्व. टीकाराम निवासी ग्राम खुमानपुर, बघईपुर थाना अछल्दा (औरैया) की रहने वाली हूँ। मैं यह सार्वजनिक रूप से सूचित करती हूँ कि मेरे पुत्रों के नाम एवं जन्मतिथि कुछ सरकारी अभिलेखों में त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गए हैं, मेरे बड़े पुत्र का सही नाम शिवम यादव है तथा उनकी सही जन्मतिथि 10.07.2005 है। जबकि कुछ अभिलेखों में शिवम, जन्मतिथि 10.07.2001 गलत दर्ज है। मेरे छोटे पुत्र का सही नाम ममतेश कुमार है तथा उनकी सही जन्मतिथि 12.09.2007 है। जबकि कुछ सरकारी अभिलेखों में उनकी जन्मतिथि 12.09.2003 गलत दर्ज है। अतः सभी संबंधित विभागों व अभिलेखों में उपरोक्त सही नाम एवं जन्मतिथि ही मान्य की जाए। भविष्य में इन्हें इसी सही विवरण के अनुसार जाना जाए। –मीना देवी पत्नी स्व. संतोष कुमार निवासी ग्राम खुमानपुर, बघईपुर थाना अछल्दा जिला औरैया पिन कोड 206241

# सिंचाई विभाग की बंधी पर कब्जा, 95 लोगों को समन

## एसडीएम कोर्ट ने कब्जाधारियों को समन भेजकर 18 मार्च को तबक किए साक्ष्य

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- सिंचाई विभाग महोबा ने 2024 में दाखिल किया था वाद
- इसी बंधी पर बना इंडियन लॉज लव जिहाद मामले में सीज

**अमृत विचार।** कस्बे की बंधी क्षेत्र में अवैध कब्जे के मामले में एसडीएम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए कब्जा करने वाले करीब 95 लोगों को नोटिस जारी किया है। सभी को 18 मार्च को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कस्बे में सिंचाई विभाग की बंधी संख्या दो को ध्वस्त करके लोगों ने आलीशान आवासीय भवन,कार्यालय एवं प्रतिष्ठान बना लिए है। इस मामले को लेकर रहटिया निवासी श्याम बाबू ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। इस मामले में वर्ष 2021 में उच्च न्यायालय ने बंधी पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने का आदेश दिया था। हालांकि लंबे समय तक इस आदेश पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी और मामला प्रशासनिक स्तर पर लंबित पड़ा रहा।



सिंचाई विभाग की बंधी पर कब्जा कर बनाई गईं दुकान और मकान। अमृत विचार

बाद में सिंचाई विभाग महोबा ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए वर्ष 2024 में एसडीएम न्यायालय में वाद दाखिल किया। विभाग का कहना है कि बंधी सार्वजनिक जलस्रोत होने के साथ-साथ सिंचाई व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है और उस पर किए गए अतिक्रमण से जल निकासी व पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। इसी वाद की सुनवाई करते हुए एसडीएम कोर्ट ने अब कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर 18 मार्च को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष और साक्ष्य प्रस्तुत करने को कहा है। बता दें कि इसी बंधी को ध्वस्त करके बनाए गए इंडिया उर्फ इंडियन लाज में 15 जनवरी को लव जिहाद एवं दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने इस लाज को घटना स्थल मानते हुए सीज कर रखा है। इस घटना पर हिंदूवादी संगठनों ने इस लाज को ध्वस्त करने की मांग करते आ रहे है।

# 24 घंटे में महिला सहित तीन लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- महिला के पिता ने हत्या की जताई आशंका, पोस्टमार्टम कराया गया
- युवकों के शवों का पोस्टमार्टम कराए बिना अंतिम संस्कार



शालिनी।



कल्लू।



प्रदीप कुमार।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के तीन स्थानों पर 24 घंटे के अंदर तीन लोगों ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दो शवों का पोस्टमार्टम कराए बिना अंतिम संस्कार कर दिया गया, जबकि महिला का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

क्षेत्र के टेढ़ा गांव में हरीबाबू कुटार की पत्नी शालिनी (25) ने गृहकलह के चलते घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हरीबाबू ने बताया कि जब घर के लोग काम के लिए खेत चले गए थे, तभी पत्नी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। चार साल पहले शादी हुई थी। वहीं शालिनी के पिता नंदकिशोर निवासी पंधरी ने दहेज उत्पीड़न के तहत हत्या की आशंका जताई है। मृतका के नजदीकी रिश्तेदार पंधरी के प्रधान प्रतिनिधि रजत कुटार ने बताया कि दहेज को लेकर ससुरालीजन इसके पहले भी मारपीट कर चुके थे।

दूसरी घटना में चंदपुरवा गांव में अमन तिवारी उर्फ कल्लू (25 ) पुत्र केशव ने घर के अंदर ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि किसी बात को लेकर रात में विवाद हुआ था। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। मृतक के पिता केशव ने बताया कि अमन ट्रक ड्राइविंग करके परिवार का सहयोग करता था। किस कारण से आत्महत्या कर ली उन्हें जानकारी नहीं है। फैक्ट्री एरिया चौकी इंचार्ज राजबीर सिंह ने बताया कि उन्हें कोई सूचना नहीं है। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए इसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

तीसरी घटना फैक्टरी एरिया क्षेत्र में हुई। प्रदीप कुमार (40) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुत्र अभय कुमार ने बताया कि ई रिक्शा चलाते थे। रात में सभी लोग खाना खाकर सोये थे, तभी पिता ने आत्महत्या कर ली। चौकी इंचार्ज राजबीर सिंह ने बताया कि आत्महत्या का कारण नहीं पता चल सका। परिजनों के अनुरोध पर शव का पंचनामा कर बिना पोस्टमार्टम सौंप दिया गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया। पत्नी सुलोचना, पुत्र अभय कुमार, अमर कुमार व पुत्री गौरी रोते-बिलखते रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पत्नी को पीटकर घर से बाहर निकाला

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के छानी बुजुर्ग गांव निवासी मधु पत्नी नीरज शर्मा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पति शराब पीने का आदी है। शराब के नशे में आए दिन मारपीट करता है। रात को शराब के नशे में आकर महिला के साथ अभद्रता करते हुए जमकर मारपीट कर घर से बाहर कर दिया। महिला ने दरवाजे के बाहर बैठकर रात बिताई। सुबह ने पति के खिलाफ थाना में तहरीर दी है। एसआई रविशंकर मिश्रा ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है। पति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक ने साइकिल को टक्कर मारी

**बिवांर।** कस्बे के सिंचाई विभाग डाक बंगला के पास रहने वाले बाबूराम प्रजापति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पुत्र प्रदीप दुकान का सामान खरीदने साइकिल से बाजार गया था। बांधुर तिराहे के पास महोबा के चरखारी थाना क्षेत्र के सूपा निवासी मनीष ने बाइक से टक्कर मार कर घायल कर दिया। एसआई रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कर बाइक सवार युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### उलाहना देने पर युवती से मारपीट

**बिवांर।** थानाक्षेत्र के ढुनगवां गांव निवासी रेनू पुत्री रवि प्रकाश के मोबाइल फोन पर गांव का युवक राज पुत्र मानसिंह जबरन फोन कर परेशान करता चला रहा है। उसके मना करने के पर युवक मान नहीं रहा है। युवती द्वारा परिजनों से उलाहना देने पर युवक ने अभद्रता करते हुए उसके साथ मारपीट की। युवती ने थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। एसआई महेंद्र सिंह ने युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### देवर ने भाभी के साथ की मारपीट, चालान

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के असुई गांव निवासी आरती देवी की जमीन में देवर अखिलेश पुत्र राम सजीवन जबरन शौचालय का गड्ढा खोद रहा था। आरती के विरोध किए जाने पर उसके साथ अभद्रता करने के साथ थप्पड़ घूंसों से जमकर मारपीट कर दी। भाभी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### युवक के खाते से 55 हजार रुपये निकाले

**राठ।** कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ले के मोहम्मद जावेद ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे उसके मोबाइल फोन पर एक मैसेज आया। मैसेज में क्लिक करते ही उसके खाते से 55 हजार रुपये अज्ञात साइबर अपराधियों ने निकाल लिए। कोतवाल ने बताया जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बक्सा तोड़ ले गए लाखों के जेवरात

**राठ।** कैथी गांव निवासी सुंदर ने बताया कि गुरुवार की रात चोर उसके मकान में घुसे और कमरे का ताला तोड़ बक्से से लाखों के सोने चांदी के जेवरात ले गए। सुबह जब वह सोकर उठा और कमरे में सामान बिखरा था। चोर करीब दो लाख रुपये कीमत के जेवरात ले गए हैं। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### लकड़ी बीनने पर दो पक्षों में मारपीट

**राठ।** चरखारी रोड निवासी हरचरन ने बताया कि उसकी पत्नी भानकुंअर लकड़ियां बीनने गई थी। परचून के दुकानदार, उसकी पत्नी और दोनों पुत्रों ने उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर दी। जब वह, पुत्री गंगोत्री और पुत्र महेश बचाने के लिए दौड़े तो उनके साथ भी मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष की रामरती ने तहरीर देकर बताया कि हरचरन और उसके परिवार के लोगों ने गुमटी पर बैठे उसके पुत्र ओमप्रकाश के साथ मारपीट की। जब वह और उसके पति श्यामलाल बचाने के लिए दौड़े तो सभी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटा। दुकान में आग लगाने की धमकी दी।

### कार्यकर्ताओं को बताईं राजनीतिक चुनौतियां

**सुमेरपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत सुमेरपुर पूर्वी एवं पश्चिम मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम युग चेतना महाविद्यालय में जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिविर में कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, इतिहास, कार्यपद्धति और अंत्योदय के सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की गई।



सम्मान और प्रमाण पत्र के साथ स्वच्छता कर्मी। अमृत विचार

# स्वच्छता के लिए महिलाओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी लेडी स्वच्छता थीम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद् द्वारा पार्क में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में योगदान देने वाली महिला सफाईमित्र व् स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को प्रस्थति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महिलाओं के समर्पण, परिश्रम एवं स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की गई। कहा गया कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छ, स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी मोहित शर्मा,मनीष भारद्वाज एवं मोहित शर्मा के साथ तमाम लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र की एजेंसियों से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ठप

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गैस एजेंसियों में पिछले एक सप्ताह से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे उपभोक्ता परेशान है।

ब्लॉक क्षेत्र में विवेक इंण्डेन गैस सुरौली बुजुर्ग, आकाश सोनी इण्डेन गैस इंगोहटा, हितैषी इंण्डेन छानी में एक सप्ताह से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ठप है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित इन गैस एजेंसियों में कुल 25 हजार उपभोक्ता है। सुरौली बुजुर्ग में 7 हजार, इंगोहटा में 8 हजार, छानी बुजुर्ग में 10 हजार उपभोक्ता है। सुरौली बुजुर्ग में 2 मार्च के बाद आपूर्ति नहीं हुई। छानी और इंगोहटा में 9 मार्च के बाद आपूर्ति ठप है। इन तीनों एजेंसियों में गैस सिलेंडर की उपलब्धता शून्य है,



गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी उपभोक्ताओं की भीड़। अमृत विचार

- बुकिंग नहीं होने और फोन भी नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान

इससे उपभोक्ता परेशान है। एजेंसी धारकों ने बताया कि उपभोक्ता सर्वर डाउन होने के चलते बुकिंग भी नहीं कर पा रहे हैं। कस्बे की एचपी गैस एजेंसी में शुक्रवार को गैस नहीं आई गुरुवार को आए सिलेंडरों का वितरण शुक्रवार को किया गया। उपभोक्ता रामदास, गीता, किशन साहू, अरुण कुमार, कमल यादव, रंजीत कुमार, सोनू गुप्ता आदि ने बताया कि बुकिंग नहीं हो रही है। सभी नंबर बंद हैं। हेल्पलाइन में भी फोन नहीं लग रहा है।

# कच्चे घर में आग से बेटी की शादी का सामान जला

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- नींद में डूबा था परिवार, आधी रात के बाद अचानक भड़की आग
- गृहस्थी का पूरा सामान जलने से गरीब परिवार मुसीबत में

**अमृत विचार।** कस्बे के हरचंदन तालाब के पास स्थित वार्ड संख्या सात में बृहस्पतिवार की रात अज्ञात कारणों से एक कच्चे मकान में आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

वार्ड निवासी प्रेमचंद पुत्र महादेव साहू ने बताया कि वह दिनभर मजदूरी करने के बाद रात में घर आकर सो गया था। देर रात करीब 12:30 बजे अचानक घर में आग भड़क उठी। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि पुत्री कीर्ति की शादी



आग से जला मकान और सामान।

इसी साल करना है। शादी के लिए खरीदा गया दहेज व अन्य सामान भी आग में जल गया। जिससे करीब दो लाख के नुकसान की संभावना है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

## ढोलक की थाप पर गूंजे फाग



पौथिया क्षेत्र के ललपुरा गांव के राम-जानकी मंदिर परिसर में शुक्रवार को होली महोत्सव के उपलक्ष्य में फाग गायन का आयोजन हुआ। इसमें फगुआरों ने एक-दूसरे के अबीर-गुलाल लगाई और गले मिलकर होली की बधाई दी। इस मौके पर जवाबी फाग गायन का आयोजन हुआ। ढोलक की थाप और मंजीरे की खन-खन के साथ फाग गायन में लोग जमकर झूमे। इस मौके पर राजेंद्र बीर सिंह चौहान, शिवबीर सिंह, नवाब सिंह, रघुबीर सिंह, मनोहर सिंह आदि मौजूद रहे। ● अमृत विचार

## अलविदा जुमा की नमाज में उठे हाथ

**मौदहा।** कस्बा सहित क्षेत्र में शांति पूर्वक माहौल में अलविदा जुमा की नमाज हुई। अलविदा जुमा को लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना दिखा। आलाधिकारी नगर का भ्रमण कर जायजा लेते रहें।

अलविदा जुमा को लेकर सुबह से ही नगर पालिका की टीम सफाई में जुटी रही। एक बजे नगर सहित क्षेत्र की आधा सैकड़ा मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज़ सकुशल माहौल में संपन्न हुई। अलविदा जुमा की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन नगर सहित क्षेत्र में पूरी तरह से मुस्तैद रहा। कस्बे की जामा मस्जिद में शहर काजी मौलाना करामत उल्ला, मस्जिद रहमानिया में कारी सनाउल्लाह, मस्जिद कायम कुआं में पेश इमाम मेराजुद्दीन, मस्जिद चौधराना में मौलाना अताउर्रहमान सहित अन्य मस्जिदों में पेश इमामों के द्वारा अलविदा जुमा की नमाज अदा करवाई गई।

# संघ लोक सेवा आयोग में चयनित हुए डॉ.यशवर्धन ने समाधि पर टेका माथा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** यूपीएससी परीक्षा में 212 वीं रैंक लाने वाले डॉ.यशवर्धन राजपूत के पहली बार अपने गृह नगर आने पर स्वागत किया गया। डा.यशवर्धन राजपूत ने सबसे पहले स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर पहुंच माथा टेका। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

नगर के प्रतिष्ठित स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर तैनात डॉ.सुरेंद्र राजपूत के सुपुत्र डॉ.यशवर्धन राजपूत ने अपने तीसरे प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए ऑल इंडिया में 212 रैंक हासिल की है। शुक्रवार की दोपहर बाद अपने गृह नगर में पहली बार आगमन पर उन्होंने सर्वप्रथम स्वामी ब्रह्मानंद जी की समाधि स्थल पर पहुंचकर



स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते डा .यशवर्धन।

- यूपीएससी की परीक्षा में ऑल इंडिया में 212 रैंक हासिल की

पुष्पांजलि करते हुए माथा टेका। इस मौके पर भाजपा विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, भाजपा नगर अध्यक्ष महेंद्र गांधी, ग्रामीण इकाई के अध्यक्ष करन सिंह राजपूत,भाजपा जिला महामंत्री डॉ.उमाकांत राजपूत, डॉ.दृगपाल राजपूत, नीतू भटनागर, लक्ष्य परिवार के धर्मपाल राजपूत, वीरपाल राजपूत, अमर सिंह बाबा, कांग्रेस युवा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत राजपूत, हरिकिशन राजपूत, सभासद जगदीश कोटेदार, जयसिंह वकील सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

बारीकियां समझाईं

राष्ट्रीय कार्यक्रम-2025 के तहत पोषण के साथ पढ़ाई कार्यक्रम का दिया गया प्रशिक्षण

# खेल आधारित गतिविधियों से करेंगे बच्चों का विकास

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

कस्बे के ब्लॉक सभागार में बाल विकास परियोजना के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का दूसरे दिन प्रशिक्षण हुआ। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय पाठ्यक्रम 2025 के तहत पोषण के साथ पढ़ाई कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष की बालक बालिकाओं को शिक्षा का ज्ञान कराना मुख्य उद्देश्य है जिससे बच्चों को खेल शिक्षा के माध्यम से बौद्धिक विकास करना जिससे बालक बालिकाओं में एकाग्रता, रचनात्मक,आत्म-अभिव्यक्ति जागरूकता, शब्दावली का विकास हो सके बच्चे शिक्षा को बोझ महसूस न कर सके पढ़ाई में रुचि लें। तीन से चार वर्ष के बच्चों को चित्रकला के माध्यम से 4 से 5 वर्ष के बच्चों को कहानियां के माध्यम से तथा 5 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को अक्षर ज्ञान का खेल आधारित शिक्षा के माध्यम से ज्ञान करना है प्रशिक्षण मुख्य सेविका पूजा देवी ने दिया।



प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जानकारी देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

## बच्चों के समग्र विकास का दिया गया प्रशिक्षण

**सुमेरपुर।** बाल विकास परियोजना के ब्लाक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाना रहा। शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी नम्रता गुप्ता, मुख्य सेविका कामिनी पाल, वंदना देवी, आरती सिंह तथा ब्लॉक समन्वयक मो. आमिर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आधारशिला पुस्तक के माध्यम से खेल आधारित शिक्षण पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बच्चों की आयु के अनुसार सीखने की गतिविधियां



सुमेरपुर में प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

आयोजित करने, उनकी बौद्धिक क्षमता विकसित करने और पूर्व में सीखी गई बातों को मजबूत करने के महत्वपूर्ण तरीके बताए गए। अधिकारियों ने कहा कि खेल-खेल में शिक्षा देने से बच्चों की रुचि बढ़ती है और उनका सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है। प्रशिक्षण में क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सक्रिय सहभागिता की।

# वैज्ञानिक जागरूकता से मिटेगा अंधविश्वास

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषय पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** राजकीय हाईस्कूल रीवन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन विषय पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएचसी चिकित्सा अधिकारी डॉ.शिवदत्त ने छात्रों को स्वच्छता, मोबाइल के कम प्रयोग और भीषण गर्मी से बचाव के टिप्स दिए।

जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ.जी.के द्विवेदी ने कार्यक्रम में विशेषज्ञ रमाकांत ने वैज्ञानिक प्रयोगों के जरिए अंधविश्वास की पोल खोली। इस दौरान छात्रों ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। वहीं पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता में शुभांगी व शनि प्रथम, महक व लक्ष्मण द्वितीय



छात्र को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

और अंजलि व अभिषेक तृतीय स्थान पर अव्वल हुए। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार प्रजापति ने की। इस अवसर पर डॉ. विमलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ.जुनैद, किरण सिंह और प्रद्युम्न पाठक सहित अनेक शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दबंग ने बैंक में काटा हंगामा, अभद्रता की

**महोबा।** कोतवाली चरखारी के रिवई गांव में स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में एक दबंग डिफाल्टर होने के बावजूद अपने साथियों के अनाश्यक दबाव बनाते हुए जमकर हंगामा काटा साथ ही बैंक कर्मचारियों से अभद्रता भी की। बैंक के हेड कैशियर ने दबंग के खिलाफ थाने में तहरीर देकर दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में बैंक कैशियर फूल सिंह ने बताया कि गांव का दबंग पुष्पेन्द्र सिंह बैंक का डिफाल्टर है और वह बैंक आया और अपनी पत्नी के खाते का भुगतान कराने की बात कहने लगा, जिस पर कैशियर खाताधारक को पेमेंट करने की बात कही। बताया कि यह बात सुनकर दबंग नाराज हो गया और अपने साथियों के गाली गलौज करने लगा साथ ही अन्य बैंक कमियों के साथ अभद्रता करते हुए कार्य में व्यवथान डालने लगा। बताया कि दबंग पर पहले से हत्या का मुकदमा दर्ज है साथ ही बैंक का डिफाल्टर होने के बावजूद बैंक कर्मियों पर पत्नी के खाते से पैसा निकालने का अनावश्यक दबाव बनाया। हेड कैशियर ने पुलिस से दबंग पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### गिले-शिकवे भूल दो दंपति फिर साथ

**महोबा।** पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां पर मिशन शक्ति अभियान 5 के अन्तर्गत प्रभारी महिला थाना उपनिरीक्षक निकिता शुक्ला व परामर्श केंद्र सदस्यों की मौजूगी में कांउसलिंग करते हुए दो दंपत्ति जोड़ों के बीच की समस्याओं को आपसी सहमति के साथ समाप्त कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाने का काम किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम दौरान पति पत्नी के 15 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था उसकी गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया और दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान के लिए संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप दो पति पत्नी (दंपत्ति) पुन: आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए और शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुन: काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। परिवार परामर्श केन्द्र एवं जिला पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों ने सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। परामर्श कार्यक्रम दौरान महिला कांस्टेबल अनुप्रिया, आरती यादव सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर नीतू पालीवाल, अंशू शिवहरे, रामजी गुप्ता, मोहम्मद हनीफ आदि सदस्य मौजूद रहे।

# किशोर सागर तालाब के जल्द बहुरेंगे दिन

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने सुंदरीकरण के लिए किया भूमि पूजन

**1.8** करोड़ रुपये की लागत से अमृत टू योजना के तहत होगा सुंदरीकरण


तालाब के सुंदरीकरण के लिए भूमि पूजन करते विधायक बृजभूषण राजपूत।

**अमृत विचार।** नगर के बीचोंबीच मुख्य बाजार में स्थित ऐतिहासिक किशोर सागर तालाब के दिन अब जल्द ही बहुरने वाले हैं। शुक्रवार को चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया और अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार की मौजूदगी में भूमि पूजन कर अमृत टू योजना के अंतर्गत सुंदरीकरण और निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह तालाब खुदाई के बाद तीन वर्षों से बदहाल स्थिति में पड़ा था। नगरवासियों ने सुंदरीकरण को लेकर खुशी जताई।

ऐतिहासिक किशोर तालाब के बगल में रामलीला मैदान है। पहले यहां रामलीला कार्यक्रम के दौरान हनुमान लंका दहन करने के लिए तार झूले से पूंछ में आग लगाकर आया करते थे, जिसे देखने के लिए हजारों दर्शकों की भीड़ तालाब किनारे जुटा करती थी, लेकिन समय के साथ बदलाव आता गया और इस तालाब में बस्ती का गंदा पानी जमा होने लगा, जिसकी दुर्गंध से बाजार में बैठने वाले लोगों की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जागरूक लोगों की मांग पर नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष वंदना सिंह ने तीन वर्ष पहले अपने कार्यकाल में इस तालाब का गन्दा पानी निकालकर खुदाई कराई थी, लेकिन उसके बाद फिर से वही स्थिति हो गई थी। इस ऐतिहासिक किशोर सागर तालाब के सुंदरीकरण के लिए मुख्य अतिथि चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने शुक्रवार को भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस भूमि पूजन का मंत्रोच्चारण पंडित संतोष चतुर्वेदी ने किया। वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने इसके सुंदरीकरण के लिए काफी प्रयास किया और कामयाबी भी हासिल हुई।

चेयरमैन ने बताया कि चरखारी विधायक के सहयोग से अमृत टू योजना के तहत 1 करोड़ 8 लाख रुपये की लागत से किशोर सागर तालाब के सुंदरीकरण के लिए धन आवंटन हो गया है। जल्द ही नगर पंचायत इसका सुंदरीकरण कराकर स्वच्छ वैभवशाली नगर बनाएगा। कार्यक्रम का संचालन नीतेन्द्र चौबे ने किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष माधव कुशवाहा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष कमलेश सक्सेना, महेन्द्र अवस्थी भीष्म, विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत, शरद नेता, राकेश अरजरिया, पूर्व चेयरमैन गोपीबाबू अनुरागी, सन्तोष पालीवाल, डॉ. लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सगीर खां पहलवान, बार अध्यक्ष लक्ष्मन सिंह, देवपाल पासवान, शिवनारायण खरे, श्रीप्रकाश अरजरिया, वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम किशोर सोनी, डॉ. आत्म प्रकाश वर्मा, नंद किशोर गुप्ता, काशी प्रसाद अहिरवार, उमाशंकर मिश्रा मुढ़ारी, केदारनाथ सक्सेना, डॉ. करीम बख्श, संजय अग्रवाल, डॉ. आशीष खरे, लोकतंत्र सेनानी गोपाल मिश्रा, इमाम बख़्श, ठेकेदार काजू अग्रवाल, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, संतोष सुल्लेरे, हरीदास अनुरागी, दुर्गेश सोनी सहित सैकड़ों लोग एवं नगर पंचायत के सभासद मौजूद रहे।

# भर्ती परीक्षा के लिए पुलिस तैयार


पुलिस लाइन में शुक्रवार को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। अमृत विचार


ब्रीफ करते एसपी और एएसपी।

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- परीक्षा में लगाए गए अधिकारियों कर्मचारियों को कराया अभ्यास
- एसपी ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा बेहतर बनाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** एसपी प्रबल प्रताप सिंह एवं एएसपी वंदना सिंह ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा 2025 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए रियल टाइम रिहर्सल कराई। परीक्षा के दिन की संपूर्ण व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास कराया गया, जिसमें परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, चेकिंग, यातायात व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन तथा केन्द्रों पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी एवं उनकी जिम्मेदारियों के संबन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

रिहर्सल से यह सुनिश्चित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा सुरक्षा संबन्धी समस्या उत्पन्न न होने पाए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान सतर्कता, अनुशासन एवं समन्वय के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें। इस अवसर पर सभी सीओ, थाना प्रभारी, परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त पुलिस अधिकारी, कर्मचारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा को देखते हुए एसपी व एएसपी की मौजूदगी में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गई। ब्रीफिंग दौरान पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए। अवैध गतिविधि, नकल या संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करें साथ ही सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय से अपने अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करें।

# गैस एजेंसी में ताला, भीड़ का हंगामा

## सिलेंडर बुक कराने के लिए सुबह से एजेंसी में एकत्र हो गई थी भीड़, दोपहर एक बजे तक लगी रही कतार

कार्यालय संवाददाता, महोबा


गैस बुकिंग काउंटर के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं का मजमा लगा रहा। अमृत विचार

- इंतजार के बाद भी ताला नहीं खुलने पर मचाया हो-हल्ला
- नहीं हो सकी गैस बुकिंग, निराश होकर लौट गए उपभोक्ता

**अमृत विचार।** गैस की बढ़ती किल्लत के बीच शुक्रवार को इंडेन गैस एजेंसी का शटर गिराकर गैस बुकिंग बंद करने से नाराज लोगों ने खासा हंगामा किया। सुबह से ही एजेंसी के बाहर भारी भीड़ जुट गई थी, मगर दिन भर ताला नहीं खुलने पर बुकिंग कराने आए लोगों ने हो-हल्ला शुरू कर दिया। सुबह से दोपहर बाद एक बजे तक उपभोक्ता एजेंसी के बाहर बैठे रहे, लेकिन न तो एजेंसी का ताला खुला और न ही बोर्ड पर कोई सूचना चस्पा की गई, जिससे उपभोक्ता सारा दिन परेशान रहे। लोगों ने जिला पूर्ति अधिकारी को फोन भी किया, लेकिन कोई जवाब न मिलने पर बैरंग घर लौट गए।

जिले में इन दिनों एलपीजी गैस को लेकर मारामारी मची हुई है। सुबह से लोग गैस बुकिंग कराने के लिए काउंटर पर पहुंच जाते हैं। कुछ लोग पहले नंबर लगाने के चक्कर एजेंसी खुलने से पहले आठ बजे से ही डेरा जमा लेते हैं। शुक्रवार को भी सुबह से ही उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई, लेकिन एजेंसी के ताले न खुलने से घंटों बैठकर इंतजार करने के बाद उपभोक्ता नाराज हो गए और हो-हल्ला शुरू कर दिया। दोपहर बाद एक बजे तक एजेंसी के ताले नहीं खुलने के बाद परेशान उपभोक्ता अपने-अपने घर लौट गए।

गैस की दिक्कत को देखते हुए तमाम लोग गैस एजेंसी बंद होने के बाद भी दिन भर चक्कर काटते रहे, लेकिन शाम तक एजेंसी नहीं खुली और एजेंसी बंद होने का लोगों को कोई कारण भी नहीं पता चल सका, इससे गैस उपभोक्ता सारा दिन परेशान रहे। जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बाद भी गैस एजेंसी संचालक ने शुक्रवार को बुकिंग नहीं की।

एजेंसी संचालक द्वारा बताए गए नंबर पर कई-कई बार कॉल करने के बाद भी कोई संदेश भी नहीं आया, जिससे लोगों का धैर्य टूटता नजर आया।

### 8960200981 हेल्प लाइन नंबर जारी

- जिले में डीजल, पेट्रोल एवं घरेलू गैस सिलेंडर के मौजूदा हालातों को देखते हुए जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने हेल्पलाइन नंबर 8960200981 जारी कर दिया है। इस नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर समस्या का निराकरण करा सकते हैं। डीएम ने बताया कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियों से समन्वय स्थापित कर सुचारु रूप से पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। पिछली बुकिंग के हिसाब से शहरी उपभोक्ता 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता 45 दिन बाद गैस बुकिंग करा सकते हैं।


छड़ी मारने से बेसुध हुई महिला जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई। अमृत विचार

# ढोंगी बाबाओं ने सिर में मारी छड़ी, महिला अचेत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- लोगों ने एक ढोंगी बाबा को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया
- चरखारी क्षेत्र के नरेड़ी गांव की घटना, एक बाबा भाग निकला

**अमृत विचार।** चरखारी तहसील क्षेत्र के नरेड़ी गांव में तंत्रमंत्र के नाम पर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। सब्जी बेच रही एक महिला को दो बाबाओं ने बातों में उलझाकर डराया और जादू टोना करने का नाटक किया ओर पैसे मांगे, लेकिन महिला ने पैसे देने से मना कर दिय, जिस पर एक बाबा ने महिला के सिर पर छड़ी मारी और वह बेसुध हो गई। यह देख आसपास के दुकानदारों व खड़े लोगों बाबाओं का पकड़ा, लेकिन एक बाबा मौके से फरार हो गया।

नरेडी गांव निवासी कल्लू अपनी पत्नी रमा के साथ मुख्यालय में रहकर मजदूरी करता है। रमा घर चलाने में मदद के लिए पान मंडी में सब्जी बेचती है। शुक्रवार को रमा मंडी सब्जी बेच रही थी, तभी झोला टांगे हुए दो युवक उसके पास पहुंचे और भीख मांगने लगे। जब महिला ने पैसे देने से मना किया तो दोनों कथित बाबाओं ने उसे डराना शुरू कर दिया और कहा कि उसके साथ अनर्थ होने वाला है। महिला को मानसिक रूप से भयभीत करने के लिए उन्होंने अगरबत्ती और लोबान जलाया और दो गुलाब के फूल उसके सामने रख दिए। इसके बाद अचानक एक बाबा ने अपनी छड़ी महिला के सिर व हाथ पर मार दी, जिससे महिला बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ी।

यह मंजर देख आसपास मौजूद दुकानदारों और आढ़तियों में हड़कंप मच गया, बावजूद इसके लोगों ने बाबाओं को पकड़ना चाहा, लेकि एक बाबा मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरा आरोपी पकड़ा गया जिसकी लोगों ने पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए आरोपी को हिरासत में ले लिया।

वहीं बेहोश महिला को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। इलाज कर रहे डॉ. अमित राजपूत ने बताया कि महिला अत्यधिक घबराहट और बेचैनी की स्थिति में थी। प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत पर नजर रखी जा रही है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से फरार साथी व अन्य संभावित गिरोह के बारे में पूछतांछ करने में जुटी है।

# राष्ट्रपति-सीजेआई को पाती लिखेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- चरणवद्ध तरीके से पाती लिखने के लिए बैठक में तैयार की गई रणनीति

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक शुक्रवार को पुरानी कचहरी परिसर में हुई। बैठक में जिले के बेसिक विद्यालयों के शिक्षकों के साथ शिक्षक नेताओं ने आगे की रणनीति तय की। तय हुआ कि 15 मार्च को प्रांतीय आह्वान पर जिले के 14 संगठनों की बैठक होगी, जिसमें मनोज कुमार वर्मा, सुशील त्रिपाठी और प्रशांत सक्सेना के नेतृत्व में चरणवद्ध तरीके से प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया जाएगा। बताया गया कि पहले चरण में पाती लिखने का काम पूरा हो चुका है।

मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि 15 मार्च तक शिक्षक की पाती के नाम से पोस्टकार्ड, ईमेल एवं ट्यूटर के माध्यम से मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष व मुख्यमंत्री को शिक्षकों की पीड़ा से अवगत कराया जाएगा। तीन दिनों में जिले के लगभग 3000 से अधिक शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता को वापस लेने के लिए आग्रह किया जाएगा। पाती लिखने के लिए अलग अलग विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन आकर उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी।

बैठक में प्रथम चरण की सफलता के लिए सभी संयोजकों और सहसंयोजक सहित परिषदीय शिक्षक, कर्मचारियों की प्रशंसा की गई। सभी ने 2011 के पहले नियुक्त शिक्षकों पर टेट अनिवार्यता थोपे जाने के विरोध में सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करने की हुंकार भरी। बचे हुए तीन दिनों में जिले के ऐसे शिक्षक जिन्होंने अभी शिक्षक की पाती नहीं भेज पाई है उनसे भी पोस्टकार्ड, ईमेल व ट्वीट के माध्यम से भेजने का कार्य महासंघ करेगी, जिससे शिक्षकों की और उनके परिवारों की पीड़ा जिम्मेदारों तक पहुंच सके। बैठक में सभी संगठनों के संयोजक, सहसंयोजक व पदाधिकारी उपस्थित रहे।


राष्ट्रपति और मुख्य न्यायाधीश के नाम पाती दिखाते शिक्षक। अमृत विचार

# टुल्लू पंप चलाते समय करंट से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- डेढ़ घंटे बाद परिवार वालों को करंट लगने की हुई जानकारी


मनीष पचौरी।

**अमृत विचार।** खरेला के मानिक ग्राम में एक युवक टुल्लू पंप चलाते समय करंट की चपेट में आ गया। घर पर किसी पुरुष के न रहने और महिलाएं घरेलू काम में जुटी होने से युवक करीब डेढ़ घंटे तक अचेत पडा रहा। जब महिलाओं ने उसे जमीन पर पड़ा देखा तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मानिक गांव के अवतार पचौरी का पुत्र मनीष पचौरी (25) शुक्रवार सुबह पानी भरने के लिए टुल्लू पंप चलाने के लिए घर के बाहर तार लगाने गया, तभी करंट की चपेट में आ गया। घर पर महिलाएं थीं, जो घरेलू काम में लगी थीं और पुरुष खेत पर गए थे। करीब डेढ़ घंटे बाद जब मनीष को नाश्ते के लिए बुलाया तो कोई आवाज न आने पर बाहर जाकर देखा। वह अचेत पड़ा था। महिलाओं ने फोन कर परिवार वालों को जानकारी दी। करंट लगने की सूचना मिलते ही पिता व अन्य लोग पहुंचे और फौरन प्राइवेट वाहन से सीएचसी ले गए। डाक्टरों ने मनीष का परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों ने रोना पीटना शुरू कर दिया। स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि मनीष की शादी करीब तीन वर्ष पहले हुई थी और उनका एक छोटा बेटा भी है।

अब ईद की तैयारी — मस्जिदों में नमाज के बाद मुल्क की तरक्की और अमन-चैन की दुआएं, पेश इमाम की हर दुआ में आमीन-आमीन की सदाएं गूंजती रहीं

# पाकीजगी के साथ अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** रमजान के आखिरी जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ जुटी। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए लोग नहा-धोकर पाकीजगी के साथ मस्जिदों में दाखिल हुए और मुकर्रर वक्त पर अलविदा जुमा की नमाज अदा की। जुमे की नमाज को लेकर रोजेदार और नमाजियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। मुस्लिम बहुल इलाकों में सुबह से ही खासी चहल-पहल दिखी। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के बाद सभी ने मुल्क की तरक्की, अमन चैन और आपसी भाईचारा की दुआ मांगी।


अलविदा जुमा पर नमाज पढ़ते रोजेदार। अमृत विचार

अलविदा जुमा की नमाज शहर की करीब दो दर्जन से ज्यादा मस्जिदों में अदा की गई। अलविदा जुमा को लेकर मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ जुटने के कारण मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने मस्जिदों की छतों पर टेंट लगाकर नमाज पढ़ने का इंतजाम किया। अलविदा जुमे के चलते शहर की सभी जामा मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी रहीं। मस्जिद के अंदर, छतों पर नमाजियों ने नमाज अदा की और इसके बाद खुदवा और फिर दुआ का सिलसिला शुरू हुआ। पेश इमाम की हर दुआ में आमीन आमीन की सदाएं गूंजती रहीं।

अलविदा जुमा पर मौलाना हसन साहब ने कहा कि यह जुमा रमजान का आखरी जुमा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इंसान को ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने कामकाज के साथ-साथ इबादत और तिलावत में गुजारना चाहिए। मुबारक माह में अल्लाह ताआला बेशुमार नेमतें देता है और बरकतों से घरों को भर देता है। यही वजह है कि रमजान माह में ज्यादा से ज्यादा खर्च होने के बाद भी उसे कोई कमी का एहसास नहीं होता है।


नमाज के बाद मस्जिद से बाहर निकलते लोग। अमृत विचार

### पनवाड़ी में दुआ के लिए एक साथ उठे हजारों हाथ

- **पनवाड़ी।** रमजान माह के अलविदा जुमा पर नमाज से एक घंटे पहले से ही नमाजी मस्जिदों में पहुंचने लगे, ताकि नमाज के लिए जगह मिल सके। नमाज के बाद नमाजियों ने अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाकर देश की तरक्की, खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआएं मांगीं। कस्बे की हमीदिया मस्जिद, मुल्लनपुरा, मंडी, तालाब काजीपुर, बाजार बाली, पठानपुरा, जुलेहटी, काजीपुरा, देवगनपुरा, ब्लॉक और कचेहरी वाली सहित करीब एक दर्जन मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पूरे एहतराम और अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के दौरान सुरक्षा को लेकर प्रशासन भी मुस्तैद रहा। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

### मस्जिदों के बाहर में तैनात रहा फोर्स

- अलविदा जुमा की नमाज के वक्त मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स मुस्तैद रहा। दोपहर 12 बजे ही मस्जिदों के बाहर फोर्स पहुंच गया। पुलिस कर्मियों को एक दिन पहले ही ब्रीफ कर दिया गया था। पुलिस कर्मी गतिविधियों पर नजर बनाए रहे। शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा जुमा की नमाज हुई।

### ईद की नमाज का वक्त मुकर्रर

- शहरकाजी सैयद आफाक हुसैन ने ईद की नमाज का वक्त तय कर दिया है। ईदगाह में सुबह 8 बजे नमाज अदा होगी। जामा मस्जिद में हाफिज खालिद 8 :15 बजे, मगरियापुरा की नूरानी मस्जिद में हाफिज कारी सलीम 8 :30 बजे नमाज अदा कराएंगे।

# अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन रिसीव करें व शिकायतें निपटाएं

## विशेषाधिकार समिति के सभापति गोविंद नारायण शुक्ल ने अफसरों को दिए दिशा- निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सभापति गोविंद नारायण शुक्ल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मंडल के चारों जिलों के अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अफसरों से जनप्रतिनिधियों के फोन तुरंत रिसीव करने और उनकी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट, महोबा, बांदा, हमीरपुर ने बताया कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकाल और शिष्टाचार का पालन किया जा रहा है। प्रार्थनापत्रों पर की गई कार्रवाई से भी अवगत कराया जाता है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि जनप्रतिनिधियों का नंबर फीड कर लें। काल तत्काल रिसीव करें और छूट जाए तो काल बैक करें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि विधायक सदर अनिल प्रधान एवं राज्यमंत्री मनोहर लाल के सबसे अधिक पत्र आए हैं। इनका निस्तारण करा दिया गया है। समिति के सुनीता देवी लोढ़वारा के बैनामा के प्रकरण के संबंध में बताने पर अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि इसको एक महीने के अंदर निस्तारण कराएं और आख्या भेजें। सभापति के पूछने पर कि विकास की धनराशि किस प्रकार खर्च की जाती है।

सीडीओ डीपी पाल ने बताया कि जेम पोर्टल के माध्यम से टेंडर कराया जाता है। एक्सईएन लोक निर्माण विभाग जितेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में 57 करोड़ का लक्ष्य है। इसके तहत मरम्मत, नवनिर्माण, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण के कार्य किए गए हैं। इसमें धर्मार्थ के चार कार्य हैं। सभापति ने विद्युतीकरण, नलकूप, सिल्ट सफाई, सिंचाई, बाल संरक्षण, शिकायत प्रकोष्ठ, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, नगरीय क्षेत्रों में फुटपाथ की स्थिति, अतिक्रमण आदि की जानकारी ली। इस मौके पर बाबूलाल तिवारी सदस्य विधान परिषद शिक्षक परिक्षेत्र झांसी-प्रयागराज, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, उप सचिव विकास अग्रवाल, जिलाधिकारी महोबा गजल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, निजी सचिव जितेंद्र शर्मा, समीक्षा अधिकारी शलभ दुबे, प्रतिवेदक रामप्रकाश पाल सहित मंडल के चारों जिलों के अधिकारी मौजूद रहे।



विशेषाधिकार समिति के सभापति गोविंद नारायण शुक्ल का स्वागत करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

### सड़कों की गुणवत्ता की जांच करें

- सभापति ने कहा कि सड़कें खराब हैं, कभी स्थलीय निरीक्षण किया गया कि नहीं। जिलाधिकारी से 2025/2026 में टेंडरों की जानकारी की और निर्देश दिए कि समिति नामित करें और एक महीने के अंदर इसकी रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने मंडल के सभी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी सड़क गड्ढायुक्त नहीं रहनी चाहिए।

### नाले की क्वालिटी ठीक नहीं, जांच कराएं

- सभापति ने पूछा कि कामदगिरि क्षेत्र में सफाई रखी जाए। परिक्रमा मार्ग पर बहुत गंदगी है। जो नाला बन रहा है, उसकी क्वालिटी अच्छी नहीं है, उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि एक कमेटी गठित कर जांच कराएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य भगवान के नाम से हो रहा है तो अच्छा होना चाहिए।

### साइबर क्राइम पर भी दिया जाए ध्यान

- सभापति ने कहा कि इस समय साइबर क्राइम बड़ी समस्या है। इस पर एसपी ने बताया कि जिले में साइबर थाना है। साइबर सेल में दो आरक्षी लगाए गए हैं। लगभग अड़तीस प्रतिशत से ज्यादा धनराशि को रिफंड कराया गया है। सभापति ने कहा कि समिति के माध्यम साइबर अपराध संबंधी अलग से भर्ती कराई जाए।

### लेखपाल बन गया राजपाल

- सभापति ने दफ्तरों में फाइलों के अंबार पर भी नाराजगी जताई। कहा कि लेखपाल राजपाल बन गया है। उसके यहां पारिवारिक बंटवारा, दाखिल खारिज संबंधी फाइलों का अंबार लगा है। तहसीलदार, नायब तहसीलदार स्तर पर इसे देखा जाए।

### पुलिस विभाग के अधिकारी नहीं उठाते फोन

- अध्यक्ष ने कहा कि ऐसी शिकायतें हैं कि पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है। सभी लोग सीयूजी नंबर नोट करें और जो शिकायतें आती हैं, उनका निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों का तीन दिन के अंदर निस्तारण कराया जाता है। इस पर सभापति ने कहा कि जनप्रतिनिधि विधानसभा में जो प्रश्न उठाते हैं, उसका रजिस्टर भी बनना चाहिए।

### शिक्षकों को छुट्टी क्यों नहीं दी जाती

- सभापति ने इस दौरान प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों की छुट्टी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्राय: यह शिकायत मिलती है कि उनको जरूरत पर भी छुट्टी नहीं मिलती। जो विशेष छुट्टियां मिलती हैं, वे भी नहीं दी जातीं। निर्देश दिए कि मानवीय आधार पर छुट्टियां देनी चाहिए।

### कानून व्यवस्था उतनी ठीक नहीं, जितनी बताते

- सभी पुलिस अधीक्षकों ने अपने अपने जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी दी। इस पर सभापति ने कहा कि कानून व्यवस्था ठीक तो हुई है लेकिन जितना बताया जाता है उतना ठीक नहीं है। बड़े अपराधों, संगठित अपराधों में जरूर कमी आई है।

### थाना-तहसीलों में सुनवाई भी कम

- सभापति ने कहा कि ऐसी शिकायतें हैं कि थाना, तहसीलों में जनता जाती है तो वहां पर सुनवाई कम होती है। पुलिस विभाग में माननीयों का फोन नहीं उठाया जाता। बाहर के व्यक्ति द्वारा फोन करने पर उठाया जाता है, यह ठीक नहीं है।

### सभापति ने की डीएम की प्रशंसा

- सभापति ने डीएम पुलकित गर्ग की प्रशंसा की। कहा कि जब से यह आए हैं, काफी बदलाव हुआ है। बैठक में श्रीअन्न का नाश्ता कराया गया। इसके लिए उन्होंने डीएम की सराहना की। डीएम ने सभी का आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि मार्गदर्शन के अनुसार गुणवत्तापरक काम किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### डायट में प्रशिक्षुओं के लिए लगा रोजगार मेला

**चित्रकूट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर के सभागार में शुक्रवार को डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षुओं के लिए प्लेसमेंट ड्राइव प्रोग्राम ( रोजगार मेला ) आयोजित किया गया। इसमें मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 20 से अधिक विद्यालय प्रबंधकों ने शिविर लगाकर टीचिंग कराई। विद्यालयों में रिक्त के सापेक्ष चयन प्रक्रिया का आश्वासन दिया।। कार्यक्रम प्रभारी राबिया खातून ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने उत्साह व आशा से प्रतिभाग किया। प्राचार्य बीके शर्मा ने बताया कि प्रबंधकों ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि प्रशिक्षु योग्य हैं एवं एक टीचर की सभी योग्यता रखते हैं। अगर ये उनके विद्यालय में पढ़ाएंगे तो विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य होगा।

### एक अप्रैल को लगेगी मंडलीय पेंशन अदालत

**चित्रकूट।** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि मंडलायुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में एक अप्रैल पूर्वाह्न 11 बजे से उनके कार्यालय में मंडलीय पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें चित्रकूटधाम मंडल के सभी जिलों के पेंशनरों के लंबित वादों का निस्तारण किया जाएगा।

### सहायक अध्यापकों की काउंसिलिंग 16 मार्च को

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विज्ञान/गणित विषय के सहायक अध्यापकों के पद पर चयन/नियुक्ति की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जिले में आवंटित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग एवं मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्रों का सत्यापन/परीक्षण 16 मार्च को बीएसए कार्यालय में किया जाएगा। बताया कि इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के उपरांत पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। बीएसए ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक मूल अभिलेखों सहित उपस्थित होने का अनुरोध किया है कि काउंसिलिंग एवं सत्यापन की कार्यवाही सुचारु रूप से संपन्न कराई जा सके।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रामनगर (चित्रकूट)।** रैपुरा थानांतर्गत रामनगर में एक किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। मिली जानकारी के अनुसार, रामनगर निवासी बुद्धराज दो दिन पहले पत्नी के साथ रिश्तेदारी में निमंत्रण में गए हुए थे। घर पर पुत्री गोपी (14) थी। शुक्रवार सुबह बुद्धराज को गांव से किसी ने फोन किया कि गोपी ने घर के अंदर फांसी लगा ली है। इस पर दंपती घर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। आत्महत्या की वजह नहीं पता चल सकी।

### सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का हुआ हस्तांतरण

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त का डिजीटल हस्तांतरण किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में देखा गया। इस मौके पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान जिले के 1,13,092 किसानों को कुल 22,61,84,000 रुपये की धनराशि बैंक खातों में भेजी गई।

# पत्नियों से कहासुनी के बाद दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



साधना बाबू।



अनिरुद्ध।

**अमृत विचार।** अलग-अलग जगहों पर दो युवकों ने फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जाता है कि इन दोनों का इनकी पत्नी से विवाद हुआ था, जिसके बाद दोनों ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

भरतकूप के अमिलिहा गांव में गुरुवार देर शाम 32 वर्षीय साधना बाबू ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि साधना बाबू का उसकी पत्नी सुनीता से झगड़ा हो गया था। बाद में परिजन खेत और बच्चे स्कूल चले गए। सूना घर पाकर साधना बाबू ने दरवाजा अंदर से बंद करके पंखे से साड़ी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जब शाम को परिजन लौटे और दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से झांककर देखा। साधना बाबू का शव फांसी के फंदे पर लटका था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**वहीं पहाड़ी संवाददाता** के अनुसार, थानांतर्गत असोह निवासी अनिरुद्ध (25) ने फांसी लगा ली। बताया जाता है कि अनिरुद्ध गुजरात में नौकरी करता था। वहीं उसका राजकोट निवासी रानी से प्रेम प्रसंग हुआ और उसने तीन माह पूर्व शादी कर ली। होली के पहले रानी राजकोट चली गई। इसके बाद वह आने से इंकार कर रही थी। परिजनों के अनुसार, बीती रात दोनों के बीच काफी देर तक बात हुई और इसके बाद रात में किसी समय उसने धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। थानाध्यक्ष पहाड़ी प्रवीण कुमार सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## एडीएम ने चौपाल में सुनीं समस्याएं

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक की ग्राम पंचायत पतौड़ा के पंचायत सचिवालय प्रांगण में शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने ग्राम चौपाल का आयोजन किया। इसमें बीडीओ महिमा विद्यार्थी आदि अधिकारी मौजूद रहे। विभागीय अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं के संबंध में बताया। अवगत कराया गया कि योजनाओं का लाभ पाने के लिए बैंक खातों की ई केवाईसी एवं आधार मोबाइल लिंकेज अनिवार्य रूप से करवा लें। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वे पूरा हो चुका है। शासन से धनराशि प्राप्त होने पर चरणबद्ध तरीके से सभी पात्र लाभार्थियों को दी जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# एडीएम ने कार्यालय का किया निरीक्षण

**मऊ (चित्रकूट)।** अपर जिलाधिकारी स्वप्निल यादव ने शुक्रवार को नगर पंचायत मऊ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं, अभिलेखों तथा चल रहे कार्यों की जानकारी ली और कर्मचारियों को समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान एडीएम ने कार्यालय की साफ-सफाई, जन्म मृत्यु रजिस्टर, पथ प्रकाश रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए जनसुनवाई से जुड़े कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी कार्य नियमानुसार पूरे किए जाएं। एडीएम ने सभी कर्मचारियों को कार्यालय व्यवस्था और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय ईओ भरत सिंह, प्रधान लिपिक कर्मोत्तम सिंह, लिपिक शिव प्रसाद, संदीप पांडेय, राहुल धामन, रवि द्विवेदी तथा वीरेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



मुआयना करते एडीएम स्वप्निल यादव। अमृत विचार

# जालौन में चित्रकूट के चार पुलिसकर्मी घायल

चित्रकूट/जालौन कार्यालय



दारोगा अरविंद कुमार यादव।



रितेश पांडेय।



ज्ञानेश मिश्रा।

- हरियाणा से लौट रहे थे, डंपर ने कार में मारी टक्कर दरोगा को किया रेफर

**अमृत विचार।** किसी काम से हरियाणा गई चित्रकूट जिले की पुलिस टीम के वाहन को जालौन में गुरुवार रात डंपर ने टक्कर मार दी। इसमें एक दारोगा सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बहिलपुरवा थाने के दारोगा अरविंद कुमार यादव, सिपाही रितेश पांडेय और एसओजी के गणेश मिश्रा, दीवान नूर खान सहित चार पुलिसकर्मी किसी विभागीय काम से हरियाणा गए थे। गुरुवार रात ये लोग जालौन दीनदयाल उपाध्याय चौराहे के पास किसी ढाबे में खाना खाने के लिए वाहन रोक रहे थे कि इसी दौरान इनकी कार को डंपर ने टक्कर मार दी। इससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चारों लोग घायल हो गए। हादसे में इंस्पेक्टर अरविंद यादव को ज्यादा चोटें आईं। रितेश पांडेय, गणेश मिश्र और नूर खान भी घायल हो गए। सभी को मेडिकल कालेज उरई में भर्ती कराया गया, जहां से दरोगा अरविंद यादव को मेडिकल कालेज झांसी रेफर किया गया। बताया जाता है कि दुर्घटना करने वाले वाहन और चालक को जालौन पुलिस ने पकड़ लिया।

## परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं से मारपीट और लूटपाट

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र में गुरुवार रात परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं से लूट की कोशिश की गई। बताया जाता है कि रात्रि लगभग एक बजे बांदा जिले के जमुनीपुरवा से आया एक परिवार परिक्रमा लगा रहा था।

चौकी खोही अंतर्गत लक्ष्मण पहाड़ी के पास कुछ अज्ञात बदमाशों ने इन पर हमला कर दिया। बताते हैं कि बदमाशों ने इनके साथ मारपीट की और महिला के कान से जेवर उतारने की कोशिश की। दिव्यांग श्रद्धालु को भी लोहे की राड, डंडों और बेल्ट से पीटा। शोर सुनकर स्थानीय लोग घर से बाहर आए तो आरोपी भाग निकले। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की टीम पहुची श्रद्धालुओं को परिक्रमा पूरी कराई और इलाज के लिए भेजा। उधर, इंचार्ज चौकी प्रभारी कैलाश सिंह ने बताया कि फिलहाल किसी ने तहरीर नहीं दी है। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों का पता लगाया जा रहा है।



राजा घाट में बजबजा रही गंदगी। अमृत विचार

# गंदगी से पटा राजा घाट, बुंदेली सेना ने उठाया बीड़ा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार** । मुख्यालय के मंदाकिनी नदी के राजा घाट में भीषण गंदगी बजबजा रही है । आलम यह है कि घाट में नहाना तो दूर आचमन करने के लिए भी जगह नहीं है । बुंदेली सेना ने अब इस घाट को साफ करने का बीड़ा उठाया है। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद नगर पालिका ने राजाघाट का लाखों रुपये की लागत से पुनर्निमाण कराया। घाट तो बन गया लेकिन अब नदी यहां प्रदूषण और गंदगी से कराह रही है । नहाना तो दूर, घाट की सीढ़ियों में आचमन करने में भी समस्या है । यहां पूजन सामग्री डालने वाले भी घाट को प्रदूषित करने में पीछे नहीं है । पुलघाट की तरह इस घाट में भी हवन पूजन सामग्री के विसर्जन कुंड बनवाने की जरूरत है । साथ ही इंटेक वेल के पास जोड़ी गई नाली के गंदे पानी को भी दूसरी जगह उतारना चाहिए। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष ने लोगों से नदी को साफ-स्वच्छ बनाने में मददगार बनने की अपील की है ।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा नाम KANISHKAAGARWAL था से अब KANISHK AGARWAL हो गया है। अब मुझे KANISHK AGARWAL के नाम से जाना जाएगा। S/0-SANJAY AGARWAL /DEEPALI AGARWAL R/0-410 NAVAL KISHOR ROAD, HAZRATGANJ DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

**सूचना**

मतदाता पहचान पत्र, इंडियन बैंक की पासबुक में मेरा नाम विद्यावती एवं आधार कार्ड पर विद्या देवी अंकित है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे विद्या देवी के नाम से जाना व पहचाना जाए । **विद्या देवी पत्नी प्यारेलाल निवासी– मकान संख्या 730/17 दक्षिणी जहानाबाद परगना व तह. सदर–रायबरेली**

**सूचना**

मैने **राजेश गुप्ता पुत्र स्व0 पुत्तु लाल गुप्ता नि0–मोहल्ला अहिरान प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी** से अपने पूर्व सभी पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त कर लिया है। भविष्य में इनके किसी कार्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा। कपिल कुमार पुत्र स्व0 राजाराम नि0–ग्राम–घुरहा गढ़ैया पो0–धर्मापुर थाना–भीरा जिला–खीरी।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SUNJAY SINGH था से बदलकर SANJAY SINGH रख लिया है। अब मुझे SANJAY SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-LAL BAHADUR SINGH ADD-JAGDISHPUR AMRA RAJEPUR DIST-JAUNPUR-222136 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम KM YASMEEN KHAN से बदलकर YASMEEN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHD JUNAID, ADD-477/104, SITAPUR ROAD, PURANI BAAS MANDI, KHADRA, NIRALA NAGAR, DIST-LUCKNOW-226020 (U.P.)

**Public Notice**

I, SANYOGITA AHIAPURI D/O MR. RAMESH KUMAR SONKER, R/O-H.NO.-555 CHA/ 310, RAM NAGAR, LUCKNOW, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO SANYOGITA SONKER, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS SANYOGITA SONKER.

**सूचना**

पहले मेरा नाम Shailenda Kumar Yadava था अब मैने बदलकर अपना नाम Shailendra Kumar Yadav रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O Shiv Nandan, Vill Ratanpur, Post KNI Ps Kotwali Nagar Dist Sultanpur -228118

**सूचना**

मेरे जुड़वा पुत्रों मो. हुसैन तथा मो. हसन का जन्म 28–01 –2011 को हुआ है। यही जन्म तिथि दोनों पुत्रों के जन्म प्रमाण पत्र में भी अंकित है। **मो. शरीफ पुत्र मो. अकरम, निवासी आला हजरत कॉलोनी अंधियारी बाग रोड बलरामपुर (उ. प्र.)**

**सूचना**

मैं अन्नू मेहरोत्रा पुत्री प्रेम नारायण टंडन निवासी मकान नं.M5/21 ब्लॉक F योजना 39 जाजमऊ कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र (413/D/भू/01.06.1982) कब्जा पत्र (12.05.2003) एवं POA(14.07.1987 sr no-2310) कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। **मो. 9793347433**

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम KAREEM BAKSH लिखा है जब कि पिता का सही और शुद्ध नाम KAREEM BAX है। KAREEM BAX को ही सही माना जाए।
MO GUFRAN S/0 KAREEM BAX **निवासी ग्राम चिरौरा रायपुर कुकहट कानपुर देहात।**

**सूचना**

मैं **हीरा लाल पुत्र बृजलाल निवासी– ग्राम राम नगर मजरा जिन्दौर परगना व तहसील मलिहाबाद, जनपद लखनऊ** , मेरे पुत्र रोहित कुमार का व्यवहार मेरे प्रति अच्छा नहीं है अपने पुत्र के गलत आचरण व चाल–चलन से मैं अत्याधिक शारीरिक व मानसिक तौर पर पीड़ित रहता हूँ उसकी इन हरकतों से तंग आकर उपरोक्त के गलत व्यवहार एवं आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ तथा आज से मेरा मेरे पुत्र से कोई वास्ता सरोकार, रिश्ता, लेन–देन आदि नहीं रहा। उक्त पुत्र के समस्त क्रिया कलापो एवं खराब आचरण, लेन–देन कर्जे आदि के प्रति वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा कोई लेना–देना न है न भविष्य में होगा।

**सूचना**

मैं **दिनेश कुमार त्रिवेदी पुत्र श्री शिवआधार नि0 बहादुरगंज खारा, तिलोई जनपद अमेठी**, मैं अपनी सम्पत्ती (चल–अचल) का एक मात्र पूर्ण और स्व– अर्जित मालिक हूँ! मेरा पुत्र लवकुश मेरे कहने सुनने में नहीं रहता है वह घर मे बदसलूकी व उपद्रव करता रहता है यदि उक्त पुत्र कुछ गलत कार्य करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। मैं अपने पुत्र को समस्त अचल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यह कि मेरे पुत्र लवकुश भविष्य में मेरी संम्पत्ति पर कोई भी दावा नही कर सकेगा।


# 27 मार्च को 22 लाख दीपों से जगमगाएगा तीर्थक्षेत्र

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- चित्रकूट गौरव दिवस के आयोजन संबंधी हुई बैठक

**अमृत विचार।** 27 मार्च को चैत्र रामनवमी एवं चित्रकूट गौरव दिवस को भव्य बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बैठक की। डीएम ने बताया कि इस दिन 22 लाख दीपों से तीर्थक्षेत्र को जगमग किया जाएगा।

बैठक में महंतों, साधु-संतों, धर्मशाला व आश्रम संचालकों, होटल व लॉज स्वामियों, व्यापार मंडल, सामाजिक संगठनों, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने सभी पक्षों से समन्वय स्थापित कर इस आयोजन को जन-उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। इस दौरान स्थानीय एवं लोक कलाकार अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। दीवारी नृत्य होगा। प्रमुख स्थलों पर रंगोली सजाई जाएगी, आतिशबाजी की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि चित्रकूट गौरव दिवस जन-भावनाओं का प्रतीक है।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सरकारी विभाग, सामाजिक संगठन आपसी सहयोग से इस गौरवशाली आयोजन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। पुलिस अधीक्षक ने पर्व के दौरान यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों के लिए आश्वस्त किया।

अलविदा की नमाज

उप जिलाधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष ने दी मुबारकबाद

# मुस्लिमों ने देश की खुशहाली की मांगी दुआ

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ की शाही मस्जिद में शुक्रवार को पवित्र रमजान माह मुबारक अलविदा की नमाज हुई। इमाम फ़राज़ अहमद ने परंपरागत ढंग से दोपहर डेढ़ बजे से अल्लाह की इबादत कराई। इसमें देश दुनिया में खुशहाली की दुआएं मांगी गईं।

उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव व नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने लोगों के गले मिलकर पवित्र रमजान महीने में मुबारकबाद दी। राजापुर मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष अतहर नईम व प्रबंधक नूरी खान ने बताया कि मुस्लिम समाज के लिए रमजान अलविदा नमाज का बहुत बड़ा महत्व है। यह नमाज रमजान के आखिरी शुक्रवार को पढ़ी जाती है, जो इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 29 वें या 30वें दिन होती है। इसी दिन से अलविदा नमाज रमजान के समापन का प्रतीक है, जो इस्लामिक कैलेंडर का नौवा महीना माना जाता है। इस नमाज में मुस्लिम समुदाय के लोग अपने गुनाहों के लिए माफी मांगते हैं और अल्लाह से दुआ करते हैं कि देश में अमन चैन बनाए रखना। अलविदा नमाज में मुसलमान अल्लाह के प्रति शुकराना अदा करते हैं जो उन्हें रमजान के महीने में रोजे रखने और अन्य धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर प्रदान करते हैं। बताया कि पवित्र रमजान का महीना मुस्लिम समाज को आध्यात्मिक शुद्धि के साथ अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है। दोनों समाज के लोगों में एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देने की परंपरा बहुत दिनों से चली आ रही है। दोनों समुदाय के लोगों में आपसी भाईचारा के साथ आपसी सहयोग बढ़ता जा रहा है। इस मौके पर आबिद अली, साबिद अली, मोहम्मद अली, रईस अहमद, इस्लाम नईम, अहमद अली, साबिर अली, वसीम कुरैशी, बबलू कुरैशी, अंसार कुरैशी, शैफ खान, मदार कुरैशी, सलीम कुरैशी आदि दोनों समुदाय के लोग मौजूद रहे।



मुस्लिम समाज के लोगों को मुबारकबाद देते एसडीएम फूलचंद यादव और नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा। अमृत विचार

# अमृत विचार

शनिवार, 14 मार्च 2026






माता-पिता केवल अच्छी सलाह दे सकते हैं या बच्चों को सही राह दिखा सकते हैं, लेकिन किसी व्यक्ति के चरित्र का अंतिम निर्माण उसके स्वयं के हाथों में होता है।

**-ऐनी फ्रैंक**, जर्मन डायरी लेखिका

## जांच तो एक बहाना है

ट्रंप ने भारत समेत 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ अपने उस व्यापार कानून की धारा 301 के तहत नई व्यापारिक जांच शुरू करने की घोषणा की है, जिसके माध्यम से अमेरिका किसी भी देश की व्यापारिक नीतियों को 'अनुचित' ठहराते हुए एकतरफा टैरिफ बढ़ा सकता है। यह जांच अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए मनमाने पुराने टैरिफ को रद्द करने के बाद उसको दूसरे तरीकों से लागू करने तथा अमेरिकी संरक्षणवाद की वापसी का बहाना है। धारा 301 के तहत अमेरिका सैद्धांतिक रूप से काफी ऊंचे टैरिफ लगा सकता है, वैश्विक प्रतिक्रिया और प्रतिशोधात्मक टैरिफ के बढ़ते जोखिम को नजरअंदाज कर वह 25 से 100 प्रतिशत तक टैरिफ थोप सकता है।

अमेरिका ने कनाडा को इस सूची में शामिल नहीं किया है। इसका प्रमुख कारण उत्तरी अमेरिकी व्यापार ढांचे और आपूर्ति श्रृंखला में दोनों देशों की गहरी परस्पर निर्भरता है। इससे यह साफ है कि यह जांच पूरी तरह आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और राजनीतिक भी है, दरअसल ट्रंप प्रशासन की व्यापक रणनीति अमेरिकी उद्योगों को पुनर्जीवित करने और उत्पादन को वापस अमेरिका लाने की है। 'री-शोरिंग' या 'फ्रेंड-शोरिंग' की यह नीति अमेरिकी श्रमिकों के लिए नौकरियां पैदा करने के उद्देश्य से प्रस्तुत की जाती है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था की जटिल आपूर्ति श्रृंखलाओं के दौर में केवल टैरिफ के सहारे उद्योगों को वापस लाना आसान नहीं है। ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक शीघ्र प्रस्तावित है, संभव है कि यह कदम चीन के साथ होने वाली वार्ताओं में दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा हो। अमेरिका का आरोप है कि भारत समेत लगभग 60 देशों की औद्योगिक नीतियां अमेरिकी उद्योग और व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में 'अतिरिक्त उत्पादन क्षमता' और 'डंपिंग' को लेकर चिंता जताई गई है। सच यह है कि आज के वैश्विक बाजार में उत्पादन क्षमता बढ़ाना किसी भी देश की औद्योगिक रणनीति का स्वाभाविक हिस्सा है। भारत की उत्पादन नीतियां जैसे विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली योजनाएं मुख्यतः घरेलू विकास और निर्यात क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से बनाई गई हैं, न कि किसी देश के व्यापार को प्रभावित करने के लिए। भारत पर जबरन श्रम या बड़े पैमाने पर डंपिंग के आरोप निराधार हैं। भारत का निर्यात ढांचा अभी भी चीन की तुलना में काफी संतुलित है और कई क्षेत्रों में वह वैश्विक बाजार की वास्तविक मांग पर आधारित है। फिर भी इस जांच का असर भारत के कुछ प्रमुख निर्यात क्षेत्रों जैसे- स्टील, ऑटो पार्ट्स, फार्मास्यूटिकल्स, केमिकल्स, टेक्सटाइल और आईटी हार्डवेयर पर पड़ सकता है।

भारत इस जांच में औपचारिक रूप से असहयोग का रास्ता नहीं अपना सकता, क्योंकि इससे अमेरिका को एकतरफा कार्रवाई का बहाना मिल जाएगा। बेहतर रणनीति यह होगी कि भारत तथ्यात्मक जवाब और कूटनीतिक संवाद के माध्यम से अपनी स्थिति स्पष्ट करे। भारत सरकार को चाहिए कि वह निर्यात बाजारों का विविधीकरण और घरेलू विनिर्माण की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ा कर समस्या का दीर्घकालिक समाधान खोजे। वैश्विक व्यापार की इस नई खींचतान में संतुलित और व्यावहारिक नीति ही भारत के हितों को सुरक्षित रख सकती है।

### प्रसंगवश

## इच्छामृत्यु: पीड़ा से कराहते मरीजों की मुक्ति साधन

इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहली समहति देकर जनमानस में नई किस्म की बहस को जन्म दे दिया है। बहस ऐसी है, जिसमें सिर्फ भावनाओं का सैलाब उमड़ा हुआ है। गाजियाबाद निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा की इच्छामृत्यु पर दिए सुप्रीम कोर्ट का निर्णय एक ऐसा भावनात्मक फैसला है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था के इतिहास में पहली मर्तबा लिया गया। कोर्ट के आदेशानुसार इच्छा मृत्यु पर सभी प्रक्रियाएं बेशक मानवीय ढंग से और चिकित्सीय निगरान में होंगी, लेकिन फैसला देने वाली पीठ के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन खुद भी भावुक हो गए। उन्होंने स्वीकारा कि ये निर्णय देना उनके लिए बहुत कठिन था, पर उन्हें अपने फैसले के जरिए एक व्यक्ति को उनके निष्क्रिय शरीर से होती अंतन पीड़ा से मुक्ति भी दिलवाना था, जिसका उन्होंने कानूनी सदाचार में रहकर अपना फर्ज निभाया।



डॉ. रमेश ठाकुर

लेखक

कई यूरोपीय देशों में इच्छा मृत्यु का प्रावधान है। सबसे पहले 'यूथेनेशिया' को नीदरलैंड्स ने वैधता दी थी। वहां इसे 'यूथेनेशिया' नहीं, बल्कि अनुरोध पर जीवन की समाप्ति कहते हैं। बेल्जियम, कनाडा और स्विट्ज़रलैंड में भी इच्छामृत्यु वैध है, जबकि ये विषय बहुत विवादास्पद है। शायद भविष्य में भी हिंदुस्तान में इसे मान्यता न मिले। ये मामला अगस्त 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट से खारिज होकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, लेकिन यहां भी जजों की एकमत राय नहीं थी। काफी विमर्श के बाद शीर्ष कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड को गठित करने का आदेश दिया।

रिपोर्ट में चिकित्सकों ने बताया कि हरीश का शरीर शत-प्रतिशत निष्क्रिय हो चुका है, इसलिए वह इच्छामृत्यु का हकदार है। इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने जीवन के असमय अंत की चाहत पर समकालीन स्वास्थ्य देखभाल में ऐसी प्रथाओं की भूमिका पर अनोखी बहस को छेड़ा है, जिसकी चर्चा लंबे समय तक होगी। यह बहस सभ्य समाज के कानूनी, नैतिक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं और गतिशील पहलुओं को भी सोचने पर विवश करेगी।

इच्छामृत्यु शब्द की उत्पत्ति भारत में नहीं, ग्रीस में हुई थी, जिसका अर्थ होता है एक सुखद मृत्यु! कानून में 'जीवन का अधिकार' अनुच्छेद 21 में निहित है, जो एक प्राकृतिक अधिकार भी है, लेकिन आत्महत्या जीवन का अप्राकृतिक अंत है और इसलिए 'जीवन के अधिकार' की अवधारणा के साथ असंगत और विरोधाभासी भी है। भारत में आत्महत्या गैरकानूनी होने के बावजूद भी नहीं रुकती, लेकिन इच्छामृत्यु का नाम सुनकर न सिर्फ रोंगटे खड़े होते हैं, बल्कि भावनाओं का समुद्र हिचकौले मारने लगता है।

हरीश राणा का मामला सबसे इतर है। बीते 13 वर्षों से उनके दर्द भरे जीवन को और लंबा नहीं खींचा जा रहा है। हरीश को विरह भरे जीवन से मुक्ति दिलवाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं है? शीर्ष अदालत ने हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति दे दी है, जिसे चिकित्सकीय निगरानी में उनकी अंतिम सांसों को प्राकृतिक बनाया जाएगा।

बेशक ये निर्णय पहला है, पर आखिरी हो? आखिरी इसलिए, अगर इच्छा मृत्यु पर निर्णय देने का सिलसिला आगे भी चला, तो इसके दुरुपयोग होने लगेंगे, क्योंकि समाज में नैतिकता और न्याय का पतन तेजी से जारी है। भारत के कोने-कोने में ऐसे असंख्य मामले भरे हैं, जहां बीमार बुजुर्गों के परिजन उनकी धन-दौलत, संपत्तियों पर कब्ज़ा करने के लिए उनके मरने के इंतजार में हैं। ऐसे में वो भी उनकी इच्छामृत्यु की चाह लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचने लगेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## क्रूड ऑयल और वैश्विक ऊर्जा संघर्ष





राजेश श्रीनेत

वरिष्ठ पत्रकार

वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में क्रूड ऑयल केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं रह गया है, बल्कि यह आर्थिक शक्ति, कूटनीतिक रणनीति और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का एक महत्वपूर्ण साधन बन चुका है। औद्योगिक समाज की संरचना इस प्रकार विकसित हुई है कि परिवहन, उद्योग, रक्षा, बिजली उत्पादन और वैश्विक व्यापार जैसे लगभग सभी क्षेत्रों की ऊर्जा आवश्यकताएं किसी न किसी रूप में तेल पर निर्भर हैं। क्रूड ऑयल की उपलब्धता, उसकी कीमत और आपूर्ति की स्थिरता सीधे तौर पर वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक संबंधों को प्रभावित करती है। इस दृष्टि से क्रूड ऑयल को आधुनिक विश्व व्यवस्था का एक रणनीतिक संसाधन माना जाता है।

ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा ने कई अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों और राजनीतिक निर्णयों को प्रभावित किया है। मध्य-पूर्व क्षेत्र इसका प्रमुख उदाहरण है। सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के पास विश्व के विशाल तेल भंडार मौजूद हैं। इसी कारण से यह क्षेत्र लंबे समय से वैश्विक राजनीति के केंद्र बने हुए हैं। ऊर्जा आपूर्ति के मार्गों, विशेष रूप से फारस की खाड़ी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य का रणनीतिक महत्व भी इसी संदर्भ में समझा जा सकता है। इन समुद्री मार्गों से होकर विश्व के बड़े हिस्से का तेल निर्यात होता है, इसलिए इस क्षेत्र में उत्पन्न होने वाला कोई भी सैन्य या राजनीतिक तनाव वैश्विक ऊर्जा बाजार को प्रभावित करता है।

> सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के पास विश्व के विशाल तेल भंडार मौजूद हैं। इसी कारण से यह क्षेत्र लंबे समय से वैश्विक राजनीति का केंद्र बने हुए हैं।

वर्तमान समय में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच तनाव भी ऊर्जा राजनीति से गहराई से जुड़ा हुआ है। ईरान मध्य-पूर्व का एक महत्वपूर्ण तेल उत्पादक देश है और उस पर लगाए गए अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों का सीधा प्रभाव वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ता है। अमेरिका लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसकी क्षेत्रीय नीतियों को लेकर दबाव बनाता रहा है। दूसरी ओर, इजरायल भी ईरान को अपनी सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा मानता है। जब भी इस क्षेत्र में सैन्य संघर्ष की आशंका बढ़ती है, तब वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता देखने को मिलती है और तेल की कीमतों में अचानक वृद्धि हो जाती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि ऊर्जा संसाधनों से जुड़ी घटनाएं केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक महत्व रखती हैं।

मध्य-पूर्व के अतिरिक्त लैटिन अमेरिका भी क्रूड ऑयल की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वेनेजुएला विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों वाले देशों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों में वेनेजुएला की आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों ने वहां के तेल उद्योग को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच लंबे समय से राजनीतिक मतभेद रहे हैं और अमेरिकी प्रतिबंधों ने वेनेजुएला की तेल अर्थव्यवस्था को कमजोर किया है। इस स्थिति का प्रभाव वैश्विक तेल आपूर्ति और कीमतों पर भी पड़ा है, क्योंकि वेनेजुएला के तेल उत्पादन में किसी भी प्रकार का बदलाव अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा बाजार को प्रभावित करता है।


इसी प्रकार रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने भी वैश्विक ऊर्जा राजनीति को नए आयाम प्रदान किए हैं। रूस विश्व के प्रमुख ऊर्जा निर्यातकों में से एक है और यूरोप लंबे समय तक रूसी तेल और गैस पर निर्भर रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, जिनमें ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े प्रतिबंध भी शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप वैश्विक ऊर्जा व्यापार के मार्गों में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिले हैं। रूस ने अपने तेल निर्यात को एशियाई देशों, विशेष रूप से भारत और चीन, की ओर मोड़ दिया है। इस परिवर्तन ने वैश्विक ऊर्जा बाजार की संरचना को प्रभावित किया है और यह दर्शाया है कि क्रूड ऑयल अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में एक प्रभावी उपकरण के रूप में कार्य कर सकता है।

भारत जैसे विकासशील देशों के लिए क्रूड ऑयल की राजनीति का विशेष महत्व है। भारत विश्व के सबसे बड़े तेल आयातक देशों में से एक है और अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अधिकांश हिस्सा आयात के माध्यम से पूरा करता है, इसलिए वैश्विक तेल बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का सीधा प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यदि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि होती है, जिससे परिवहन लागत बढ़ती है और वस्तुओं के दामों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। परिणामस्वरूप महंगाई बढ़ती है और आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है।

भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है। भारत विभिन्न देशों से तेल आयात करके अपनी ऊर्जा आपूर्ति को विविध स्रोतों से प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। रूस, सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों के साथ ऊर्जा सहयोग इसी नीति का हिस्सा है। इसके अतिरिक्त भारत ने सामरिक तेल भंडार के निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा के विकास पर भी जोर दिया है, ताकि भविष्य में ऊर्जा संकट की स्थिति में देश की अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक दबाव न पड़े।

वर्तमान समय में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी वैकल्पिक ऊर्जा प्रणालियों का विकास तेजी से हो रहा है, फिर भी निकट भविष्य में क्रूड ऑयल की वैश्विक भूमिका पूरी तरह समाप्त होने की संभावना नहीं है। विश्व की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं अभी भी पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर हैं और वैश्विक परिवहन प्रणाली का बड़ा हिस्सा तेल आधारित ईंधन पर आधारित है, इसलिए आने वाले दशकों में भी क्रूड ऑयल अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और आर्थिक नीति का एक केंद्रीय तत्व बना रहेगा। यह कहा जा सकता है कि क्रूड ऑयल आधुनिक विश्व राजनीति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावशाली संसाधन है।

### आमने सामने




ईरान नेशनल सॉकर टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी अपनी जान और सेफ्टी के लिए उनका वहां होना सही है। इस मामले पर ध्यान देने के लिए उनका धन्यवाद।

**-डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतर्राष्ट्रीय इवेंट है। इसकी गवर्निंग बॉडी फीफा है, कोई एक देश नहीं। ईरान की नेशनल टीम, जिसमें ईरान के बहादुर बेटों की ताकत और कई अहम जीतें हैं, इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीमों में से एक थी।

**-मोजतबा खामेनेई**
सुप्रीम लीडर, ईरान



## 'डूबते' डेल्टा और संकट में भारत का भविष्य



पंकज चतुर्वेदी

वरिष्ठ पत्रकार

भारत की नदियां वास्तव में करोड़ों लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं, लेकिन ताजा मौसमी बदलाव, नदी के किनारे रहने वालों के लिए अस्तित्व का खतरा बन रहे हैं। गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी और गोदावरी जैसे विशाल नदी तंत्रों ने हज़ारों वर्षों में अपनी लाई गई उपजाऊ मिट्टी यानी गाद से भारत के पूर्वी तट पर विशाल डेल्टाओं का निर्माण किया है। ये डेल्टा न केवल करोड़ों लोगों का घर हैं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी हैं। ये तटीय क्षेत्र जैव विविधता के केंद्र होने के साथ-साथ प्रकृति का एक ऐसा अनमोल संतुलन हैं, जो समुद्र और जमीन के बीच एक सुरक्षा कवच का काम करते हैं।

प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका 'नेचर' में प्रकाशित हालिया रिपोर्टों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है, जिसे नजरअंदाज करना अब संभव नहीं है। यह रिपोर्ट बताती है कि भारत के प्रमुख नदी डेल्टा और उनके किनारे तेजी से डूब रहे हैं। कई स्थानों पर जमीन के डूबने की दर वैश्विक समुद्र स्तर में वृद्धि की दर से भी अधिक है। यह संकट केवल जलवायु परिवर्तन और समुद्र के स्तर के बढ़ने का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे मानवीय गतिविधियां मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

> भारत के प्रमुख नदी डेल्टा और उनके किनारे तेजी से डूब रहे हैं। इसके पीछे मानवीय गतिविधियां मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

वैज्ञानिक भाषा में इसे 'भूमि अवतलन' कहते हैं। इसका मतलब है जमीन का अपनी जगह पर नीचे धंस जाना। जब समुद्र का स्तर ऊपर उठता है और साथ ही साथ जमीन नीचे बैठती है, तो तटीय इलाकों पर दोतरफा खतरा मंडराने लगता है। नेचर की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा-ब्रह्मपुत्र, गोदावरी, महानदी और कृष्णा डेल्टा अत्यधिक संवेदनशील हैं। इसका सबसे बड़ा कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जब हम जमीन के नीचे से पानी निकालते हैं, तो पानी की जगह खाली हो जाती है। यह पानी मिट्टी के कणों के बीच एक दबाव बनाए रखता है। जब यह पानी निकाल लिया जाता है, तो ऊपर की मिट्टी का भार उन कणों को दबा देता है, जिससे जमीन धंसने लगती है।

डेल्टा क्षेत्र घनी आबादी वाले हैं, जहां खेती और उद्योगों के लिए पानी की भारी मांग है। कोलकाता जैसे शहर, जो गंगा डेल्टा पर स्थित हैं, इसका प्रमुख उदाहरण हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन क्षेत्रों में जितना पानी रिचार्ज यानी फिर से भरना नहीं हो पाता, उससे कहीं ज्यादा निकाला जा रहा है। शहर की बढ़ती प्यास को बुझाने के लिए गहरे नलकूपों का सहारा लिया जा रहा है, जिससे भूमिगत जलस्तर खतरनाक स्तर तक गिर गया है।

ब्राह्मणी और महानदी के डेल्टा सबसे चिंताजनक स्थिति में हैं। नेचर के डेटा के अनुसार, इन दोनों नदियों के डेल्टा क्षेत्र अत्यंत तेजी से डूब रहे हैं। इसका कारण इन नदियों की भौगोलिक संरचना और उन पर मानवीय हस्तक्षेप है। महानदी, जो छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के सिहावा पर्वत से निकलकर, छत्तीसगढ़ और ओडिशा से बहती हुई बंगाल की खाड़ी में विसर्जित होती है, ने हजारों वर्षों से तटीय मैदानों का निर्माण किया है, लेकिन अब हीराकुंड जैसे बड़े बांधों के कारण, महानदी अपनी उपजाऊ गाद समुद्र तक नहीं पहुंचा पा रही है। ब्राह्मणी नदी, जो झारखंड में कोयल और शंख नदियों के मिलन से बनती है और ओडिशा के तट पर विसर्जित होती है, भी इसी समस्या से जूझ रही है। बांधों की वजह से गाद की आपूर्ति रुकने से डेल्टा का प्राकृतिक नवीनीकरण बंद हो गया है और समुद्र की लहरें इसे तेजी से निगल रही हैं।


नदियां केवल पानी नहीं लातीं, वे अपने साथ हिमालय और अन्य पहाड़ों से महीन मिट्टी और तलछट यानी सेडिमेंट लाती हैं। यह गाद डेल्टा के किनारे पर जमा होकर नई जमीन बनाती है और उसे समुद्र के स्तर से ऊपर रखती है। प्राकृतिक रूप से डेल्टा का विकास गाद के जमा होने से होता है। पिछले कुछ दशकों में नदियों पर बने बड़े बांधों और बैराजों ने इस प्रक्रिया को रोक दिया है। बांधों में गाद जमा हो जाती है और नदियों का बहाव धीमा होने से वह डेल्टा तक नहीं पहुंच पाती। जब गादविहीन पानी समुद्र की ओर बहता है, तो उसमें मिट्टी को काटने की शक्ति अधिक होती है।

यह पानी डेल्टा के किनारों को तेजी से काटता है, जिससे तटीय क्षरण यानी कोस्टल इरोज़न होता है। बांधों ने नदियों की प्राकृतिक कार्यप्रणाली को बदल दिया है, जिससे समुद्र किनारे का संतुलन बिगड़ गया है। डेल्टा क्षेत्र में तेजी से शहरों का विस्तार हो रहा है। गगनचुंबी इमारतें, सड़कें, पुल और बंदरगाहों का निर्माण मिट्टी पर भारी दबाव डालता है। नरम जलोढ़ मिट्टी यानी अलुवियल सॉइल इस अतिरिक्त भार को सहन नहीं कर पाती और धीरे-धीरे नीचे बैठने लगती है। शहरीकरण के कारण कंक्रीटीकरण बढ़ गया है, जिससे पानी जमीन के अंदर नहीं जा पाता और भूजल का पुनर्भरण रुक जाता है। यह केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं है, बल्कि एक बड़ा मानवीय संकट है। 'नेचर' की रिपोर्टें चेतावनी देती है कि यदि हमने अपनी विकास नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो परिणाम भयावह होंगे। तटीय समुदाय पहले से ही गरीबी और मौसम की मार झेल रहे हैं, और यह नया संकट उन्हें और अधिक हाशिए पर धकेल देगा।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## तालिबान और मासूम नूरी



छोटी सी नूरी के पिता ख़तम हो जाते हैं। घर में कमाने वाला कोई नहीं बचता। भूख, बेबसी और अनिश्चितता से भरे दो साल तक नूरी किसी तरह अपनी मां और छोटी बहनों के साथ सर्वाइव करती है। फाकाकशी इतनी बढ़ जाती है कि भूखों मरने की नौबत आ जाती है।



वाचस्पति शर्मा

सीरियस व्यंग्यकार

अंततः नूरी कैंची उठाती है और अपने बाल काटकर पश्तो टोपी पहनकर लड़के का भेश बनाकर काम ढूंढने निकल पड़ती है। नाम बताती है 'नूर मोहम्मद'। वो दो साल तक एक रोडसाइड ढाबे पे लड़का बनकर काम करती है और फिर कोई लोकल आदमी तालिबानी अथॉरिटी को नूरी की सच्चाई बता देता है।

तालिबानी आकर नूरी को उठाकर जेल में डाल देते हैं। नूरी का क्राइम बताया कि वो लड़की होने के बावजूद काम क्यों रही थी। अभी 13 साल की छोटी सी नूरी जेल में है।

सोचिए उस छोटी सी बच्ची ने दो साल तक किस कदर मानसिक, आर्थिक और शारीरिक शोषण सहा होगा? किसी भी तानाशाही, धार्मिक, कट्टरवादी सत्ता का सबसे पहला शिकार औरतें और बच्चे होते हैं। ये कोई दूर देश की कहानी नहीं है, अगर हम अपने समाज में झांकें तो नूरी से भी कही ज्यादा वीभत्स कहानियां देखने को मिल जाएंगी, लेकिन हमारी स्थिति उनसे इस लिहाज से और भी ज्यादा बदतर है। हमने 'महिलाओं की आज़ादी' का नारा लगाकर उनकी पीड़ा को सामान्य बना लिया है और देश का एक बड़ा तबका यथास्थित्ति से पूरी तरह संतुष्ट है और इसके समर्थन में है, जबकि सच्चाई ये है कि अपने यहां ऐसी तमाम नूरियां शहर-शहर, गांव-गांव में दिन रात पिस रही हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नई क्रांति का सूत्रपात

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 860 मिलियन से अधिक डिजिटल हेल्थ आईडी बनाई जा चुकी हैं। यह विशाल डेटाबेस अब एआई की मदद से टीबी जैसी बीमारियों की पहचान एक्स-रे के जरिए पल भर में संभव हो रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गेम-चेंजर साबित हो रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में एआई को एकीकृत करने के तरीके पर एसएएचआई, एक सिफारिशी राष्ट्रीय ढांचे के रूप में कार्य करती है। राष्ट्रीय ढांचे के रूप में शुरू की गई एसएएचआई, पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण में एआआई को एकीकृत करने के लिए एक संरचित रोडमैप की रूपरेखा पेश करती है। इसका मकसद नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और प्रौद्योगिकी विकासकर्ताओं को एआई को जिम्मेदारी से अपनाने के लिए मार्गदर्शन देना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नवाचार नैदानिक आवश्यकताओं, नियामक मानकों, समानता संबंधी विचारों और जनविश्वास के अनुरूप हो।



डॉ. ओपी त्रिपाठी

लेखक

प्रएसएएचआई समावेशी विकास को अपना मुख्य लक्ष्य बनाती है, जिसके तहत जनहित के उद्देश्य से इस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग की ज़रूरत पर बल देते हुए विकसित भारत 2047 का निर्माण करने पर ज़ोर दिया जाता है। यह रणनीति स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ, समयबद्ध, उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती बनाने में एआई की बदलावकारी भूमिका और क्षमता को पहचानती है, इसे एक शक्तिशाली नवोन्मेषी शक्ति के साथ-साथ जन स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक सहायक के रूप में देखती है।

इसका मकसद विश्वसनीय, जोखिम-अनुरूप शासन और मजबूत डिजिटल और डेटा आधार स्थापित करना है, ताकि एआई का बड़े पैमाने पर सुरक्षित, नैतिक और जवाबदेह उपयोग किया जा सके। इसका लक्ष्य भविष्य के लिए तैयार स्वास्थ्य कार्यबल और संस्थानों का निर्माण करना भी है, साथ ही एक स्थायी और समावेशी एआई-फॉर-हेल्थ व्यवस्था को बढ़ावा देना है, जो समानता, गुणवत्ता, दक्षता और जनविश्वास को आगे बढ़ाता है। इस फ्रेमवर्क के पांच प्रमुख स्तंभ शासन और साक्ष्य निर्माण मानकों, सुरक्षित, नैतिक, मजबूत और पारदर्शी डिजिटल और डेटा अवसंरचना और कार्यबल की तैयारी पर केंद्रित हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2018 में शुरू हुई एआई रणनीति अब हकीकत बन रही है। 'स्कैडा ब्रेनसीटी' जैसे एआई टूल्स ने टियर-2 और टियर-3 शहरों में विशेषज्ञों की कमी को दूर कर दिया है। अब छोटे शहरों के मरीजों को भी मुंबई या दिल्ली जैसे बड़े शहरों के स्तर का न्यूरो-डायग्नोसिस मिल रहा है। यह तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं का लोकतंत्रीकरण कर रही है, जिससे भौगोलिक दूरियां अब इलाज के आड़े नहीं आतीं।

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन रणनीति अवलोकन (2020) ने इस दृष्टिकोण को कार्यान्वयन रोडमैप में और आगे बढ़ाया। इसमें यह स्वीकार किया गया कि एआई, आईओटी, ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग एक अधिक समग्र डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र के लिए अतिरिक्त अवसर प्रदान करते हैं। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जो समान पहुंच बढ़ा सकती है, स्वास्थ्य परिणामों में सुधार कर सकती है और लागत कम कर सकती है। इसमें परिकल्पना की गई कि आधुनिक एआई तकनीकें स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को मौजूदा स्वास्थ्य रिकॉर्ड प्रारूपों से प्रासंगिक जानकारी निकालने और अंदर संचालनीय डेटा मानकों में बदलाव लाने में मदद करेंगी। साथ ही सरकार एआई प्रणालियों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश और मानक निर्धारित करने के लिए प्रतिबद्ध है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# तन सु शान
## एक प्रेरक यात्रा



आज दुनिया में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं, तन सु शान भी उनमें से एक हैं। तन सु शान सिंगापुर की एक प्रमुख व्यावसायिक नेता हैं, जो दक्षिण पूर्व एशिया की सबसे बड़ी बैंकिंग संस्था डीबीएस बैंक की ग्रुप सीईओ के रूप में जानी जाती हैं। मार्च 2025 में उन्होंने यह पद संभाला, जिससे वे डीबीएस की पहली महिला सीईओ बनीं। फॉर्च्यून पत्रिका ने उन्हें 2025 में एशिया की सबसे प्रभावशाली महिला व्यवसायी के रूप में नामित किया। सिंगापुर में स्थित डीबीएस, जो 637 बिलियन डॉलर से अधिक की संपत्ति वाली एशिया की अग्रणी बैंक है, के नेतृत्व में तन सु शान ने बैंक को डिजिटल इनोवेशन, वेल्थ मैनेजमेंट और सस्टेनेबल फाइनेंस में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।



रूफिया खान
शिक्षिका

### प्रारंभिक जीवन और शिक्षा

तन सु शान का जन्म सिंगापुर में हुआ था, जहां उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। उनकी रुचि हमेशा से अर्थशास्त्र, राजनीति और दर्शनशास्त्र में रही, जो उनकी बाद की करियर में स्पष्ट रूप से झलकती है। 1986 से 1989 तक, उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के लिंकन कॉलेज से राजनीति, दर्शनशास्त्र और अर्थशास्त्र में मास्टर ऑफ आर्ट्स (एम.ए.) की डिग्री प्राप्त की। यह डिग्री उन्हें वैश्विक आर्थिक और सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ प्रदान करने वाली साबित हुई।

शिक्षा के बाद, उन्होंने नेतृत्व विकास पर फोकस किया। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, स्टैनफोर्ड बिजनेस स्कूल और सिंगुलैरिटी यूनिवर्सिटी से एक्जीक्यूटिव लीडरशिप कोर्स पूरे किए, जो आधुनिक बैंकिंग में एआई और इनोवेशन के उनके दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं। उनकी शिक्षा ने उन्हें न केवल वित्तीय विशेषज्ञ बनाया, बल्कि एक रणनीतिक विचारक के रूप में भी स्थापित किया, जो जटिल वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं।

### करियर की यात्रा

- तन सु शान के पास उपभोक्ता बैंकिंग, वेल्थ मैनेजमेंट और संस्थागत बैंकिंग में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उनकी यात्रा वैश्विक स्तर पर फैली हुई है, जिसमें लंदन, टोक्यो, हांगकांग और सिंगापुर जैसे शहर शामिल हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1990 से सिटीबैंक और आईएनजी बैरिंग्स से की, जहां वे लंदन, टोक्यो और हांगकांग में कार्यरत रहीं। 1997 से 2005 तक, वे मॉर्गन स्टेनली में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहीं और फिर 2008 से 2010 तक मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में कार्य किया। इस दौरान, उन्होंने साउथ-ईस्ट एशिया के लिए प्राइवेट वेल्थ मैनेजमेंट का नेतृत्व किया। 2005 से 2008 तक, वे सिटी में मैनेजिंग डायरेक्टर रहीं, जहां उन्होंने एशियाई बाजारों में वेल्थ मैनेजमेंट को मजबूत किया।
- 2010 में डीबीएस जॉइन करने के बाद, उन्होंने ग्रुप हेड ऑफ कंज्यूमर बैंकिंग एंड वेल्थ मैनेजमेंट का पद संभाला, जिसे उन्होंने लगभग एक दशक तक नेतृत्व किया। इस अवधि में, डीबीएस की वेल्थ एसेट्स 20 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ीं और 2017 के अंत तक 156 बिलियन डॉलर तक पहुंच गईं, जिससे डीबीएस दुनिया के शीर्ष छह वेल्थ मैनेजर्स में शामिल हो गया। 2019 से, वे इंस्टीट्यूशनल बैंकिंग की एमडी और हेड बनीं और डीबीएस हांगकांग की डिप्टी चेयरमैन भी रहीं। इसके अलावा, उन्होंने 10 वर्षों तक पीटी बैंक डीबीएस इंडोनेशिया की प्रेसिडेंट कमिश्नर के रूप में सेवा की।
- 2012 से 2014 तक, वे सिंगापुर की संसद में नामित सांसद रहीं, जहां उन्होंने फाइनेंशियल सेक्टर की नीतियों पर योगदान दिया। उनकी यात्रा में स्टैंडर्ड चार्टर्ड और यूओबी जैसे अन्य बैंकों का भी योगदान रहा, लेकिन डीबीएस में उनका 15 वर्षों का कार्यकाल सबसे महत्वपूर्ण रहा।

### डीबीएस में सीईओ के रूप में भूमिका

मार्च 2025 में ग्रुप सीईओ बनने के बाद, तन सु शान ने डीबीएस को 'जनरेटिव एआई एनेबल्ड बैंक विद ए हार्ट' के रूप में परिभाषित किया। मैकिन्से के साथ एक साक्षात्कार में, उन्होंने बताया कि कैसे एआई का उपयोग ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग के लिए किया जा रहा है, जो दक्षता बढ़ाते हुए मानवीय स्पर्श बनाए रखता है। उनके नेतृत्व में, डीबीएस ने एशियाई फाइनेंस को ट्रांसफॉर्म करने पर फोकस किया, विशेष रूप से सस्टेनेबल फाइनेंस, डिजिटल इनोवेशन और क्षेत्रीय विस्तार पर। वे कॉर्पोरेट एंड कमर्शियल बैंकिंग को ग्लोबल हेड के रूप में भी जारी रख रही हैं, जो डीबीएस की संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करता है। उनके विजन में, बैंकिंग को अधिक समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाना शामिल है, जो एशिया की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के अनुरूप है।

### उनके विचार

तन सु शान के अनुसार, "सच्चा नेतृत्व कमरे में सबसे बुद्धिमान व्यक्ति होने के बारे में नहीं है, बल्कि सही प्रश्न पूछने और दूसरों को आगे बढ़ने का अवसर देने के बारे में है।" मीडियम लेख में उन्होंने टीम संस्कृति और भावनात्मक सुरक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की है। उनका मानना है कि जब नेता विनम्रता और सहयोग की भावना के साथ काम करता है, तो टीम के सदस्य स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करते हैं। ऐसे वातावरण में लोग खुलकर अपने विचार रखते हैं और अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर पाते हैं। इस दृष्टिकोण से वे युवा नेताओं को यह महत्वपूर्ण सीख देती हैं कि वास्तविक सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयासों से प्राप्त होती है। इसके साथ ही, कतर इकोनॉमिक फोरम में बोलते हुए, उन्होंने डिजिटल युग में व्यक्तिगत संबंधों पर जोर दिया। यह प्रेरक विचार बताता है कि तकनीक कितनी भी उन्नत हो, भावनात्मक जुड़ाव ही विश्वास बनाता है। तन सु शान का मानना है कि बैंकिंग में यह ग्राहक वफादारी की नींव है, जो हमें सिखाता है कि व्यवसाय में मानवीय पक्ष को कभी न भूलें।

### उपलब्धियां और पुरस्कार

तन सु शान की उपलब्धियां उन्हें एशिया की शीर्ष महिला नेताओं में शुमार करती हैं। उनकी कुछ प्रमुख उपलब्धि इस प्रकार हैं -

- 2013 - प्राइवेट बैंकर इंटरनेशनल द्वारा 'आउटस्टैंडिंग प्राइवेट बैंकर ऑफ द ईयर' - एशिया की पहली प्राप्तकर्ता।
- 2013 - वेल्थब्रीफिंगएशिया द्वारा 'आउटस्टैंडिंग इंडिविजुअल कंट्रीब्यूशन टू एशियन वेल्थ मैनेजमेंट'।
- 2012 - इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस द्वारा 'डिस्टिंग्विश्ड फाइनेंशियल इंडस्ट्री कॉम्पिटेंट प्रोफेशनल'।
- 2014 - पीडब्ल्यूएम/द बैंक (फाइनेंशियल टाइम्स ग्रुप) द्वारा ''वर्ल्ड बेस्ट लीडर इन प्राइवेट बैंकिंग' - पहली सिंगापुरियन।
- 2018 - डिजिटल बैंकर द्वारा 'रिटेल बैंकर ऑफ द ईयर'।
- 2018 - फोर्ब्स द्वारा 'टॉप 25 इमर्जेंट एशियन वुमन बिजनेस लीडर'।
- 2019 - द एसेट द्वारा एशिया की छह महिलाओं में से एक, जो बैंकिंग को आकार देंगी।

इसके अलावा, उनके नेतृत्व में डीबीएस ने उपभोक्ता बैंकिंग में क्रांतिकारी बदलाव किए, जो एशिया में डिजिटल बैंकिंग का मॉडल बने।



### प्रभाव और भविष्य की दिशा

तन सु शान का प्रभाव न केवल डीबीएस पर, बल्कि पूरे एशियाई फाइनेंशियल सेक्टर पर पड़ा है। उन्होंने महिलाओं को नेतृत्व में प्रोत्साहित किया और सिंगापुर की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दिया। उनके तहत, डीबीएस ने जेनरेटिव एआई को अपनाया, जो ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करता है। भविष्य में, वे सस्टेनेबिलिटी और इनक्लूसिव ग्रोथ पर फोकस करेंगी, जो एशिया की बदलती चुनौतियों का सामना करने में मदद करेगी। तन सु शान, डीबीएस बैंक की ग्रुप सीईओ, अपनी नेतृत्व शैली, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और एआई युग में मानवीय स्पर्श पर गहन अंतर्दृष्टि के लिए जानी जाती हैं। उनके विचार महिलाओं, नेताओं और पेशेवरों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक हैं, जो दृढ़ता, सहानुभूति और दीर्घकालिक दृष्टि पर जोर देते हैं। तन सु शान एक ऐसी नेता हैं, जिनकी बुद्धिमत्ता, दृढ़ता और इनोवेटिव सोच ने उन्हें वैश्विक पटल पर स्थापित किया है। उनकी कहानी युवा पेशेवरों, विशेष रूप से महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

---

**जॉब का पहला दिन**

## जब मुझे बताना पड़ा, मैं यहां की अफसर हूं



कमलेश्वरी मेहता
ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर
गरुड़, बागेश्वर

फिल्मी रील्स में अक्सर जीवन का सजा-धजा रूप दिखाया जाता है। उसमें जीवन को किसी न किसी तरह के दिखावे और चमक-दमक में फ्रेम कर दिया जाता है, लेकिन मेरी ज्वाइनिंग के पहले दिन का अनुभव बिल्कुल अलग था। वह जीवन की सच्चाई थी बिना किसी फिल्टर के, बिल्कुल वास्तविक। मेरा चयन उत्तराखंड स्टेट सिविल सर्विसेज़ (पीसीएस) परीक्षा 2010 के माध्यम से हुआ था। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद जब मुझे पहली पोस्टिंग के स्थान का पता चला, तो वह था ओखलकांडा, नैनीताल जिले का एक बेहद दुर्गम क्षेत्र। सच कहूं तो इससे पहले मैंने इस जगह का नाम भी कभी नहीं सुना था। मन में उत्सुकता भी थी और थोड़ी चिंता भी।

5 जून 2015 का वह दिन आज भी मुझे अच्छी तरह याद है, जब मैंने ओखलकांडा में अपनी ज्वाइनिंग की। यह अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। नैनीताल जिले का यह सबसे दुर्गम क्षेत्र माना जाता है। रास्ते में दूर-दूर तक कोई वाहन दिखाई नहीं देता था, न ही कहीं घरों की कतारें थीं। मेरे कार्यालय तक पहुंचने के लिए मुझे लगभग डेढ़ किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। जब मैं ऑफिस पहुंची तो वहां कुछ लोग पहले से बैठे हुए थे। कुछ शिक्षक अपने काम से आए हुए थे और उस समय अपॉइंटमेंट तथा ट्रांसफर का दौर चल रहा था। कुछ क्लर्क भी वहां मौजूद थे। मैं करीब एक घंटे तक वहीं बैठी रही। मन में यह इच्छा थी कि स्टाफ और कर्मचारियों से बातचीत करके वहां की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी लूं, लेकिन शायद उन्होंने यह समझ लिया था कि मैं भी कोई शिक्षक हूं, जो अपने ट्रांसफर या किसी अन्य काम के सिलसिले में वहां आई हूं। काफी देर तक जब किसी ने मुझसे कुछ नहीं पूछा, तो अंततः मैंने ही उनसे पूछ लिया कि उप शिक्षा अधिकारी का कार्यालय कहां है और उनका कमरा कौन-सा है। उनमें से एक व्यक्ति ने जवाब दिया कि यहां अभी कोई कमरा तय नहीं है और यहां अभी कोई उप शिक्षा अधिकारी भी नहीं है। हां, इतना जरूर बताया कि जल्द ही कोई नए उप शिक्षा अधिकारी आने वाले हैं। तब मैंने मुस्कराते हुए कहा, "मैं ही वह नई उप शिक्षा अधिकारी हूं, मेरा नाम कमलेश्वरी मेहता है।"

यह सुनते ही वहां मौजूद सभी लोग एकदम से खड़े हो गए। उनके चेहरे पर आश्चर्य साफ दिखाई दे रहा था। उन्होंने तुरंत कहा, "सॉरी मैम, हमने आपको पहचाना नहीं। हमें लगा कि आप कोई टीचर होंगी, जो अपने काम के लिए यहां आई हैं।" इसके बाद उन्होंने मुझे सम्मानपूर्वक अंदर बुलाया, मेरा कमरा दिखाया और बैठने का आग्रह किया। थोड़ी ही देर में चाय भी आ गई। इसी तरह मेरे पहले दिन की शुरुआत हुई। शुरुआत में वहां सुविधाओं का अभाव था और परिस्थितियां भी चुनौतीपूर्ण थीं, लेकिन उसी कठिन इलाके में काम करते हुए मैंने अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाया। ओखलकांडा में ज्वाइनिंग का वह पहला दिन मेरे जीवन का ऐसा अनुभव बन गया, जिसने मुझे आगे आने वाली हर चुनौती का सामना करने की ताकत दी।



---

**अनुभूति**

## सुबह की सैर, रसोई की फिक्र




बीते दिनों सुबह जब पार्क में गई तो घर-घर की कहानी पूछने वाली महिलाओं की जुबान में रसोई गैस की चर्चा थी। यह भी घर की महत्वपूर्ण जरूरत है। इसके बिना चूल्हा ठप्प और चूल्हे के बिना सारे कामकाज। इस बारे में सोचा तो पाया कि भारत अपने कच्चे तेल यानी क्रूड ऑयल की जरूरत का 85 से 88 प्रतिशत से अधिक हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जो रोजाना लगभग 50 से 58 लाख बैरल के बीच है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है। प्रमुख तेल स्रोतों में रूस, इराक, सऊदी अरब और यूएई शामिल हैं। इसमें रूस सबसे बड़ा निर्यातक है, जहां से प्रतिदिन लगभग 18 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा जाता है। कुल आयात का लगभग 40 से 60 प्रतिशत यानी 25-27 लाख बैरल होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। इसी तरह, एलपीजी की देशभर की जरूरत का लगभग 55-60 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत आयात किया जाता है। अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए हम विदेशी कच्चे तेल पर निर्भर हैं। चीन भी अपनी 70 प्रतिशत से अधिक तेल खपत का आयात करता है, जिसमें मुख्य रूप से मध्य पूर्व, रूस, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका शामिल हैं। 90 प्रतिशत से अधिक आपूर्ति समुद्र के रास्ते जलडमरूमध्य के माध्यम से टैंकरों द्वारा जाती है, जबकि रूस और मध्य एशिया से पाइपलाइन और रेल मार्ग का उपयोग किया जाता है।



अमृता पांडे
हल्द्वानी

चीन के तेल का सबसे बड़ा हिस्सा यानि लगभग 90 प्रतिशत समुद्री मार्गों से आता है। रूस, चीन का भी सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है, जो 'पावर ऑफ साइबेरिया' पाइपलाइन और रेल नेटवर्क के माध्यम से तेल भेजता है। इसके अलावा, चीन ईरान और वेनेजुएला से भी बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीदता है, जिसमें उसे भारी छूट प्राप्त होती है। फर्क मात्र इतना है कि आपूर्ति व्यवधान से बचने के लिए, चीन के पास भारी मात्रा में अपना बफर भंडार यानी पेट्रोलियम रिजर्वायर हैं, जो लगभग 900 मिलियन बैरल तक होने का अनुमान है। इधर हम गैस की कीमत से जूझने लगे हैं। पेट्रोल और गैस के दाम बढ़ने लगे हैं और युद्ध के बढ़ते संकट को देखते हुए आने वाले समय में यह स्थिति और गंभीर होने का अनुमान है। खैर इसका विश्लेषण तो विशेषज्ञ और जानकार ही कर सकते हैं, लेकिन फिलहाल मैं सोच रही हूं कि जो सड़कों को खोदकर गैस पाइपलाइन बिछा दी गई है और दो साल पहले हमारे शहरों में घरों की रसोई तक येन-केन-प्रकारेण पाइप पहुंचा दिए गए हैं, उनमें गैस कब आएगी? लकड़ी, कंडों और स्टोव से आगे बढ़ने की कहानी तो अच्छी है, लेकिन पीछे लौटकर जाना अब कितना मुश्किल है और आगे कितना संशय।

---


## उधम सिंह और जलियांवाला बाग का प्रतिशोध

शहीद-ए-आजम सरदार उधम सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन महान क्रांतिकारियों में से एक हैं, जिनका नाम साहस, संकल्प और अदम्य देशभक्ति का प्रतीक बन चुका है। दूसरे शब्दों में कहें तो उधम सिंह, जिन्हें बाद में राम मोहम्मद सिंह आज़ाद के नाम से भी जाना गया। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के ऐसे योद्धा थे जिन्होंने जलियांवाला बाग के शहीदों के लिए न्याय की लड़ाई को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। उनका बचपन का नाम शेर सिंह था। उनका जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम नगर में हुआ था। उनके पिता सरदार टहल सिंह रेलवे विभाग में ओवरसियर (चौकीदार) के रूप में कार्य करते थे और माता का नाम नारायण कौर था।



सुनील कुमार महला
लेखक

दुर्भाग्यवश बचपन में ही उनके माता-पिता का निधन हो गया। परिणामस्वरूप उन्हें और उनके बड़े भाई मुक्ता सिंह को अमृतसर के सेंट्रल खालसा अनाथालय में शरण लेनी पड़ी। यही अनाथालय उनका घर बना और यहीं रहकर उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने 1918 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। अनाथालय के अनुशासन और कठिन परिस्थितियों ने उनके व्यक्तित्व में आत्मनिर्भरता और दृढ़ता का विकास किया। 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में हुआ भीषण नरसंहार उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। उस समय वे अमृतसर में ही थे और



कहा जाता है कि गोलीबारी के बाद वे घायल लोगों को पानी पिला रहे थे। इस अमानवीय घटना ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला और उन्होंने इसके लिए जिम्मेदार लोगों से बदला लेने का संकल्प कर लिया। वे इस घटना के लिए पंजाब के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओ'ड्वायर को जिम्मेदार मानते थे। दरअसल 1919 में ब्रिटिश सरकार ने रॉलेट एक्ट नामक काला कानून पारित किया था, जिसके तहत किसी भी व्यक्ति को बिना मुकदमे के गिरफ्तार किया जा सकता था। इस कानून के विरोध में पूरे देश में आंदोलन शुरू हो गया। अमृतसर में लोकप्रिय नेता सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल की गिरफ्तारी के विरोध में 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में एक शांतिपूर्ण सभा आयोजित की गई। उस दिन वैशाखी का पर्व भी था, इसलिए हजारों लोग वहां एकत्र हो गए थे। जब इस सभा की सूचना ब्रिटिश अधिकारी जनरल डायर को मिली तो वह लगभग 90 सैनिकों के साथ वहां पहुंचा। बिना किसी चेतावनी के उसने भीड़ पर गोली चलाने का आदेश दे दिया।

सैनिकों ने लगभग दस मिनट तक लगातार गोलियां चलाईं और सैकड़ों लोग वहीं ढेर हो गए। जान बचाने के लिए कई लोग बाग के कुएं में कूद गए, जिसे आज 'शहीदी कुआं' के नाम से जाना जाता है। नरसंहार के बाद अमृतसर में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया और लोगों पर अमानवीय अत्याचार किए गए। इस घटना ने उधम सिंह के मन में प्रतिशोध की तीव्र भावना भर दी। उन्होंने लगभग 21 वर्षों तक धैर्यपूर्वक अवसर की प्रतीक्षा की। इस दौरान वे अफ्रीका, अमेरिका और यूरोप जैसे देशों की यात्रा करते हुए क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़े रहे। 1934 में वे लंदन पहुंचे और वहां उन्होंने राम मोहम्मद सिंह आजाद नाम अपनाया, जो भारत की सांप्रदायिक एकता का प्रतीक था। यह भी उल्लेखनीय है कि उधम सिंह, शहीद भगत सिंह को अपना गुरु मानते थे। वे उम्र में उनसे बड़े थे, फिर भी उन्हें अपना मार्गदर्शक समझते थे। कहा जाता है कि उनकी जेब में हमेशा भगत सिंह की तस्वीर रहती थी। इसके अलावा वे अमेरिका में सक्रिय गदर पार्टी से भी जुड़े रहे और भारत की स्वतंत्रता के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन जुटाने का प्रयास करते रहे।

अंततः 13 मार्च 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में आयोजित एक सभा के दौरान उधम सिंह ने माइकल ओ'ड्वायर पर गोली चलाकर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने पिस्तौल को एक मोटी किताब के भीतर छिपाकर वहां प्रवेश किया था। इस प्रकार उन्होंने जलियांवाला बाग के शहीदों के लिए लिया गया अपना संकल्प पूरा किया। घटना के बाद उन्होंने भागने का प्रयास नहीं किया और स्वयं को गिरफ्तार करवा दिया, क्योंकि वे चाहते थे कि दुनिया भारतीयों के आत्मसम्मान और प्रतिरोध की भावना को समझे।

मुकदमे के दौरान उन्होंने निर्भीकता से कहा कि उन्होंने यह कार्य अपने देशवासियों पर हुए अत्याचार का बदला लेने के लिए किया है। अंततः 31 जुलाई 1940 को लंदन की पेंटनविले जेल में उन्हें फांसी दे दी गई। बाद में 1974 में उनकी अस्थियां भारत लाई गईं और उन्हें राष्ट्रीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। उधम सिंह का जीवन साहस, देशभक्ति और न्याय के लिए संघर्ष की प्रेरक गाथा है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,563.92 | 23,151.10 |
| गिरावट | 1,470.50 | 488.05 |
| प्रतिशत में | 1.93 | 2.06 |

सोना 1,65,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,65,500 प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, शनिवार, 14 मार्च 2026

www.amritvichar.com



# एलपीजी संकट: केरल में 40 प्रतिशत रेस्टोरेंट बंद

## कैटरिंग सेवाएं, छात्रावास, कैंटीन और शवदाह गृह भी प्रभावित, लकड़ी और कोयले की कीमतें आसमान पर

कोच्चि, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से पैदा हुए एलपीजी संकट के कारण केरल में करीब 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। ये रेस्तरां खाना पकाने के वैकल्पिक तरीकों का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा कैटरिंग सेवाएं, छात्रावास, कैंटीन और शवदाह गृह भी एलपीजी की कमी से बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

'केरल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन' के अध्यक्ष जी जयपाल के मुताबिक शुक्रवार तक राज्य में लगभग 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद हो गए हैं। इनमें 20 प्रतिशत बृहस्पतिवार को ही बंद हो चुके थे। उन्होंने कहा कि, केंद्र और राज्य सरकारों ने खाना पकाने के वैकल्पिक तरीके अपनाने की सलाह दी है लेकिन होटलों में लकड़ी से खाना बनाना व्यावहारिक नहीं रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ निजी एलपीजी आपूर्तिकर्ता सिलेंडर के लिए लगभग दोगुनी कीमत वसूल रहे हैं और पिछले दो दिन में ईंधन लकड़ी की कीमत भी काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा, कासरगोड में हमारे एक सदस्य को 17 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर 3,000 रुपये में मिला जबकि सामान्य तौर पर 19 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत करीब 1,800 रुपये होती है। लकड़ी के दाम भी बहुत बढ़ गए हैं और वैकल्पिक व्यवस्था अपनाना आसान नहीं है।

जयपाल ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के तुरंत बाद सरकार लोगों को संभावित कमी के बारे में आगाह कर देती, तो स्थिति बेहतर ढंग से संभाली जा सकती थी। कई रेस्तरां मालिक वैकल्पिक व्यवस्था कर लेते। इस सप्ताह की शुरुआत तक सब सामान्य था और अचानक संकट खड़ा हो गया। उद्योग प्रतिनिधियों के अनुसार, यह संकट कैटरिंग सेवाओं को भी प्रभावित कर रहा है जबकि राज्य में शादी का मौसम शुरू होने वाला है।



एलपीजी संकट के बीच नवी मुंबई के बंद पड़े रेस्टोरेंट को देखकर लौटता ग्राहक।

### कैसे हो पाएंगे शादी-ब्याह के समारोह

ऑल केरल कैटरर्स एसोसिएशन के तिरुवनंतपुरम जिले के अध्यक्ष वी सुनुकुमार ने बताया कि 15 मार्च से मलयालम महीने 'मेदम' के साथ शादियां शुरू हो जाएंगी और इस कारण पहले से बुकिंग हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मुस्लिम समुदाय में रमजान के बाद अगले सप्ताह से निकाह समारोह शुरू होंगे और ईसाई समुदाय का लेंट काल या चालीसा काल अगले महीने की शुरुआत में समाप्त होगा जिसके बाद राज्य भर में अधिक शादियां होंगी।

### छात्रावासों के मेस चलाने में दिक्कत

एलपीजी की कमी से मेस सुविधा वाले छात्रावास भी प्रभावित हुए हैं। कोच्चि के कलूर क्षेत्र में छात्रावास चलाने वाली सुजा ने बताया कि उन्होंने रसोई के लिए लकड़ी का इस्तेमाल शुरू कर दिया है लेकिन शहर में लकड़ी की भी कमी है। इस बीच भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा ने एलपीजी संकट को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। तिरुवनंतपुरम में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### वाणिज्य मंत्रालय बीमा मोर्चे पर निर्यातकों की करेगा मदद: अधिकारी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों की मदद के लिए बीमा सहायता उपलब्ध कराने पर काम कर रहा है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समूह दैनिक आधार पर हालात पर नजर रख रहा है और निर्यातकों के साथ संपर्क में है। उन्होंने कहा, बीमा कवरेज और निर्यातकों को समर्थन देने को लेकर विचार चल रहा है। हम विकल्पों का आकलन कर रहे हैं। सीमा शुल्क विभाग ने पश्चिम एशिया संकट के कारण समुद्री मार्गों में व्यवधान और होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से निर्यात मालवाहक जहाजों के भारतीय बंदरगाहों पर लौटने की स्थिति से निपटने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### देश के शीर्ष 50 शहरों में घरों की बिक्री 3% घटी, मूल्य 16% बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश के 50 प्रमुख शहरों में पिछले वर्ष घरों की बिक्री संख्या के हिसाब से तीन प्रतिशत घटकर 6.14 लाख इकाई रह गई, जबकि मूल्य के हिसाब से यह 16 प्रतिशत बढ़कर 8.46 लाख करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रमुख निकाय क्रेडाई और लियासेस फोरास की रिपोर्ट में यह कहा गया। क्रेडाई और शोध कंपनी लियाजेस फोरास ने भारत के 50 प्रमुख शहरों में आवासीय रीयल एस्टेट रुझानों पर एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में बढ़ती खरीदार आकांक्षाओं, आवास मांग के बढ़ते प्रीमियमीकरण और निरंतर बुनियादी ढांचे के नेतृत्व वाले शहरी विकास के कारण मजबूत मूल्य वृद्धि के साथ आवास बाजार की निरंतर मजबूती पर प्रकाश डाला गया है।

# शहरी गैस की बिक्री में हो सकती है दस फीसदी तक गिरावट

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से भारत के शहरी गैस वितरण उद्योग (सीजीडी) की दैनिक बिक्री मात्रा जल्द ही आठ से 10 प्रतिशत तक घट सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

- **क्रिसिल ने जताया अनुमान, उद्योगों की 40% जरूरत पूरी करती है ये गैस**

रिपोर्ट के अनुसार, इस आपूर्ति बाधा का सबसे अधिक असर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर पड़ा है। यह गैस उद्योग की कुल जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत पूरा करती है जबकि बाकी की गैस घरेलू स्रोतों से आती है। संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर एलएनजी की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार, कीमतों में बढ़ोतरी को अंतिम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की क्षमता शहरी गैस वितरण कंपनियों की लाभप्रदता को सहारा देगी। साथ ही मजबूत नकदी भंडार, सशक्त प्रायोजकों का समर्थन और अपेक्षाकृत सीमित कर्ज जैसी स्थितियां इन कंपनियों की ऋण-खंड को समर्थन दे सकती हैं। हालांकि, पश्चिम एशिया में लंबे समय तक बनी रहने वाली अनिश्चितता पर नजर रखना आवश्यक होगा।

### औद्योगिक-वाणिज्यिक पाइप से मिलने वाली गैस होगी सबसे ज्यादा प्रभावित

रिपोर्ट में सात सीजीडी कंपनियों का विश्लेषण किया गया जो पिछले वित्त वर्ष उद्योग की कुल बिक्री का 70% संभालती थीं। पाया गया कि औद्योगिक एवं वाणिज्यिक पाइप से मिलने वाली गैस सबसे ज्यादा प्रभावित होगी क्योंकि यह आयातित एलएनजी पर ज्यादा निर्भर है। उद्योग के अन्य दो खंडों यानी वाहनों में उपयोग होने वाली सीएनजी और परिवारों को पाइपलाइन से मिलने वाली पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी-डी) की कुल बिक्री मात्रा में करीब 70 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# दार्जिलिंग में चाय उत्पादन गिरा, 55,000 नौकरियों पर खतरा

**कोलकाता।** औद्योगिक एलपीजी की अनुपलब्धता से दार्जिलिंग चाय के उत्पादन में गिरावट आने लगी है। पश्चिम बंगाल जिले में भी कारखानों को आपूर्ति बाधित होने का खतरा मंडराने लगा है। 'दार्जिलिंग टी एसोसिएशन' ने कोलकाता स्थित टी बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन को पत्र लिखकर दार्जिलिंग में 55,000 स्थाई श्रमिकों और उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित होने की आशंका जताई है।

**पहले ही मुश्किलों से जूझ रहा है उद्योग, 1990 की तुलना में आधा रह गया है उत्पादन**

एसोसिएशन ने पत्र में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के उस परिपत्र का उल्लेख किया गया है जिसमें सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही उपलब्ध कराई जाए। संघ ने आगाह किया कि इस आदेश के कारण चाय बागानों के कारखानों को औद्योगिक एलपीजी उपलब्ध नहीं हो पाएगी जिससे दार्जिलिंग चाय के उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा। पत्र में अनुरोध किया गया है कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय से बात कर दार्जिलिंग चाय उद्योग के कारखानों को औद्योगिक एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

संघ ने यह भी बताया कि पिछले एक दशक में दार्जिलिंग के चाय बागानों ने अपने कारखानों को कोयला आधारित प्रणाली से बदलकर औद्योगिक एलपीजी पर आधारित प्रणाली में परिवर्तित कर लिया है। यह स्थिति ऐसे समय सामने आई है जब दार्जिलिंग चाय उद्योग पहले ही लंबे समय से उत्पादन संकट से जूझ रहा है। वर्ष 1990 में चाय उत्पादन करीब 1.4 करोड़ किलोग्राम के उच्च स्तर से घटकर 60 लाख किलोग्राम से भी कम रह गया है जबकि 2024 तथा 2025 में उत्पादन ऐतिहासिक रूप से सबसे निचले स्तर पर दर्ज किया गया।

### खाड़ी देशों में ठप हुआ भारतीय सब्जियों का निर्यात किसानों को भारी नुकसान

**मुंबई।** पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध ने खाड़ी देशों में भारतीय सब्जियों के निर्यात को बुरी तरह बाधित कर दिया है। भारत इन देशों में नींबू, हरी मिर्च, सहजन (मोरिंगा), भिंडी और करेले का बड़े पैमाने पर निर्यात करता है। निर्यात बंद होने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने आठ खाड़ी देशों को लगभग 3.73 लाख टन सब्जियों का निर्यात किया था, जिससे लगभग 1,681 करोड़ रुपये की आय हुई थी। कृषि निर्यातकों का कहना है कि खाड़ी देश भारतीय सब्जियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में हैं क्योंकि वहां बड़ी संख्या में प्रवासी रहते हैं और साल भर ताजी उपज की मांग बनी रहती है।

# सरकारी प्रतिभूतियां खरीदकर बैंकिंग प्रणाली में 50,000 करोड़ रुपये डाले

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को खुले बाजार की गतिविधियों (ओएमओ) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों (जीएस) की खरीद कर बैंकिंग प्रणाली में 50,000 करोड़ रुपये की नकदी डाली है।

- **नकदी की भारी निकासी की आशंका में आरबीआई ने उठाया कदम**

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, केंद्रीय बैंक ने विभिन्न श्रेणियों के बॉन्ड खरीदे, जिसमें 14,491 करोड़ रुपये के 7.41 प्रतिशत जीएस 2036 बॉन्ड, 13,006 करोड़ रुपये के 6.45 प्रतिशत जीएस 2029 बॉन्ड और 8,350 करोड़ रुपये के 6.64 प्रतिशत जीएस 2035 बॉन्ड प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा 2046, 2034, 2032 और 2039 में परिपक्व होने वाली सरकारी प्रतिभूतियों की भी खरीद की गई। इस समय बैंकिंग प्रणाली में लगभग 2.49 लाख करोड़ रुपये की अधिशेष नकदी होने का अनुमान है। यह नीलामी पिछले सप्ताह आरबीआई द्वारा घोषित 50,000-50,000 करोड़ रुपये की दो नीलामियों का हिस्सा थी। ओएमओ खरीद की यह घोषणा इस महीने के अंत में होने वाले अग्रिम कर और जीएसटी भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली से नकदी की भारी निकासी की आशंका को देखते हुए की गई थी। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल जनवरी से अब तक केंद्रीय बैंक ने ओएमओ खरीद के जरिये कुल 3.50 लाख करोड़ रुपये की नकदी प्रणाली में डाली है।

## वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल में फंसा बाजार

### डॉलर की मजबूती से पस्त हुए चांदी-सोना, 4% तक गिरे दाम



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में चार प्रतिशत तक की गिरावट आई। डॉलर के मजबूत होने और वैश्विक मौद्रिक नीति को लेकर अनिश्चितता के बीच चांदी गिरकर 2.65 लाख रुपये प्रति किलोग्राम और सोना फिसलकर 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत में 11,000 रुपये यानी 3.97 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह बृहस्पतिवार के बंद भाव 2,76,500 रुपये प्रति किलोग्राम से गिरकर सभी करों सहित 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 2,000 रुपये यानी 1.21 प्रतिशत की गिरावट आई। यह सभी करों सहित 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में सोने की कीमत 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।

### रिकॉर्ड निचला स्तर: रुपया टूटकर 92.45 प्रति डॉलर



**मुंबई।** पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतें 101 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाने के बीच रुपया शुक्रवार को 20 पैसे टूटकर 92.45 प्रति डॉलर (अस्थाई) के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर के मजबूत रुख, विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर रुझान ने रुपये पर और दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.33 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.47 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रह गया। एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.885 अरब डॉलर बढ़कर 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर रहा था। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, छह मार्च को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 9.88 अरब डॉलर घटकर 563.24 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैरअमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.61 अरब डॉलर घटकर 130.01 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 14.6 करोड़ डॉलर घटकर 18.72 अरब डॉलर रह गया।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 4.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.82 अरब डॉलर रह गया।

### रुपये में गिरावट का असर, मर्सिडीज दो प्रतिशत बढ़ाएगी अपने सभी वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया मुद्रा की अस्थिरता और बढ़ती लागत के प्रभाव को कम करने के लिए अप्रैल से अपने वाहन की कीमतों में लगभग दो प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी। शुक्रवार को मर्सिडीज-बेंज इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) ब्रेंडन सिसिंग ने कहा, मूल्य वृद्धि का फैसला मुख्य रूप से मुद्रा में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव, खासकर रुपये के यूरो के मुकाबले लगातार कमजोर होने और लागत बढ़ने के कारण लिया गया है। उल्लेखनीय है कि बृहस्पतिवार को ऑडी ने भी घोषणा की थी कि वह बढ़ती लागत और रुपये में उतार-चढ़ाव के आंशिक प्रभाव को कम करने के लिए एक अप्रैल से भारत में अपने सभी मॉडल कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी।

- **ऑडी पहले ही कर चुकी है कीमतें बढ़ाने की घोषणा**

# भारत-अमेरिका में व्यापार समझौते पर बातचीत जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को साफ किया कि भारत और अमेरिका के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत का सिलसिला जारी है। मंत्रालय ने व्यापार समझौते पर द्विपक्षीय बातचीत रुक जाने का दावा करने वाली खबरों को खारिज करते हुए यह बात कही।

- **वाणिज्य मंत्रालय ने द्विपक्षीय वार्ता रुकने के दावों को खारिज किया**

वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हमने अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता के संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट पर गौर किया है। इस बात का खंडन किया जाता है कि द्विपक्षीय बातचीत में कोई ठहराव आया है। दोनों पक्ष व्यापार समझौते के लिए संपर्क में बने हुए हैं। भारत सरकार की यह टिप्पणी इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने 11 मार्च को भारत और चीन समेत 16 अर्थव्यवस्थाओं की नीतियों एवं औद्योगिक प्रथाओं को लक्षित करते हुए धारा 301 के तहत व्यापार जांच शुरू की है। अमेरिकी प्रशासन की तरफ से लगाए गए जवाबी शुल्कों को रद्द करने वाले अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की हुई है।

## ब्रेंट क्रूड बनाम डब्ल्यूटीआई

इन दिनों अमेरिका-ईरान युद्ध ने दुनिया के सामने क्रूड ऑयल यानी कच्चे तेल के कई अहम पहलुओं को रखा है। क्रूड ऑयल का इतिहास 30 करोड़ साल पुराना है। प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले अपरिष्कृत तेल को क्रूड ऑयल कहते हैं। यह काले रंग का गाढ़ा द्रव होता है अर्थात यह एक तरह का डार्क हाइड्रोकार्बन पदार्थ है जो कि विश्व में जमीन और समुद्र के अंदर मिलता है। इस क्रूड ऑयल को निकालने के बाद विभिन्न रिफाइनरियों में मशीनों से परिष्कृत किया जाता है। इसमें पेट्रोल, डीजल, केरोसिन, नेचुरल गैस, ल्यूब्रिकेंट और वेसलीन आदि प्राप्त होता है। क्रूड ऑयल की इकाई बैरल हैं। एक बैरल 159 लीटर का होता है। दुनिया के बाजार में दो प्रमुख बेंचमार्क हैं। पहला है ब्रेंट क्रूड ऑयल और दूसरा वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई)। वैश्विक तेल कीमतों को समझने में इन दोनों मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## तेल बाजार के प्रमुख मानक




### मूल्य निर्धारण

इन दोनों की कीमतों के अंतर को ब्रेंट-डब्ल्यूटीआई स्प्रेड कहा जाता है। यह अंतर वैश्विक मांग-आपूर्ति, उत्पादन बाधाओं और भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण बदलता रहता है।

### ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई में अंतर

- ब्रेंट क्रूड ऑयल को नार्वे और यूनाइटेड किंगडम ब्रिटे के पास नॉर्थ सी से निकाला जाता है जबकि डब्ल्यूटीआई बेंचमार्क वाले तेल को अमेरिकी तेल के कुओं से निकाला जाता है। दोनों को ही कम सल्फर वाला होने से हल्का और स्वीट कहा जाता है। यानी रिफाइनरियों में इनका परिशोधन आसान होता है।
- ब्रेंट क्रूड ऑयल का मूल्य ओपेक द्वारा उपयोग किया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क है, डब्ल्यूटीआई क्रूड मूल्य अमेरिकी तेल की कीमतों के लिए एक बेंचमार्क है। ब्रेंट क्रूड का वायदा कारोबार लंदन में इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज में जबकि डब्ल्यूटीआई का वायदा कारोबार न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज में किया जाता है।
- दुनिया भर के दो तिहाई क्रूड कॉन्ट्रैक्ट इसी ब्रेंट क्रूड ऑयल बेंचमार्क में तय किए जाते हैं जबकि डब्ल्यूटीआई का व्यापार मुख्य रूप से केवल अमेरिका में किया जाता है। यही इन दोनों में मुख्य फर्क है।

### ब्रेंट क्रूड ऑयल क्या है?

ब्रेंट क्रूड ऑयल उत्तरी सागर से निकाले जाने वाले तेल का मिश्रण है, जिसमें ब्रेंट, फोर्टिस, ओसबर्ग और इकोफिस्क जैसे तेल क्षेत्र शामिल होते हैं। ब्रेंट को यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों के लिए प्रमुख बेंचमार्क माना जाता है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी कीमतों को व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

### डब्ल्यूटीआई तेल क्या है?

वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) अमेरिका में मुख्य रूप से टेक्सास, लुइसियाना और नॉर्थ डकोटा जैसे क्षेत्रों से निकाला जाता है। इसका उपयोग अधिकतर गैसोलीन के उत्पादन में किया जाता है। डब्ल्यूटीआई को अमेरिकी तेल बाजार का प्रमुख बेंचमार्क माना जाता है।

# अमेजन इंडिया की हवाई माल ढुलाई सेवा का विस्तार गुवाहाटी-कोलकाता तक

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अपने समर्पित हवाई मालढुलाई बेड़े 'अमेजन एयर' की सेवाओं का विस्तार गुवाहाटी और कोलकाता तक कर दिया है। अमेजन एयर सेवा की 2023 में शुरुआत के बाद से हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में सेवाएं दे रही थी। नया विस्तार होने से माल भेजने की गति लगभग पांच गुना तक बढ़ने की उम्मीद है।

- **पूर्वोत्तर क्षेत्र में कीं सेवाएं मजबूत, पांच गुना बढ़ेगी माल भेजने की गति**

अमेजन के मुताबिक, इस हवाई मालढुलाई सेवा के विस्तार से पूर्वोत्तर के सभी सात राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गुवाहाटी के लिए पहली अमेजन एयर उड़ान को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर असम के मुख्य सचिव रवि कोटा ने कहा कि गुवाहाटी तक अमेजन एयर सेवाएं शुरू होने से क्षेत्र के विक्रेताओं को देशभर के ग्राहकों से जुड़ने में मदद मिलेगी।

# तेल कीमतों में वृद्धि न हुई तो 7.5% रहेगी जीडीपी

नई दिल्ली, एजेंसी

रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान शुक्रवार को मामूली रूप से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया। हालांकि, यह अनुमान इस शर्त पर है कि ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में कोई बड़ी और लंबे समय तक चलने वाली बढ़ोतरी नहीं होगी और तेल की औसत वार्षिक कीमत 70 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर नहीं जाएगी।

- **फिच ने अपनी रिपोर्ट में मामूली तौर पर बढ़ाया भारत की वृद्धि का अनुमान**

फिच रेटिंग्स ने दिसंबर में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू मांग जीडीपी वृद्धि का सबसे बड़ा कारक रहने वाली है। फिच ने 'ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक- मार्च 2026' रिपोर्ट में वर्ष 2026 के दौरान विश्व की जीडीपी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। फिच के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रायन कुल्टन ने कहा, अगर ऐसी स्थिति आती है कि तेल की कीमतें 100 डॉलर तक पहुंच जाएं और वहां पर टिकी रहें, तो यह वैश्विक आपूर्ति के लिए बहुत बड़ा झटका होगा।

भारत के संबंध में फिच ने कहा कि जनवरी और फरवरी में वास्तविक गतिविधियों के धीमे होने के अस्थाई संकेत मिले हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था जुझारू बनी हुई है और ऋण वृद्धि अभी भी दहाई अंकों में है। फिच को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में वृद्धि दर धीमी होगी, क्योंकि बढ़ती मुद्रास्फीति वास्तविक आय को प्रभावित करेगी और उपभोक्ता खर्च की वृद्धि को सीमित करेगी।

## चालू वित्त वर्ष में कोयला उत्पादन 20 करोड़ टन

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में निजी उपभोग और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 20 करोड़ टन के आंकड़े को पार कर गया है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि इसमें निजी उपभोग वाली खदानों और वाणिज्यिक कोयला खदानों का योगदान 19.41 करोड़ टन रहा।

## बोतलबंद पानी की कीमत में भी होने लगी वृद्धि

**मुंबई।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया पैक्ड ड्रिंकिंग वॉटर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें पॉलीमर की लागत को तेजी से बढ़ा रही हैं जिससे प्लास्टिक बोतल की कीमत बढ़ रही है। अंततः इसका असर बोतलबंद पानी की कीमत पर पड़ रहा है।

पॉलीमर कच्चे तेल से प्राप्त होता है और बोतलबंद पानी के लिए उपयोग की जाने वाली प्लास्टिक की बोतलों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कच्चा माल होता है। एसोसिएशन के अनुसार, प्लास्टिक बोतलों के निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री की कीमत में 50% का उछाल आया है।

**बदलाव** | सुरक्षित निवेश की चाहत, एफडी में बदलवा रहे हैं अपनी जमापूंजी

# ब्याज दर बढ़ने के बाद बैंक जमा में बढ़ी रिटायर लोगों की हिस्सेदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार।** बैंक जमा के स्वरूप में तेजी से बदलाव आ रहा है। वजह यह है कि बैंक जमा में वरिष्ठ नागरिकों की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है, जबकि कामकाजी युवाओं का झुकाव म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार की ओर बढ़ा है। बरेली में भी निवेश का यही रुझान दिख रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2023 से दिसंबर 2025 के बीच रिटेल बैंक डिपॉजिट में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से बढ़कर 41 प्रतिशत तक पहुंच गई है। वहीं 25 से 60 वर्ष के कामकाजी वर्ग की हिस्सेदारी घटकर करीब 55 प्रतिशत रह गई है। यही बदलाव बरेली में भी हुआ है और बैंकों में वरिष्ठ नागरिकों के फिक्स्ड डिपॉजिट में बढ़ोतरी रिकॉर्ड की गई है। बैंक अधिकारियों के अनुसार बुजुर्गों का एफडी में निवेश ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद बढ़ा है।



एसबीआई के सुशील कुमार ने बताया कि जिले में बैंक जमा का बड़ा हिस्सा अभी भी पारंपरिक निवेश के रूप में है। वरिष्ठ नागरिक सुरक्षित निवेश और नियमित ब्याज आय के कारण एफडी को प्राथमिकता देते हैं। वहीं, युवाओं में बेहतर रिटर्न की उम्मीद से म्यूचुअल फंड में निवेश तेजी से बढ़ा है। उन्होंने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप के जरिये सिस्टेमेटिक निवेश योजना (एसआईपी) शुरू करना आसान होने से युवा वर्ग बैंक जमा के बजाय म्युचुअल फंड को ज्यादा पसंद कर रहा है। कई युवा एसआईपी के माध्यम से पूंजी बाजार में निवेश कर रहे हैं। बैंकिंग विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यही रुझान जारी रहा तो आने वाले वर्षों में बैंक डिपॉजिट का बड़ा हिस्सा वरिष्ठ नागरिकों के पास केंद्रित हो सकता है, जबकि युवा वर्ग पूंजी बाजार आधारित निवेश योजनाओं में अधिक सक्रिय रहेगा।

### युवाओं को म्युचुअल फंड पसंद, कर्ज भी खूब ले रहे

कामकाजी आबादी, खासकर 25- 40 वर्ष के युवा अब एफडी के बजाय शेयरों और म्युचुअल फंड में निवेश कर रहे हैं। मोबाइल एप्स ने जरिये इनमें निवेश सुलभ हो गया है। युवाओं को लगता है कि बैंक डिपॉजिट पर मिलने वाला ब्याज महंगाई को मात देने में सक्षम नहीं है। हालांकि इसके साथ वे घर, वाहन और उपभोग संबंधी जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर कर्ज भी ले रहे हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मध्य तुर्किये में आया 5.5 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** मध्य तुर्किये में मध्यम तीव्रता का भूकंप आया। तुर्किये की आपातकालीन सेवा ने यह जानकारी दी। भूकंप के झटकों के बाद कुछ निवासी अपने-अपने घरों से निकल कर सड़कों पर आ गए। हालांकि भूकंप से किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी-एएफएडी के अनुसार, 5.5 तीव्रता के भूकंप का केंद्र तोकात प्रांत के निकसर शहर में 6.4 किलोमीटर की गहराई में था। एएफएडी ने बताया कि भूकंप के झटके बृहस्पतिवार देर रात तीन बजकर 35 मिनट पर आए और कई प्रांतों में महसूस किए गए। तुर्किये भूकंप संभावित क्षेत्रों में आता है और यह प्रमुख 'फॉल्ट लाइन' के शीर्ष पर स्थित है, जहां भूकंप आते रहते हैं।

### क्यूबा में विभिन्न जेलों से रिहा होंगे 51 कैदी

**हवाना।** क्यूबा सरकार ने गुरुवार रात को एक अप्रत्याशित कदम के तहत देश की विभिन्न जेल से 51 लोगों को रिहा करने की घोषणा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आगामी दिनों में की जाने वाली यह रिहाई सद्भावना और वेटिकन के साथ करीबी संबंधों से प्रेरित है। सरकार ने यह नहीं बताया कि वह किन लोगों को रिहा करेगी। उसने सिर्फ इतना कहा कि रिहा किए जाने वाले सभी लोगों ने अपनी सजा का एक बड़ा हिस्सा पूरा कर लिया है और जेल में उनका आचरण अच्छा था। सरकार ने कहा कि उसने 2010 से अब तक 9,905 कैदियों को क्षमादान दिया है। उसने यह भी कहा कि पिछले तीन वर्ष में कारावास की सजा पाने वाले 10,000 अन्य लोगों को रिहा किया गया है। क्यूबा ने जनवरी 2025 में वेटिकन के साथ बातचीत के बाद 500 से अधिक कैदियों को समय-समय पर रिहा करने के सरकारी फैसले के तहत विपक्ष के प्रमुख नेता जोस डेनियल फेरर को रिहा कर दिया।

### श्रीलंका ने 45 ईरानी नाविकों के शव सौंपे

**कोलंबो।** श्रीलंका ने इस द्वीप देश के तट पर एक ईरानी युद्धपोत पर हुए हमले में मारे गए 45 नाविकों के शव शुक्रवार को ईरान के दूतावास को सौंप दिए। मुख्य मजिस्ट्रेट समीरा डोडंगोडा ने गाले बंदरगाह पुलिस के अनुरोध के बाद 11 मार्च को करापितिया स्थित राष्ट्रीय अस्पताल के निदेशक को यह आदेश दिया। पिछले बुधवार को श्रीलंका ने कहा था कि उसने अमेरिकी पनडुब्बी हमले में द्वीप के दक्षिणी तट पर गाले के पास डूबे ईरानी पोत आईआरआईएस देना से 84 शव बरामद किए हैं।

# फर्जी मेडिकल वीजा पर रह रहे दस बांग्लादेशियों को दबोचा

- वैध यात्रा दस्तावेज न होने के बावजूद बुल्गारिया के लिए वीजा लेने का कर रहे थे प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के बाहरी इलाके में एक विशेष सत्यापन अभियान के दौरान फर्जी मेडिकल वीजा का इस्तेमाल करके भारत में अवैध रूप से रह रहे 10 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बावजूद दिल्ली में रह रहे थे और भारत में रहने के लिए वैध यात्रा दस्तावेज न होने के बावजूद वे बुल्गारिया के लिए मेडिकल वीजा प्राप्त करने का कथित तौर पर प्रयास कर रहे थे।

पुलिस को विशिष्ट जानकारी मिली थी कि कुछ संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक अपने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी उस क्षेत्र में रह रहे थे। पीरागढ़ी चौक में छह मार्च को उनकी मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। संदिग्धों ने सत्यापन से बचने के लिए भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें रोक लिया। पूछताछ करने पर इनमें से कोई भी व्यक्ति वैध पहचान पत्र या यात्रा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बाद में सत्यापन से पता चला कि उनके पासपोर्ट और वीजा की वैध तिथि समाप्त हो चुकी थी, जिससे देश में उनका अवैध रहना सिद्ध हो गया।

# इच्छा मृत्यु का अधिकार

भारत के कानूनी इतिहास में 11 मार्च 2026 की तारीख एक मील के पत्थर के रूप में दर्ज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 साल से कोमा में पड़े 32 वर्षीय युवक हरीश राणा को पैसिव यूथेनेशिया यानी निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति देकर एक मिसाल पेश की है। गाजियाबाद के रहने वाले हरीश 2013 में एक चौथी मंजिल से गिरने के बाद गंभीर दिमागी चोट का शिकार हुए थे और तब से पूरी तरह बिस्तर पर कृत्रिम पोषण के सहारे जीवित थे। उनके माता-पिता ने कोर्ट से अपने बेटे के लिए सम्मानजनक मृत्यु की गुहार लगाई। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने मानवीय गरिमा और चिकित्सा विज्ञान की सीमा को ध्यान में रखते हुए फैसला सुनाया। कोर्ट ने माना कि मशीनों के भरोसे दर्दनाक जीवन को जारी रखना व्यक्ति की गरिमा के खिलाफ है।

## मानवीय या अमानवीय



### अन्य देशों में स्थिति

नीदरलैंड में सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार की इच्छा मृत्यु मान्य है। बेल्जियम में बच्चों तक के लिए कुछ परिस्थितियों में अनुमति है। कनाडा और स्विट्जरलैंड में भी मान्य है।

### आवेदन की प्रक्रिया

- लिविंग विल : व्यक्ति स्वस्थ रहते हुए एक 'एडवांस मेडिकल डायरेक्टिव' लिख सकता है कि भविष्य में ऐसी स्थिति आने पर उसे लाइफ सपोर्ट न दिया जाए।
- मेडिकल बोर्ड का गठन : यदि कोई 'लिविंग विल' नहीं है, तो अस्पताल को एक प्राइमरी मेडिकल बोर्ड बनाना होगा, जो मरीज की स्थिति की जांच करेगा।
- सेकेंडरी मेडिकल बोर्ड : इसके बाद जिला कलेक्टर या संबंधित अधिकारी द्वारा एक दूसरा मेडिकल बोर्ड गठित किया जाएगा जो प्राइमरी बोर्ड की रिपोर्ट की पुष्टि करेगा।
- न्यायिक पुष्टि : मजिस्ट्रेट या कोर्ट को रिपोर्ट पर सहमति देनी होती है।

### क्या कहता है देश का संविधान

- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 कहता है कि किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जाएगा।
- ऐतिहासिक बदलाव : 1996 के 'ज्ञान कौर बनाम पंजाब राज्य' मामले में कोर्ट ने कहा था कि जीने के अधिकार में मरने का अधिकार शामिल नहीं है।
- नया मोड़ : 2018 में 'कॉमन कॉज बनाम भारत संघ' मामले में 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि 'गरिमापूर्ण मृत्यु' अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है।
- पैसिव यूथेनेशिया बनाम एक्टिव यूथेनेशिया : भारत में केवल पैसिव यूथेनेशिया (इलाज या लाइफ सपोर्ट रोककर मौत होने देना) वैध है। एक्टिव यूथेनेशिया (इंजेक्शन या किसी दवा के जरिए जान लेना) अभी भी अपराध है।

### अब तक क्यों नहीं लिया था कड़ा निर्णय

- दुरुपयोग का डर : कोर्ट को हमेशा यह डर रहा है कि विरासत या संपत्ति के लालच में परिवार के लोग इस प्रावधान का गलत इस्तेमाल कर सकते हैं।
- अरुणा शानबाग मामला (2011) : इस मामले में कोर्ट ने पैसिव यूथेनेशिया को सैद्धांतिक मंजूरी तो दी थी, लेकिन अरुणा के मामले में अनुमति नहीं दी क्योंकि वह खुद सांस ले रही थीं और उन्हें लाइफ सपोर्ट की जरूरत नहीं थी।
- जटिल प्रक्रिया : 2018 के दिशा-निर्देश इतने कठिन थे कि उन्हें लागू करना व्यावहारिक रूप से असंभव था। हालांकि, 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने इन नियमों को थोड़ा सरल बनाया, जिससे अब आवेदन करना आसान हुआ है।

# पूर्वोत्तर में स्थायी शांति ले आई भाजपा कांग्रेस ने स्वार्थी हितों को ऊपर रखा

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी में कहा, पूर्वोत्तर में अब गोली-बम की अवाज बीते दिनों की बात

- कहा-अब शांति एवं विकास का नया अध्याय लिख रहा असम

**गुवाहाटी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर में बमों और गोलीबारी की आवाज अब बीते दिनों की बात हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति सुनिश्चित की, जबकि कांग्रेस ने स्वार्थ केंद्रित राजनीतिक हितों के लिए विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

बारिश के कारण यात्रा कार्यक्रम में बाधा आने के बाद गुवाहाटी से डिजिटल माध्यम से असम के कोकराझार जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य डबल इंजन सरकार के तहत शांति एवं विकास का एक नया अध्याय लिख रहा है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने स्वदेशी लोगों की जमीन घुसपैठियों को सौंपकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का काम किया। उन्होंने कहा, आगामी चुनावों में कांग्रेस को दंडित करें और यह स्पष्ट संदेश दें कि इस देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। असम विधानसभा की 126 सीट के लिए चुनाव अप्रैल में होने की संभावना है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा घुसपैठियों के साथ मिलीभगत करती रही है और उसने राज्य की मूल आबादी को कभी कानूनी रूप से भूमि अधिकार नहीं दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी भूमि घुसपैठियों को सौंप दी, और धुबरी तथा गोलपारा जैसे जिलों में स्थिति गंभीर थी, जिससे कोकराझार की जनसांख्यिकी प्रभावित हुई। प्रधानमंत्री ने कहा, "मुझे खुशी है कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा अतिक्रमण मुक्त भूमि के लिए एक बड़ा अभियान चला रहे हैं और भाजपा सरकार ने आदिवासी लोगों को उनके अधिकार सौंप दिए हैं। मैं इस संबंध में सहयोग देने के लिए आदिवासी समुदायों के लोगों का भी आभारी हूं।

मोदी ने कहा कि कोकराझार दशकों से कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है, क्योंकि विपक्षी कांग्रेस ने झूठे वादे किए थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने दिखावे और स्वार्थी हितों के लिए शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए, लेकिन भाजपा ने स्थायी शांति के लिए काम किया और बोडोलैंड का विकास सुनिश्चित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बोडोलैंड की पहाड़ियां दशकों तक बंदूकों और बम धमाकों की आवाजों से गूंजती रहीं, लेकिन अब वे दिन बीत चुके हैं, और यह शांति एवं विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, इन वर्षों में लोगों ने बहुत कष्ट झेला है और बहुत कुछ खोया है... हमने वे कठिन दिन देखे हैं, लेकिन अब 'खाम' (ढोल) की थाप और सिफोंग (बांसुरी) की मधुर आवाज सुनाई देती है। मोदी ने कहा, जब जनता ने राज्य और केंद्र दोनों से कांग्रेस को सत्ता से हटाया, तभी हम ईमानदारी और निष्ठा से इस क्षेत्र का विकास शुरू कर पाए।



असम के गुवाहाटी में राज्य की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इस मौके पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य और मुख्यमंत्री हेमंत बिश्व शर्मा भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस को बताया झूठे वादों की दुकान

राहुल गांधी के नारे मोहब्बत की दुकान का स्पष्ट जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस झूठे वादों की दुकान है, और एक झूठ के साथ यह चार और बड़े झूठ उपहार में देती है, क्योंकि उनका कोई भी वादा पूरा करने का इरादा नहीं है। जबकि डबल इंजन सरकार का मॉडल जनता के सामने है और किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) के तीव्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# सरकार की अपील, रसोई गैस की न करें घबराहट में बुकिंग

- सरकार ने कहा-जहां संभव हो सके पीएनजी लें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शुक्रवार को एक बार फिर देशवासियों से अपील की कि वे रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल को लेकर घबराहट में न आएं क्योंकि देश में इनका पर्याप्त भंडार है। साथ ही कहा कि जो लोग अभी सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहे हैं और उनके आसपास पाइप से आपूर्ति की जाने वाली पीएनजी की लाइन है वे शीघ्र इसके कनेक्शन के लिए आवेदन करें। सिलेंडर बुकिंग को लेकर लोगों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा गया है कि वे तेल वितरण कंपनियों की आधिकारिक वेबसाइट से ही सिलेंडर की बुकिंग करें क्योंकि कुछ डिजिटल स्कैमर इस स्थिति का गलत फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और राज्यों से सिलेंडर आपूर्ति की निगरानी करने को कहा गया है। वैकल्पिक ईंधन के रूप में केरोसिन के इस्तेमाल को बढाने के लिए भी उचित कदम उठाये गये हैं। सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशियाई देशों से उडानों के संचालन में निरंतर सुधार हो रहा है और वहां से अब तक डेढ लाख भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं। विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने पश्चिम एशिया की स्थिति के बारे में बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ईरान के नेताओं से लगातार संपर्क में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार रात को ईरान के राष्ट्रपति के साथ फोन पर बातचीत कर वहां की स्थिति और वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के बारे में बात की है। विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने भी अपने ईरानी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय मुदों और ब्रिक्स देशों से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की है। सरकार स्थिति पर निरंतर नजर बनाए हुए है और सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं।



### देश में रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

पेट्रोलिय मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में रसोई गैस और पेट्रोल डीजल पर्याप्त मात्रा में है। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि हर रोज की औसतन पचास लाख सिलेंडर की बुकिंग की तुलना में हड़बड़ी के कारण अभी 75 लाख सिलेंडर की बुकिंग हो रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस तरह की हड़बड़ी न करें और जिन लोगों के आसपास पाइप से आपूर्ति की जाने वाली पीएनजी की लाइन उपलब्ध है वे शीघ्र इसके कनेक्शन के लिए आवेदन करें। उन्होंने कहा कि देश में पीएनजी की कोई कमी नहीं है और 60 लाख परिवार तुरंत पीएनजी पर 'शिफ्ट' हो सकते हैं।

# भ्रामक सूचना फैलाने के मामले को नहीं सुनेगी सुप्रीम अदालत



- तिरुमला लड्डू विवाद : याचिका में सुप्रीम कोर्ट से की गई थी कार्रवाई करने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने तिरुमला लड्डू विवाद के बारे में पोस्टर या सार्वजनिक बयानों के माध्यम से कथित तौर पर गलत सूचना फैलाने वाले व्यक्तियों या संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायालय ने चार अक्टूबर 2024 को पांच-सदस्यीय एक स्वतंत्र विशेष जांच दल का गठन किया था, ताकि तिरुपति में लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच की जा सके और करोड़ों लोगों की भावनाओं को शांत किया जा सके।

शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया था कि अदालत को राजनीतिक युद्धक्षेत्र के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इस सिलसिले में आपराधिक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि आप विशेषज्ञ क्यों बन गए हैं जाइए और अधिकारियों को बता दीजिए। सीजेआई ने कहा कि जांच एजेंसी को जो भी पता चलता है, उसे संबंधित अदालत के सामने रखा जाएगा। पीठ ने यह भी कहा कि यह याचिका कुछ और नहीं, बल्कि उन संदिग्धों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में बचाव पक्ष की दलील को मजबूत करने का एक प्रयास है। हम इस याचिका को सुनने के पक्ष में नहीं हैं, खासकर तब, जब जांच जारी है।

# पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के कई शहरों में रिहायशी इलाकों में किए हवाई हमले

- हमलों में चार लोगों की मौत, इमारतों और बुनियादी ढांचे को हुआ भारी नुकसान

**काबुल, एजेंसी**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव एक बार फिर हिंसक मोड़ ले चुका है। अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने शुक्रवार तड़के जानकारी दी कि पाकिस्तानी वायुसेना ने अफगानिस्तान के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में नागरिक ठिकानों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। चार नागरिकों की मौत की भी सूचना है।

सरकारी प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के अनुसार, पाकिस्तानी बलों ने अफगानिस्तान के कई प्रमुख प्रांतों और शहरों को निशाना बनाया, जिनमें राजधानी काबुल, कंधार और पक्तिया शामिल हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर दावा किया कि कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी बमवर्षकों ने सीधे तौर पर रिहायशी घरों को निशाना बनाया। इन हमलों में महिलाओं और बच्चों के मारे जाने की भी सूचना है। हालांकि, कुछ हमले खाली रेगिस्तानी और निर्जन क्षेत्रों में भी हुए हैं। इस सैन्य कार्रवाई में एक बड़ा आर्थिक नुकसान कंधार में हुआ है।

मुजाहिद के अनुसार, पाकिस्तानी वायुसेना ने कंधार अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित निजी एयरलाइन 'कम एयर' के एक ईंधन डिपो पर हमला किया, जिससे हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। यह ताजा हमला पिछले कुछ दिनों से जारी सीमा विवाद और हमलों की श्रृंखला का हिस्सा है।

### अफगानिस्तान में दो अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिए जाने की शुक्रवार को पुष्टि की। सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद के अनुसार इन दोनों व्यक्तियों को स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्थानीय समाचार चैनल टोलो न्यूज़ को दिए एक साक्षात्कार में मुजाहिद ने स्पष्ट किया कि इन अमेरिकी नागरिकों की गिरफ्तारी अफगान कानून तोड़ने के कारण हुई है।

# ग्रेट इंडियन बस्टर्ड ने दो चूजे जन्में, इनकी संख्या 70 हुई


**नई दिल्ली।** लुप्तप्राय प्रजाति संरक्षण की सरकार की कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम परियोजना के तहत ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (गोडावण) ने दो नए चूजों को जन्म दिया है जिससे इन पक्षियों की कुल संख्या बढ़कर 70 पहुंच गई है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की ग्रेट इंडियन बस्टर्ड कैप्टिव ब्रीडिंग प्रोग्राम परियोजना के चौथे वर्ष में प्रवेश करने के साथ ही इस लुप्तप्राय पक्षी ने इस सप्ताह राजस्थान के संरक्षण प्रजनन केंद्र में दो नए चूजों को जन्म दिया है। इसके साथ ही सरकार की कैप्टिव अवस्था में इन पक्षियों की संख्या बढ़कर 70 हो गई है।

यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नेतृत्व में देश इस परियोजना को बड़ी सफलता दिलाने की दिशा में सही राह पर है। उन्होंने इन चूजों के जन्म को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि राजस्थान के इस कैप्टिव ब्रीडिंग केंद्र में जन्में इन दो चूजों में से एक प्राकृतिक प्रजनन से और दूसरा कृत्रिम गर्भाधान से पैदा हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने इस प्रजाति के पक्षियों के संरक्षण के प्रयास में इसे उपलब्धि बताया और कहा कि इस वर्ष पाले गए कुछ चूजों को जंगल में धीरे-धीरे छोड़ना शुरु कर दिया जाएगा। उनका कहना था कि इन पक्षियों को छोडना परियोजना के लिए एक नई चुनौती की शुरुआत है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


मेष: आज व्यर्थ के खर्चों पर नियंत्रण कर पाने में सफल रहेंगे। नए प्रयोग कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को सम्मान मिल सकता है।


वृष: आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर कम रहेगा। व्यापार में बड़ी डील की संभावना है। मन में स्वार्थ की भावना न आने दें।


मिथुन: आज जीवनसाथी की सलाह लेकर निर्णय लेना हितकर होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।



कर्क: आज घर में कोई बड़ा आयोजन कर सकते हैं। व्यवसाय में खर्चे नियंत्रित रखने का प्रयास करेंगे। पिता के व्यवहार से निराश हो सकते हैं।



सिंह: आज परिजन आपसे प्रसन्न रहेंगे। धर्म-कर्म पर धन खर्च होगा। बिगड़े हुए संबंधों को सुधारने का प्रयास करें।



कन्या: आज घरेलू वातावरण सामान्य रहेगा। उधार दिया हुआ धन परेशानी खड़ी कर सकता है। गंभीर विषय पर चिंतन कर सकते हैं।


तुला: आज अचानक आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर मन आशंकित रहेगा। सहकर्मियों के प्रति मन में द्वेष पनप सकता है।


वृश्चिक: आज इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ जाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद मिल सकता है।


धनु: आज आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। दूसरों पर अधिक निर्भर न रहें। माता-पिता की सलाह लेना उत्तम होगा।



मकर: आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। सभी कार्य बिना रुकावट के पूर्ण होंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।


कुंभ: आज महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में दस्तावेजों के कारण समस्या हो सकती है। मित्रों से विवाद न करें।


मीन: आज आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। पुराने निवेश से आपको लाभ होगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 14 मार्च, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी 08.10 तक तत्पश्चात एकादशी।

दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वसंत।
**चन्द्रबल**-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- उत्तराषाढ़ा 15 मार्च 04.49 तक तत्पश्चात श्रवण।

### सुडोकू - 87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 1 |

### सुडोकू -88

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 4 | 2 | | |
| | 8 | | | | 5 | | 1 | |
| | | | | | | 6 | | 9 |
| | 5 | | | 3 | 2 | 1 | | |
| 6 | | | | | | | | 8 |
| | | 1 | 7 | 9 | | | 2 | |
| 2 | | | | | | | 6 | |
| | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| | 6 | 7 | | | | | 4 | |

## सुरक्षा की तैयारी

### पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा पश्चिम एशिया संघर्ष से सबक लेने की जरूरत

# अपनी हवाई रक्षा प्रणाली अत्यंत मजबूत करे भारत : चौधरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में संघर्ष जारी रहने के बीच, भारतीय वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी (सेवानिवृत्त) ने कहा है कि भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण सीख यह है कि उसे अधिक अस्त्र प्रणालियों, रडारों और अन्य अभियानगत क्षमताओं के साथ एक अत्यंत मजबूत हवाई रक्षा का निर्माण करने की आवश्यकता है।

गुरुवार को यहां एक राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान बातचीत में चौधरी ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया संघर्ष में ड्रोन के उपयोग का जिक्र किया और कहा कि वे भविष्य के किसी भी संघर्ष में बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि अभी हमें अपना सारा भरोसा केवल ड्रोन पर नहीं रखना चाहिए। पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा, हां, वे मौजूदा प्रयासों में सहायक होंगे, लेकिन हम युद्ध जीतने के लिए पूरी तरह से ड्रोन पर निर्भर नहीं रह सकते। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमलों की शुरुआत की थी। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों की मौजूदगी वाले कई खाड़ी देशों पर हमला किया, जिससे वैश्विक विमानन संचालन और तेल की कीमतों पर असर पड़ा तथा गंभीर ऊर्जा संकट उत्पन्न हो गया है।

भारत और पड़ोसी देशों के रक्षा एवं रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ बुधवार से शुरू हुए तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु आधारित थिंक-टैंक सिनर्जिया द्वारा मानेकशॉ सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। चौधरी ने गुरुवार को भारत की बहु-क्षेत्रीय हवाई रीढ़ विषय पर आयोजित सम्मेलन में मुख्य भाषण दिया।

### हमारे पास जो कुछ है, वह शायद इस तरह के संघर्ष के लिए पर्याप्त नहीं

कार्यक्रम से इतर यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें पश्चिम एशिया संघर्ष के जल्द ही समाप्त होने की कोई उम्मीद है, उन्होंने कहा, आपका अनुमान मेरे अनुमान जितना ही अच्छा है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि मौजूदा संघर्ष से सबसे पहला सबक यही मिलता है कि देश के लिए एक अत्यंत मजबूत हवाई रक्षा प्रणाली का होना आवश्यक है। क्योंकि हमारे पास जो कुछ है, वह शायद इस तरह के संघर्ष में पर्याप्त न हो। चौधरी ने कहा कि इसलिए, इसे मजबूत करने के लिए हमें अधिक अस्त्र प्रणालियों, अधिक रडारों, सभी प्रणालियों के अधिक एकीकरण, साइबर क्षमताओं के एकीकरण की आवश्यकता है। अत: देश में एक मजबूत हवाई रक्षा नेटवर्क का होना सर्वथा सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# इसरो ने किया क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने क्रायोजेनिक इंजन सीई20 का 22-टन थ्रस्ट क्षमता के साथ सफल परीक्षण किया है। इसरो ने बताया कि क्रायोजेनिक इंजन सीई20 में नोजल प्रोटेक्शन सिस्टम और एक मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर का उपयोग करके 10 मार्च को समुद्र तल के स्तर पर सफल परीक्षण किया गया। इससे पहले, एनपीएस का उपयोग करते हुए 19-टन थ्रस्ट क्षमता वाले परीक्षण किए जा रहे थे। सीई20 क्रायोजेनिक इंजन एलवीएम3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी क्रायोजेनिक चरण को शक्ति प्रदान करता है।



रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं। तर्क के हिसाब से, अगर आप फिट हैं, तो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टिट्यूट होना चाहिए। खासकर तब, जब आप दूसरी पारी में बैटिंग कर रहे हों।

–आकाश चोपड़ा



## हाईलाइट

### एआईएफएफ के पूर्व महासचिव कुशल दास का निधन

**नई दिल्ली।** अनुभवी प्रशासक और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के पूर्व महासचिव कुशल दास का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे है। दास ने भारत में 2017 फीफा अंडर-17 विश्व कप के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने 2022 में स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा देने से पहले 12 वर्षों तक एआईएफएफ के महासचिव पद पर कार्य किया। फुटबॉल प्रशासन से 2010 में जुड़ने से पहले दास अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन समूह (आईएमजी) इंडिया में मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दिल्ली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। यह जानकारी शाजी प्रभाकरन ने दी।

### केकेआर ने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग से करार किया

**कोलकाता।** तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से पहले शुक्रवार को जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी से करार करने की घोषणा की। मुजरबानी पाकिस्तान सुपर लीग से हट गए हैं जो इसी समय चलेगी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुजरबानी हाल में खत्म हुए टी20 विश्व कप में 13 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से तीसरे गेंदबाज रहे थे जिससे जिम्बाब्वे सुपर आठ चरण में पहुंचा। केकेआर ने एक बयान में कहा केकेआर ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सत्र के लिए जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी से करार किया है।

### सम्राट, सुरुचि टॉप्स कोर समूह में शामिल

**नई दिल्ली।** उभरते पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा और सुरुचि सिंह, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और विश्व चैंपियन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें हाल में प्रदर्शन के आकलन के बाद टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन स्टार एच एस प्रणय, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को प्रदर्शन के अपेक्षित मापदंडों को पूरा नहीं कर पाने के कारण कोर समूह से हटा दिया गया है।

### पंत ने मुंबई में युवराज के साथ किया अभ्यास

**मुंबई।** ऋषभ पंत ने पिछले सप्ताह मुंबई में युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग की। यह उनकी आईपीएल 2026 की तैयारियों का हिस्सा था। दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए और व्हाइट-बॉल क्रिकेट के अलग-अलग तरह के शॉट्स पर अभ्यास किया। 28 साल के पंत का पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। इसलिए, इस बार वे अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित करने के लिए बेताब हैं। उनके करीबी एक सूत्र ने बताया युवराज के साथ उनके निजी संबंध काफी अच्छे हैं।

# मसूरी में कुलदीप यादव की हुई हल्दी की रस्म



खेल डेस्क

**अमृत विचार।** चाइनामैन गेंदबाज के नाम से प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेट टीम के अहम खिलाड़ी कुलदीप यादव की देहरादून में हल्दी, मेहंदी की रस्में शुक्रवार को धूमधाम से हुईं। कानपुर का ये खिलाड़ी शनिवार को मसूरी में अपने बचपन की दोस्त वंशिका के साथ सात फेरे लेंगे।

शादी समारोह में शामिल होने के लिए खेल जगत के अलावा वीवीआईपी पहुंच रहे हैं। विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को क्रिकेटर रिंकू सिंह और उनकी मंगेतर सपा सांसद प्रिया सरोज शादी में शामिल होने के लिए देहरादून पहुंचे। उनके अलावा यजुवेंद्र चहल, टी दलीप और मोहित शर्मा भी मसूरी पहुंच चुके हैं। वैवाहिक कार्यक्रम लाइब्रेरी बाजार स्थित होटल सेवाय में है। मेहमानों के लिए जेडब्लू मैरियट में कमरे बुक किए गए हैं। विश्वकप विजेता भारतीय टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव, रविंद्र जडेजा, नितेश राणा, सुरेश रैना, मोहम्मद कैफ, रूद्र प्रताप सिंह, जितेश शर्मा भी आज मसूरी पहुंच रहे हैं।

### पढ़ाई के मामले में चाइनामैन गेंदबाज से आगे हैं वंशिका

लेफ्ट आर्म रिस्ट स्पिनर कुलदीप यादव और उनकी बचपन की दोस्त वंशिका चड्ढा दोनों ने अपने-अपने क्षेत्र में सफलता की मिसाल कायम की है। कुलदीप ने जहां क्रिकेट के मैदान में अपनी पहचान बनाई है, वहीं वंशिका ने पढ़ाई में अपनी छाप छोड़ी है। कुलदीप यादव और वंशिका चड्ढा एक दूसरे को कई सालों से जानते हैं। दोनों के परिवार भी लंबे समय से एक दूसरे से परिचित रहे हैं। समय के साथ दोनों की दोस्ती गहरी होती गई और यही रिश्ता आगे चलकर शादी तक पहुंचा। जून 2025 में दोनों की सगाई हुई और अब दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। कुलदीप यादव का जन्म 14 दिसंबर 1994 को कानपुर में हुआ। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई कानपुर में ही की। जानकारी के मुताबिक, कुलदीप ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। बचपन से ही उनका झुकाव क्रिकेट की तरफ था और इसी वजह से उन्होंने कम उम्र में ही पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे क्रिकेट में करियर बनाने के लिए उन्होंने अपनी ऊर्जा उसी दिशा में लगा दी और आगे चलकर भारतीय टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए। कुलदीप यादव की होने वाली पत्नी वंशिका चड्ढा भी उत्तर प्रदेश से ही हैं और वे कानपुर के श्याम नगर इलाके की रहने वाली बताई जाती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई भारत में पूरी की और इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न गईं. वहां से उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद वे भारत लौट आईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वंशिका चड्ढा फिलहाल एलआईसी में काम कर रही हैं। वह लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करती हैं।

# क्रिकेट में भारतीय महिलाओं की भागीदारी बहुत तेजी से बढ़ी

## बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम के अध्ययन में सामने आए तथ्य

नई दिल्ली, एजेंसी



**2020** के बाद से 14 राज्यों का लिया गया आंकड़ा

**10** हजार से अधिक महिलाओं को किया गया शामिल

**15** से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में विचार किया

**10** गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है उत्तर प्रदेश में भागीदारी

'बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम' द्वारा कराए गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में महिला क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ और 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है।

इस अध्ययन में 10,000 से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में क्रिकेट खेलने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है। वहीं युवा महिलाओं में यह बढ़ोतरी और भी तेजी से हुई है। इसमें 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में यह छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है।

अध्ययन के अनुसार 15 से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने पर विचार किया है। हाल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। टीम ने अपना पहला वनडे विश्व कप जीता और लगभग एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की द्विपक्षीय टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला में हराया। खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में इस सफलता का भी योगदान हो सकता है। क्रिकेट ने पारंपरिक खेल कबड्डी को भी काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है जो लंबे समय से भारत के ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय रहा है।

अध्ययन में कहा गया जिन राज्यों में अध्ययन किया गया, उनमें महिलाओं के बीच सबसे अधिक खेले जाने वाले खेल के रूप में क्रिकेट अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। 2020 में यह कबड्डी से केवल मामूली अंतर से आगे था लेकिन अब क्रिकेट काफी आगे पहुंच गया है। इसके अनुसार अधिकांश क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। सर्वे किए गए राज्यों में से केवल दो को छोड़कर सभी में महिलाओं द्वारा क्रिकेट खेलने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई।


उत्तर प्रदेश में भागीदारी 10 गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है। साथ ही इन राज्यों में क्रिकेट खेलने में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर भी कम हुआ है। अध्ययन से यह भी पता चला कि तीन पुरुषों के मुकाबले अब एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जबकि 2020 में यह अनुपात पांच पुरुष और एक महिला का था। करियर के संदर्भ में 15 से 24 वर्ष की 26 प्रतिशत युवतियों ने खेल में करियर बनाने पर विचार किया है जो 2020 में 16 प्रतिशत था। सबसे अधिक प्रतिशत तमिलनाडु (27 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (19 प्रतिशत) और मेघालय (19 प्रतिशत) में दर्ज किया गया। सर्वे में शामिल महिलाओं के बीच बैडमिंटन में भी भागीदारी बढ़ी है, विशेषकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। इसके अनुसार अगर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का सही समाधान किया जाए तो और अधिक महिलाएं खेलों की ओर आकर्षित हो सकती हैं। जो महिलाएं नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बाधा बताया।

### अबरार से करार पर राजीव शुक्ला बोले- चिंता की बात नहीं

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने ''द हंड्रेड'' नीलामी के दौरान सनराइजर्स लीड्स द्वारा पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को खरीदने को ज्यादा अहमियत नहीं दी और शुक्रवार को कहा कि विदेशी लीग में लिया गया फैसला बोर्ड के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

चेन्नई के मीडिया ग्रुप सन ग्रुप के स्वामित्व वाली सनराइजर्स लीड्स ने बृहस्पतिवार को 'द हंड्रेड' खिलाडियों की नीलामी के दौरान पाकिस्तान के स्पिनर अबरार से करार किया जिससे वह टूर्नामेंट में किसी भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी द्वारा चुने जाने वाले पहले पाकिस्तानी क्रिकेटर बन गए। शुक्ला ने पीटीआई से कहा यह हमारे लिए चिंता का विषय नहीं है। यह आईपीएल नहीं है। 'द हंड्रेड' या दूसरी विदेशी लीग में क्या होता है, हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है। ट्रेंट रॉकेट्स के साथ बोली लगाने की होड़ के बाद सनराइजर्स ने अहमद की सेवाएं लेने के लिए लगभग 2.34 करोड़ रुपये दिए। यह टूर्नामेंट 21 जुलाई से 16 अगस्त तक चलेगा। अबरार को खरीदने के बाद सनराइजर्स लीड्स को आलोचना का सामना करना पड़ा और टीम का 'एक्स' अकाउंट कुछ देर के लिए निलंबित कर दिया गया।

# सबालेंका सेमीफाइनल में, स्वियाटेक बाहर



कैलिफोर्निया, एजेंसी

**इंडियन वेल्स**

एरिना सबालेंका ने कनाडाई किशोरी विक्टोरिया मबोको को हराकर इंडियन वेल्स का अपना पहला खिताब जीतने की दौड़ जारी रखी, जबकि दो बार की विजेता इगा स्वियाटेक टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

मबोको ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका को शुरुआती सेट में कड़ी टक्कर दी, लेकिन बेलारूस की इस खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक में अपना दबदबा बनाया। इसके बाद, दूसरे सेट के पांचवें गेम में उन्होंने 19 वर्षीय मबोको की सर्विस तोड़ते हुए 7-6 (7-0), 6-4 से जीत हासिल की। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, इंडियन वेल्स में दो बार उपविजेता रह चुकीं सबालेंका ने अपनी प्रतिद्वंद्वी की हिम्मत की तारीफ़ की और कहा कि उन्हें कोई शक नहीं है कि मबोको भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगी। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका का सामना प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीए 1,000 इवेंट के सेमीफाइनल में 14वीं सीड लिंडा नोस्कोवा से होगा। चेक खिलाड़ी नोस्कोवा ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफ़ायर तालिया गिब्सन का सफ़र 6-2, 4-6, 6-2 से हराकर खत्म कर दिया।


2022 और 2024 में इंडियन वेल्स की चैंपियन रहीं स्वियाटेक को यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने तीन सेटों में हरा दिया। अब स्वितोलिना का सामना फ़ाइनल में जगह बनाने के लिए ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलेना रायबाकिना से होगा। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियाटेक, जो अगले हफ़्ते रैंकिंग में रायबाकिना से नीचे खिसक जाएंगी, 6-2, 4-6, 6-4 से हार गईं।

# रंकीरेड्डी और चिराग की जोड़ी स्विस ओपन से हटी

बासेल, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे में दर्द के कारण उनकी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय पुरुष जोड़ी ने शुक्रवार को स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अंतिम आठ युगल मुकाबलों में रंकीरेड्डी और शेट्टी का मुकाबला डेनमार्क के क्रिश्चियन फॉस्ट कजेर और रासमस कजेर से होना था। बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश से सुर्खियां बटोरने वाले अमलापुरम के 25 वर्षीय रंकीरेड्डी अपने दाहिने कंधे की समस्या से जूझते रहे हैं। रंकीरेड्डी ने 2023 में बैडमिंटन में सबसे तेज स्मैश का गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जिसकी गति 565 किलोमीटर प्रति घंटा थी। कोच टैन किम हर ने बताया, यह पुरानी चोट है। उम्मीद है कि वह जल्दी ठीक हो जाएंगे।

### रेसिंग कार बनी धक्का मार



चीन के शंघाई इंटरनेशनल सर्किट में चीनी फॉर्मूला वन ग्रां. प्री. से पहले अभ्यास सत्र के दौरान ब्रिटेन के रेसिंग बुल्स ड्राइवर अरविद लिंडब्लैड की रेसिंग कार बिगड़ गई, उसे गैराज में वापस ढकेला गया। ● एजेंसी

# पांच भारतीय मुक्केबाजों ने पक्के किए पदक

बैंकॉक, एजेंसी

भारत के पांच मुक्केबाजों ने शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में शानदार जीत के बाद विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में पोडियम में जगह पक्की कर ली। गुंजन (48 किग्रा), जॉयश्री देवी (54 किग्रा), अंबेकर मीतेई (50 किग्रा), चंद्रिका पुजारी (51 किग्रा) और राधामणि लोंगजाम (57 किग्रा) की जीत से भारत की पदक की उम्मीदें और मजबूत हुईं। ये सभी सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे देश के लिए टूर्नामेंट में पांच पदक पक्के हो गए।

सुबह के सत्र में गुंजन ने अजरबेजान की गुलर हुसेनोवा पर 5-0 से जीत हासिल की जबकि जॉयश्री देवी ने जापान की यूरा कनेमारू को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। अंबेकर मीतेई ने पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग में जापान के अकीरा उएकुबो पर 4-1 से जीत दर्ज की।

### लावण्या ने हीरो विमेंस प्रो टूर का खिताब जीता

**गुरुग्राम।** एमेच्योर गोल्फर लावण्या गुप्ता ने शुक्रवार को यहां डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण के आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

लावण्या ने चौथे दौर में दो ओवर 74 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक ओवर 217 का रहा। उन्होंने इस स्कोर की बदौलत दुर्गा नित्तूर (75-70-77) और जैस्मीन शेखर (70-74-78) को पांच शॉट से हराकर प्रतियोगिता जीत ली।

# ईरान फुटबॉल टीम बोली- विश्व कप में भाग लेने से कोई नहीं रोक सकता

जेनेवा, एजेंसी

- अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर किया पलटवार
- ट्रंप ने बोले थे- ईरानी खिलाड़ियों की सुरक्षा नहीं कर सकता सह-मेजबान अमेरिका



ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा है कि उसे पुरुषों के फीफा विश्व कप से कोई भी बाहर नहीं कर सकता।

टीम ने बृहस्पतिवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में तंज करते हुए यह भी कहा कि अगर सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती, तो शायद अमेरिका की टीम को ही टूर्नामेंट से बाहर कर देना चाहिए। यह प्रतिक्रिया ट्रंप की उस टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि सह-मेजबान अमेरिका ईरान के खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मौजूदा युद्ध के बावजूद ईरान की टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी जान और सुरक्षा के लिहाज से उनका वहां होना उचित है।

ईरान को ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले अमेरिका में खेलने हैं। फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इस युद्ध के कारण ईरान की विश्व कप में भागीदारी पर सवाल उठने लगे हैं।

देश के खेल मंत्री अहमद दोन्यामाली ने इस सप्ताह सरकारी टीवी से कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में खेलना संभव नहीं लग रहा। इंस्टाग्राम पर ईरान की टीम की प्रतिक्रिया से स्पष्ट हुआ कि वे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक है। पोस्ट में इस बात पर भी जोर दिया गया कि टूर्नामेंट का संचालन फीफा करता है, न कि ट्रंप या अमेरिका।

पोस्ट में कहा गया विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है और इसका संचालन किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि फीफा के द्वारा होता है। निश्चित रूप से कोई भी ईरान की राष्ट्रीय टीम को विश्व कप से बाहर नहीं कर सकता। बाहर वही देश हो सकता है जो केवल मेजबान का दर्जा रखता हो लेकिन इस वैश्विक आयोजन में भाग लेने वाली टीमों को सुरक्षा देने की क्षमता नहीं रखता हो।

टूर्नामेंट कार्यक्रम के अनुसार ईरान को 15 जून को कैलिफोर्निया में न्यूजीलैंड के खिलाफ और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलना है।

**प्रेरणा** | पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट ने बताया सफलता का राज

# मैं सिर्फ टाइमिंग पर ध्यान देती हूं, पदक पर नहीं : प्रीति पाल

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रीति पाल, जो पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं, ने अपनी सफलता का राज बताया है। उनका कहना है कि वह सिर्फ अपनी टाइमिंग बेहतर करने पर ध्यान देती हैं और मेडल जीतने के बारे में सोचकर खुद पर दबाव नहीं डालतीं। प्रीति ने 2024 पेरिस पैरालंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। एक महिलाओं की 100मी रेस में और दूसरा 200मी टी35 रेस इवेंट में।

बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं की 100मी टी35/टी37 रेस में गोल्ड मेडल जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए प्रीति ने कहा यह वह मुकाबला है जहां हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता है। यहां बात मेडल की नहीं, बल्कि टाइमिंग की होती है। यहां मुकाबला करने आए सभी एथलीटों ने अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश की है। मुझे तो यह भी लगता है कि मैं ठीक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाई जैसा मैं ट्रेनिंग के दौरान कर रही थी। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेला जा रहा है, जिसमें आठ देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। प्रीति ने रेस में गोल्ड मेडल जीतने के लिए 14.46 सेकंड का समय लिया। रूस की मार्गरीटा माताएवा 16.25 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि करीना माचुलस्काया ने 17.38 सेकंड के समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

एक पैरा एथलीट के तौर पर उन्हें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उन पर बात करते हुए इस स्प्रिंटर ने कहा कि चोटें एथलीटों के लिए सबसे बड़ी रुकावटों में से एक बनी रहती हैं, खासकर तेज रफ्तार वाले स्पीड सेशंस के दौरान। कई दिक्कतें आई हैं, खासकर चोटें। चोटें तो हर एथलीट को लगती हैं। जब हम स्पीड सेशंस शुरू करते हैं, तो चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। रिकवरी बहुत जरूरी हो जाती है। हमारे कोच हमें आइस बाथ (बर्फ़ के पानी में नहाना) दिलवाकर रिकवरी में मदद करते हैं, जिससे बहुत फ़ायदा होता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चोट-मुक्त रहने से एथलीट ट्रेनिंग, खान-पान और आराम पर बेहतर तरीके से ध्यान दे पाते हैं।

मुकाबले की अपनी तैयारियों के बारे में प्रीति ने बताया कि पिछले एक महीने से ट्रेनिंग के दौरान वह अपनी अब तक की सबसे अच्छी टाइमिंग हासिल कर रही थीं। 25 साल की इस एथलीट ने खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए नेशनल ट्रेनिंग ग्रुप को श्रेय दिया।

### हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही

यूपी की रहने वाली प्रीति ने कहा हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही है। नेशनल टीम में हम एक ग्रुप के तौर पर ट्रेनिंग करते हैं और एक-दूसरे से सीखते हैं। हमारे साथ सिमरन शर्मा जैसी एथलीट हैं, जो अर्जुन अवॉर्ड विजेता और पैरालंपिक मेडलिस्ट हैं, और चिराग बरेठा हैं, जो पहले दुनिया में नंबर एक रैंक पर थे। साथ में प्रैक्टिस करने से हम सभी को बेहतर बनने में मदद मिलती है। आगे की ओर देखते हुए, इस पैरा स्प्रिंटर ने कहा कि वह आने वाले इवेंट में और भी दमदार प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 200मी का इवेंट तीसरे दिन है, और मैं उसमें अच्छा करने की पूरी कोशिश करूंगी। मैं कोई बहाना नहीं बनाना चाहती, मैं बस अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाना चाहती हूं।